CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 25°C

मुरादाबाद, शुक्रवार 12 सितम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 28 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 19 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



भारत आतंक के वैश्विक अभिशाप को मिटाने के लिए प्रतिबद्ध: योगी
पेज 2



बतौर ऑलराउंडर हमेशा गेंदबाजी के लिए तैयार रहता हूं: शिवम दुबे
खेल टाइम्स




चुनौतियों से संघर्ष कर निखरती हिन्दी
सम्पादकीय



इजरायल का 72 घंटों में छह मुस्लिम देशों पर हमला
पेज 12

## रूसी सेना में भारतीयों की भर्ती रोकें: भारत

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने अपने नागरिकों को रूसी सेना में भर्ती होने के किसी भी प्रस्ताव से दूर रहने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पहले भी कई बार चेतावनी जारी की गई है। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि कई भारतीयों को नौकरी के झांसे में फंसाकर सेना में भर्ती किया गया। उन्हें सहायक भूमिकाओं का वादा किया जाता है और असल में उन्हें युद्ध क्षेत्र में भेज दिया जाता है। विदेश मंत्रालय ने दिल्ली और मास्को में रूसी अधिकारियों से इस मुद्दे को उठाया है और मांग की है कि इसे रोका जाए और फंसे हुए भारतीयों को रिहा किया जाए। फतेहाबाद के युवकों ने अपने परिवार को वीडियो भेजे जो खुद यूक्रेन में फंसे हुए हैं। युवकों ने वीडियो में कहा कि हमारे पास 2-3 दिन ही बचे हैं। फिर हमें युद्ध में धकेल दिया जाएगा। यहां से जो भी जा रहा है, वह वापस नहीं आ रहा। पहले 13-14 साथी गए थे, वे सभी मारे गए। फतेहाबाद के अंकित जांगड़ा व विजय पूनिया ने वीडियो में बताया कि वे महिला के दिए नौकरी के लालच में रूसी सेना में आकर यूक्रेन में फंस गए हैं।

## गरियाबंद में मुठभेड़ एक करोड़ के इनामी समेत 10 नक्सली ढेर!

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दस नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। हालांकि यह आधिकारिक तौर पर पुष्ट नहीं है। चर्चा है कि एक करोड़ के इनामी नक्सली मोडेम बालकृष्ण के भी मारे जाने की खबर है। यहां के मैनपुर के जंगलों में मुठभेड़ चल रही है। एसपी निखिल राखेचा ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। दूसरी ओर प्रदेश के दंतेवाड़ा जिले के थाना मालेवाही क्षेत्र में गुरुवार की सुबह नक्सलियों ने जवानों की एक बटालियन को टारगेट करते हुए आईईडी ब्लास्ट किया। इस घटना में दो जवान घायल हो गए।

# अंतरिम पीएम को लेकर प्रदर्शनकारियों में झड़पें जारी

### एक गुट ने कहा- सुशीला कार्की भारत समर्थक, हमें मंजूर नहीं, बालेन का किया समर्थन

**काठमांडू।** नेपाल में अंतरिम पीएम के नाम को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है। गुरुवार को इसे लेकर जेन-जी दो ग्रुप में बंट गया। इसके बाद सेना मुख्यालय के बाहर दोनों गुटों में हाथापाई हो गई। इसमें

**सुलगता नेपाल**

कई युवक घायल हो गए। प्रदर्शनकारियों के एक गुट ने अंतरिम पीएम के लिए सुशीला कार्की के नाम को खारिज कर दिया है।

गुट का आरोप है कि सुशीला कार्की भारत समर्थक हैं और उन्हें यह स्वीकार नहीं हैं। गुट मांग कर रहा है कि काठमांडू मेयर बालेन शाह पीएम बनें। अगर बालेन नहीं बनते हैं, तो धरान मेयर हरका सम्पांग उनके पीएम उम्मीदवार होंगे। पीएम के नाम को लेकर सेना मुख्यालय में 2 दिन से प्रदर्शनकारी गुटों के साथ बातचीत चल रही है। एक गुट बातचीत को सेना मुख्यालय की जगह राष्ट्रपति भवन में करने की मांग कर रहा है। नेपाल के काठमांडू में तख्तापलट के दो दिन बाद गुरुवार को जेन-जी नेता सामने आए। अनिल बनिया और दिवाकर दंगल -शेष पृष्ठ दो पर



**एहतियातन राजधानी व सटे इलाकों में तीसरे दिन भी कर्फ्यू जारी रहा**

**अब तक 34 लोगों की मौत, 1300 से ज्यादा घायल हुए**

## नेपाल में यूपी की महिला की मौत

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के नंदग्राम थाना क्षेत्र की मास्टर कॉलोनी में रहने वाले रामवीर सिंह गोला (58) अपनी पत्नी राजेश गोला (55) के साथ काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन करने के लिए सात सितम्बर को गए थे। भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन के बाद दंपति काठमांडू स्थित हयात रेजिडेंसी की चौथी मंजिल के कमरे में ठहरे। रात करीब साढ़े 11 बजे उपद्रवियों ने होटल में आग लगा दी। होटल आग से घिरा तो दंपति ने चौथी मंजिल से -शेष पृष्ठ दो पर

# मोदी ने आपदाग्रस्त उत्तराखंड के लिए की 1200 करोड़ की घोषणा

### मौसम खराबी के कारण आपदा प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण नहीं कर सके पीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड में बाढ़ और अत्यधिक बारिश से आई आपदा प्रभावित क्षेत्रों के राहत एवं पुनर्निर्माण कार्यों के लिए 1200 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की है।

गुरुवार को देहरादून पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने प्राकृतिक आपदा में मृतकों के परिवारों के लिए 2 लाख रुपये और घायलों के लिए 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि की भी घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने शाम करीब 4 बजे जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचकर आपदा के हालात पर मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के साथ बैठक करके राज्य के हालात का जायजा लिया। हालांकि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी को देहरादून पहुंचकर एमआई-17 हेलीकॉप्टर से आपदा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करना था, लेकिन मौसम की खराबी के कारण हवाई सर्वेक्षण नहीं हो पाया। उन्होंने राज्यपाल -शेष पृष्ठ दो पर



■ मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख एवं घायलों को 50-50 हजार रुपये मिलेंगे

## प्रभावित परिवारों व आपदा वीरों से मिले पीएम

प्रधानमंत्री ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। इसमें करीब 22 आपदा प्रभावित और 57 आपदा वीर मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने हाल ही में आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण अनाथ हुए बच्चों के लिए पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत व्यापक सहायता की भी घोषणा की। पीएम ने इस अवसर पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और आपदा मित्र स्वयंसेवकों से भी मिले और उनके प्रयासों की सराहना की। केंद्र सरकार ने प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की बहाली और पुनर्निर्माण के लिए पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया है। पीएम मोदी आपदा प्रभावितों और जवानों से मिले और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इसके बाद शाम करीब 7 बजे सेना के विशेष विमान से दिल्ली रवाना हो गए।

# राहुल के सुरक्षा प्रोटोकॉल मनमानी से CRPF चिंतित

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर सुरक्षा प्रोटोकॉल तोड़ने का आरोप लगाया है।

सीआरपीएफ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखकर कहा है कि राहुल गांधी पिछले 9 महीने में बिना सूचना दिए 6 बार विदेश गए। इस दौरान वे इटली, वियतनाम, दुबई, कतर, लंदन और मलेशिया की यात्रा कर चुके हैं। सीआरपीएफ ने राहुल गांधी को भी अलग से पत्र भेजा है। इसमें लिखा गया है कि इस तरह की चूक से उनकी जैड प्लस कैटेगरी सुरक्षा कमजोर पड़ सकती है और उन्हें खतरे का सामना करना पड़ सकता है। एजेंसी ने कहा कि इससे पहले भी वह इस मुद्दे को उठा चुकी है।



■ नौ महीने में छह बार विदेश गए राहुल

## वोट चोरी के विस्फोटक सबूत देंगे: राहुल

**रायबरेली।** रायबरेली में गुरुवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा- हम गारंटी करके वोट चोरी के सबूत देने वाले हैं। हम और डायनॉमिक एक्सप्लोसिव (विस्फोटक) सबूत देंगे। भाजपा के लोग इरिटेट हो रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि इरिटेट मत होइए। क्योंकि, हाइड्रोजन बम आएगा तो सब साफ हो जाएगा। पूरे देश में वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा चल रहा है। यह आग जैसा फैल रहा है। ये सच्चाई है। वोट चोरी करके सरकारें बन रही हैं।

## पुलिस जाति-धर्म से ऊपर उठकर काम करे:SC

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को महाराष्ट्र के 2023 अकोला दंगों की जांच पर कहा कि पुलिस वर्दी पहनने के बाद अफसरों को जाति और धर्म से ऊपर उठकर सिर्फ कानून के अनुसार काम करना चाहिए। अदालत ने राज्य सरकार को आदेश दिया कि दंगों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) बनाया जाए, जिसमें हिंदू और मुस्लिम समुदाय के सीनियर ऑफिसर शामिल हों। जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच 17 साल के मोहम्मद शरीफ की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। शरीफ ने याचिका में कहा कि दंगों के दौरान मुझ पर हमला हुआ, लेकिन महाराष्ट्र पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की और न ही जांच की।

## राज्यपाल पर डेडलाइन लागू करना गलत:केंद्र

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को राष्ट्रपति और राज्यपाल की मंजूरी की डेडलाइन तय करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई पूरी कर ली। कोर्ट ने 10 दिन तक चली दलीलों के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। सुनवाई के आखिरी दिन सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि कोर्ट को यह साफ करना चाहिए कि 8 अप्रैल को 2 जजों की बेंच का राष्ट्रपति और राज्यपाल की मंजूरी की डेडलाइन तय करने का फैसला सही नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर उस फैसले को ही सही माना गया, तो भविष्य में बड़ी संख्या में याचिकाएं अदालत में दाखिल होंगी और न्यायपालिका पर बोझ बढ़ेगा। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अरविंद दातार ने केंद्र के इस तर्क का विरोध किया।

# गडकरी के पास 31 साल पुरानी एम्बेसडर कार

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्रीय मंत्रियों ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपनी संपत्तियों का ब्योरा दिया है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएम) की वेबसाइट पर जारी जानकारी के मुताबिक मंत्रियों के पास क्रिप्टोकरेंसी, सोने-चांदी के जेवर, म्यूचुअल फंड और हथियार जैसी चीजें भी संपत्ति में शामिल हैं।

परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने 31 साल पुरानी एम्बेसडर कार समेत तीन गाड़ियां और 37 लाख रुपये से ज्यादा की सोने की ज्वेलरी घोषित की है। उनकी पत्नी कंचन नितिन गडकरी के पास 28 लाख रुपये से ज्यादा की सोने की ज्वेलरी है। कौशल विकास राज्य मंत्री और राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने 31 मार्च 2025 तक 21.31 लाख रुपये की क्रिप्टो इन्वेस्टमेंट घोषित की है। उनकी पत्नी चारू सिंह के पास 22.41 लाख रुपये की डिजिटल एसेट्स हैं। जयंत चौधरी ऐसे इकलौते मंत्री हैं जिन्होंने क्रिप्टोकरेंसी को अपनी संपत्ति में शामिल किया है। भारत में क्रिप्टोकरेंसी को लेकर अभी स्पष्ट नियम नहीं हैं। रिजर्व बैंक कई बार वर्चुअल करेंसी के जोखिमों को लेकर चेतावनी दे चुका है। एम्बेसडर कार भारत की ऑटोमोबाइल इतिहास की एक आइकॉनिक गाड़ी है, जिसे भारतीय सड़कों का राजा कहा जाता था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 27 लाख की ज्वेलरी, 19 लाख के म्यूचुअल फंड बताए हैं। राव इंदरजीत सिंह ने 1.2 करोड़ से ज्यादा की 1,679 ग्राम सोने की ज्वेलरी, 10 किलो चांदी-हीरे की ज्वेलरी घोषित की। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार ने 37 साल पुराना स्कूटर और एक रिवॉल्वर अपनी संपत्ति में बताया है। रेल और फूड प्रोसेसिंग राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने 1997 माडल की मारुति कार घोषित की है।



■ केंद्रीय मंत्रियों ने संपत्तियों का ब्योरा दिया
■ जयंत चौधरी ने 21 लाख क्रिप्टो करेंसी में इन्वेस्ट किए

S.D. GROUP OF COLLEGES
(Under the Aegis of SANATAN DHARM COLLEGE ASSOCIATION)
[Affiliated to Dr. APJ Abdul Kalam Tech. Univ. Lucknow (Formerly UPTU) & CCS University, Meerut, Maa Shakumbhari University, Saharanpur & Approved by AICTE, PCI, BCI, MHRD, New Delhi ]
Last Chance for Registration for Session 2025-26
S.D. COLLEGE OF MANAGEMENT STUDIES
MBA MCA BFA B.Sc(Comp. Sc.) BBA BCA D.El.Ed. (BTC)
8937095004/06/07/08/14
S.D. COLLEGE OF COMMERCE
M.COM M.Sc(Food & Nutrition) B.Sc(Micro. Bio) B.COM B.Sc(Home Sc.) B.A. B.Sc(PCMBZ)
8937095005/ 13
S.D. COLLEGE OF PHARMACY & VOCATIONAL STUDIES
*NBA ACCREDITED*
M.PHARM B.PHARM D.PHARM
8937095011/ 27
S.D. COLLEGE OF LAW
B.A.; LL.B. B.COM.; LL.B. LL.B.
9837556545 / 9897259855 / 9927275998
Last Chance for Registration in Maa Shakumbhari University Courses
BBA, BCA, BFA, B.Sc(CS), B.COM, B.A. B.Sc(Maths/ Bio), B.Sc(H.Sc.), B.Sc (Micro Bio.)
Last Date: 12.09.2025
Our Partners
BAJAJ FINSERV ICWAI NIELIT
NCC / Rover Ranger / Unnat Bharat Abhiyan
आपके अपने शहर मुजफ्फरनगर का पहला रेडियो स्टेशन
RADIO SD 90.8 FM
Campus: Bhopa Road, Muzaffarnagar
Mob.- 8937095012

# ई-रिक्शा से टकराकर बाइक सवार की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शुगर मिल रेलवे क्रॉसिंग के पास सड़क हादसे में युवक की जान चली गई।

नगला नैनसी निवासी अनुज शर्मा (23 वर्ष) पुत्र रविदत्त शर्मा बाइक से धामपुर आ रहे थे। तभी सामने से आ रहे ई-रिक्शा से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अनुज गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। मौके पर मौजूद लोगों ने आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मां-बाप और बहनों के आंसू थम नहीं रहे थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि शुगर मिल रेलवे क्रॉसिंग पर आए दिन हादसे हो रहे हैं। लेकिन ट्रैफिक नियंत्रण के लिए न तो पुलिस तैनात की जाती है और न ही सड़क चौड़ीकरण की कोई योजना आगे बढ़ाई गई है। लोगों ने प्रशासन से क्रॉसिंग पर सुरक्षा इंतजाम कराने की मांग की है। समाजसेवी जावेद अहमद ने बताया कि अनुज शर्मा परिवार में तीन बहनों का इकलौता भाई था। अनुज की मृत्यु की सूचना से परिजनों में कोहराम मचा है।

# पिंडदान स्थल को लेकर दो पक्ष आमने-सामने

## तहसीलदार और पुलिस के हस्तक्षेप के बाद समझौता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर में कब्रिस्तान के सामने पिंडदान स्थल बनाए जाने को लेकर दो पक्षों में विवाद खड़ा हो गया।

ग्राम महमूदपुर के केशव त्यागी पुत्र स्व. आदेश त्यागी, आशुतोष त्यागी पुत्र विपिन त्यागी, मनोज त्यागी पुत्र गिरिराज सिंह सहित अन्य त्यागी बन्धु अपने परिजनों के साथ महमूदपुर जाने वाले मुख्य मार्ग के पूर्वी दिशा में प्रवेश त्यागी के खेत के पास कब्रिस्तान के सामने पिंडदान स्थल का निर्माण कर रहे थे। इस पर ग्राम प्रधान इशतकार हुसैन पुत्र स्व. इकबाल अहमद, डॉ. मुबारक अली पुत्र इल्यास अली, जहीर अहमद पुत्र अनीस तथा अन्य लोगों ने आपत्ति जताते हुए कहा कि पिंडदान स्थल को थोड़ा आगे या पीछे बनाया जाए उनका तर्क था कि अक्सर अंतिम संस्कार और जनाजे एक ही समय पर हो सकते हैं। जिससे दोनों पक्षों में टकराव या विवाद की स्थिति पैदा हो सकती है और गांव का माहौल खराब हो सकता है। पिंडदान स्थल बनाने वाला पक्ष उसी स्थान पर निर्माण की जिद पर अड़ा रहा। मामले की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और कुछ लोगों को थाने ले गई। इसके बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार और तहसीलदार भी मौके पर पहुंचे। इसी दौरान आजाद समाज पार्टी के नेता विवेक सेन भी पहुंच गए। पुलिस और प्रशासन ने दोनों पक्षों से बातचीत की। लंबी चर्चा के बाद यह सहमति बनी कि पिंडदान इस स्थान पर बनेगा, जहां निर्माण कार्य करने की तैयारी चल रही थी। थाने में दोनों पक्षों ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया कि पिंडदान का निर्माण कार्य किया जाएगा और भविष्य में इस मुद्दे पर कोई विवाद स्वीकार नहीं किया जाएगा। हालांकि ग्राम प्रधान व अन्य लोगों ने इसे जबरदस्ती कराया गया फैसला बताते हुए असहमति भी जताई।

बताया जा रहा है कि गांव के बाहर पहले से ही एक पिंडदान स्थन मौजूद है और यह दूसरा पिंडदान स्थल बनाया जा रहा था। इस मौके पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आजाद समाज पार्टी के नेता विवेक सेन, शादाब उर्फ पप्पू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर

### गन्ना समिति में सामान्य निकाय की बैठक



**चांदपुर।** गन्ना समिति की सामान्य निकाय की बैठक में पहुंचे धामपुर, चांदपुर, धनौरा, स्योहारा, चांगीपुर आदि मिलों के अधिकारियों ने किसानों के समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं को अपने उच्च अधिकारियों के समक्ष भेज कर शीघ्र ही समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस बैठक में किसानों ने गन्ना केंद्रों का मुद्दा उठाते हुए कई मिलों के गन्ना केंद्रों को विभिन्न स्थानों पर स्थापित किए जाने की मांग की। जिस पर काफी देर तक काफी हंगामा हुआ। लेकिन गन्ना समिति व गन्ना परिषद से सीनियर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक ने अपने मृदुल वाणी से आक्रोषित किसानों को शांत करते हुए उनकी समस्याओं के शीघ्र ही समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर समिति सचिव जितेंद्र कुमार ने किसानों की समस्याओं को सुना और समय रहते समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर संचालक दल की ओर से सभापति राहुल कुमार एवं उपसभापति अनुज कुमार गिरेंद्र सिंह, महेश कुमार, रितु, अनुपम कुमार, चतर सिंह, सुखबीर सिंह, सुधा देवी, किरनपाल सिंह, अभिषेक कुमार एवं समस्त चीनी मिल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### आसपा की सदस्यता ग्रहण की



**चांदपुर।** ग्राम रतनगढ़ में आयोजित आसपा की बैठक में मुख्य अतिथि जिला प्रभारी एवं विधानसभा प्रभारी चांदपुर मौहम्मद ताहिर ने कहा कि हमारे नेता सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद सर्वसमाज के नेता है और वह सर्वसमाज को जोड़ने का काम करते हैं। उन्होंने सभा में उपस्थित लोगों से आसपा से जुड़ने का आह्वान कया। इस सभा की अध्यक्षता राजवीर सिंह ने की तथा संचालन जिला सचिव कृष्ण कुमार ने किया। इस मौके पर सांसद एडवोकेट चन्द्रशेखर आजाद के संघर्षों और नीतियों को बताते हुए आने वाले जिला पंचायत चुनावों की तैयारी के लिए सेक्टर कमेटी व बूथ कमेटी बनाते हुए दर्जनों लोगों को सदस्यता ग्रहण करायी गई। सभा को नरेंद्र कुमार विधानसभा उपाध्यक्ष, डिम्पल विधानसभा महासचिव, डॉ. धर्म सिंह पाल, डॉ.पंकज, डॉ. शहजाद, शाहिद, महेन्द्र सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। सभा में मोहसिन अहमद का सराहनीय सहयोग रहा। सभा में पहुंचने पर जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर व उनकी टीम का कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने मोहसिन अहमद के नेतृत्व में फूलों की मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

### किसानों का धरना समाप्त



**नजीबाबाद।** रायपुर रोड स्थित विद्युत कार्यालय पर गुरुवार को भाकियू प्रधान की अगुवाई में स्मार्ट मीटरों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। धरने की अध्यक्षता रामोद कुमार ने की। जबकि संचालन नरेंद्र सिंह ने किया। किसानों ने साफ चेतावनी दी कि किसी भी हालत में स्मार्ट मीटर बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उनका कहना है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं पर भारी-भरकम बिजली बिलों का बोझ डाला जा रहा है। धरना स्थल पर पहुंचे एसडीओ गौरव पाल को किसानों ने बंधक बनाकर अपने पास बैठा लिया और मौके पर अधिशासी अभियंता को बुलाने की मांग की। प्रदर्शन में मंडल प्रभारी दलबीर चौधरी, तहसील अध्यक्ष नीरज चौधरी, महबूब अली चौधरी, भूदेव सिंह, शकील अहमद, मौहम्मद रहीसुद्दीन, शमशाद हुसैन गुर्जर, नगर अध्यक्ष मौहम्मद फैसल, मौहम्मद आमिल, अजीत प्रताप, मौहम्मद फहीम, रईस अहमद, श्रीमती भारती, मौहम्मद शहजाद, मेहताब, राजू सिद्दीकी, गुल मौहम्मद, बेगराज, श्रीमती रजिया सुल्तान, अफसरी, समीना, नसरीन, नूरजहां, शमीम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।भाकियू महात्मा टिकैत से जितेंद्र हुड्डा, शहजाद मलिक, जैकी मलिक, विपिन ठाकुर, सुनील चौधरी भी धरना स्थल पहुंचे। देर शाम अधिशासी अभियंता धरना स्थल पर पहुंचे और किसानों से वार्ता हुई। वार्ता में यह सहमति बनी कि 10 दिन तक शहर या गांव में कोई भी स्मार्ट मीटर नहीं लगाया जाएगा। इसके अलावा पुराने मीटर और नए स्मार्ट मीटर को एक साथ लगाकर दो उपभोक्ताओं के बिलों की जांच की जाएगी। इन शर्तों पर किसानों ने फिलहाल अपना धरना समाप्त कर दिया।

# नगीना एसडीएम पर गंभीर आरोप

## लेखपालों ने खोला मोर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** एसडीएम के खिलाफ लेखपाल संघ ने मोर्चा खोल दिया है। लेखपालों ने एसडीएम पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। इस संबंध में उन्होंने एक ज्ञापन नायब तहसीलदार को दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार एसडीएम व लेखपाल संघ के सदस्यों के बीच तालमेल नहीं बैठ पा रहा है। लेखपालों ने एसडीएम पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। आज लेखपाल संघ के सदस्य एकत्र हुए और उन्होंने तहसीलदार की अनुपस्थिति में एक ज्ञापन जिलाधिकारी के नाम नायब तहस.ीलदार अजब सिंह राणा को दिया। लेखपालों का कहना है कि एसडीएम मनमाने ढंग से काम कर रहे हैं। उन्होंने मनमाने तरीके से लेखपालों के कार्यों में बदलाव करना शुरू कर दिया है। एसडीएम पर मनमाने तरीके से कार्य कराने का भी आरोप है। लेखपालों के अनुसार बिना किसी उचित कारण के उनके कार्य बदले जा रहे हैं। इससे न केवल लेखपालों के काम में बाधा आ रही है, बल्कि आम जनता को भी परेशानी हो रही है। लेखपाल संघ के अध्यक्ष सत्यवीर सिंह ने जब इन तबादलों पर चर्चा करने एसडीएम से संपर्क किया, तो उन्होंने दो टूक जवाब दे दिया। इस घटना के बाद लेखपालों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सत्यवीर सिंह ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती और मनमाने फैसले वापस नहीं लिए जाते, तब तक विरोध जारी रहेगा।

उधर एसडीएम ने कहा कि नगीना तहसील जिले की कई तहस.ीलों से पिछड़ी हुई है। मेरा उद्देश्य केवल कमियों को पूरा कर तहसील को पहले स्थान पर लाना है। यदि किसी कर्मचारी को मेरे किसी फैसले से आपत्ति है, तो वह कार्यालय में आकर संपर्क कर सकता है।

# धामपुर ब्लॉक में आवारा पशुओं की खोजबीन अभियान तेज

## पशुओं को गौशाला भेजने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आवारा पशुओं से हो रही परेशानियों और हाल ही में धामपुर की फूलबाग कॉलोनी में बुजुर्ग महिला पर सांड के हमले की घटना के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया है। आज विकास खण्ड के अल्हैपुर ग्राम पंचायत में आवारा पशुओं की तलाश अभियान चलाया गया।

ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई, जिसकी निगरानी खंड विकास अधिकारी त्रिलोकचंद और एडीओ पंचायत अनिल कुमार ने की। अभियान के दौरान पंचायत सचिव अंकुश कुमार और ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार भी मौजूद रहे। ग्रामवासियों से जानकारी लेकर पशुओं की तलाश की गई।

ब्लॉक प्रमुख ने बताया कि विकास खण्ड की सभी ग्राम पंचायतों में यह अभियान चलाया जा रहा है। आवारा पशुओं को चिन्हित कर उन्हें पकड़कर निकटस्थ गौशाला में भिजवाया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को राहत देना और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना है।

## एक नजर

### लड्डू गोपाल का जन्मोत्सव मनाया



**बरूकी।** ग्राम इस्लामपुर बेगा उर्फ बेगावाला निवासी रणजीत भुईयार की पत्नी शर्मा देवी एक वर्ष पूर्व लड्डू गोपाल लेकर आई थी। वह पिछले एक वर्ष से लड्डू गोपाल का पालन पोषण पुत्र की भांति कर रही है। वर्ष पूर्ण होने पर जन्म उत्सव का आयोजन किया गया। उत्सव में ग्रामीणों ने लड्डू गोपाल का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर केक काटा गया। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में अमित भुईयार, शशी देवी, रीना, कुंजन, संदीप भुईयार, मुकुल भुईयार, रणजीत भुईयार, प्रेम भुईयार आदि मौजूद रहे।

### आधार कार्ड अपडेट कराने में परेशानी

**किरतपुर।** नगर के डाकघर में आधार कार्ड बनवाने और अपडेट कराने के लिए लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह से ही दर्जनों लोग आधार सम्बन्धी कार्यों के लिए डाकघर पहुँचते हैं। लेकिन यहां टोकन सिस्टम में मनमानी के चलते लोगों को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि डाकघर में टोकन तो बांटे जाते हैं, लेकिन किसी तरह की पारदर्शिता नहीं है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजन को भी कोई प्राथमिकता नहीं दी जा रही। उन्हें भी अन्य लोगों के साथ घंटों लाइन में इंतजार करना पड़ता है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण की गाइडलाइन के अनुसार देशभर के आधार नामांकन एवं अपडेट केन्द्रों पर सीनियर सिटीजन, दिव्यांगजन, गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों के साथ आए अभिभावकों को प्राथमिकता देने का प्रावधान है। लेकिन किरतपुर डाकघर में इस आदेश की खुलेआम अनदेखी की जा रही है।

# पालिका में प्रशिक्षण शिविर



**नजीबाबाद।** आईटीसी मिशन सुनहरा कल एवं नगर विकास विभाग उ.प्र. के संयुक्त तत्वावधान में नगर पालिका अध्यक्ष इंजिनियर मुअज्जम व अधिशासी अधिकारी श्रीमती मुक्ता सिंह के नेतृत्व में सामुदायिक नेतृत्व में विकेन्द्रीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु नगर निकाय स्तर पर मास्टर ट्रेनर्स के क्षमता संवर्धन हेतु पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर चल रहा है। शिविर में एसएफआई आदेश सैनी, प्रधान लिपिक बाबू अफजल, अवर अभियंता (जल) कृष्ण वर्मा, कर अधीक्षक योगेंद्र, राजस्व निरिक्षक विपिन कुमार चौहान, स्वच्छ भारत मिशन लिपिक आकाश, सफाई नायक अरविंद, अरुण आदि मौजूद थे। आईटीसी मिशन सुनहरा कल के कुशल प्रशिक्षक तबरेज व रजनीश लाम्बा के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

# फार्मेसी के छात्रों का जिला चिकित्सालय भ्रमण

## मरीजों को फल व बिस्किट वितरित किए



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बी.फार्मा व डी.फार्मा के छात्र छात्राओं को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला संयुक्त चिकित्सालय बिजनौर का भ्रमण कराया गया।

चीफ फार्मासिस्ट एस.के. अमोली, चीफ फार्मासिस्ट राजेश राव (जिला अध्यक्ष, डिप्लोमा फार्मेसी एसोशिएसन), चीफ फार्मासिस्ट राम सिंह, चीफ फार्मासिस्ट आनंद प्रकाश तथा चीफ फार्मासिस्ट अशोक भण्डारी ने प्राचार्य डा. अंकित कुमार सैनी सभी अध्यापक व छात्र छात्राओं का स्वागत किया।

डिस्पेंसरी कक्ष, इन्जेक्शन कक्ष, ब्लड बैंक, सर्जिकल वार्ड, जनरल वार्ड, महिला अस्पताल में इमेरजेंसी आदि का भ्रमण कराया और उसके. विषय में विस्तृत जानकारी दी। छात्र-छात्राओं ने मरीजों को फल व बिस्किट इत्यादि वितरित किये तथा उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। डा. अंकित फार्मासिस्ट व अन्य अधिकारीगणों का माला पहना कर धन्यवाद किया व छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि फार्मासिस्ट का कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण है उसको बड़े ध्यानपूर्वक व सफलता से करना चाहिए क्योंकि किसी भी दवा का गलत प्रयोग हानिकारक हो सकता हैं। छात्र-छात्राओं को अच्छे से पढ़ाई करनी चाहिए व प्रतिदिन संस्था में उपस्थित होना चाहिए। भ्रमण को सफल बनाने में मौ. तारिक, दीपिका पाल, विपुल कुमार व सरिता का योगदान रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**अंतरिम पीएम...** ने कहा कि युवाओं ने यह विरोध-प्रदर्शन बुजुर्ग नेताओं से तंग आकर किया है। हमारा मकसद संविधान नहीं, संसद भंग करना है। अंतरिम पीएम के नाम को लेकर बुधवार शाम तक पूर्व चीफ जस्टिस सुशीला कार्की के नाम पर सहमति बनने की खबर आई थीं, लेकिन गुरुवार दोपहर तक 'लाइट मैन' कहे जाने वाले कुलमान घीसिंग का नाम सामने आ गया। उधर आर्मी ने एहतियातन राजधानी और उससे सटे इलाकों में तीसरे दिन कर्फ्यू जारी रखा है। नेपाल हिंसा में अब तक 34 मौतें हुई हैं, जबकि 1300 से ज्यादा लोग घायल हैं। अंतरिम पीएम के लिए सुशीला कार्की, बालेन्द्र शाह, कुलमान घीसिंग और हरका सम्पांग के नाम आगे हैं। सेना ने कहा है कि इस राजनी.तिक संकट का समाधान और कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। नई कार्यकारी सरकार के पास तय समय में चुनाव कराने की जिम्मेदारी होगी। अंतरिम सरकार का नेतृत्व कौन करेगा, इस बात पर जेन-जी आंदोलनकारी बंट गए हैं। एक ओर पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की के समर्थक थे, तो दूसरी ओर काठमांडू के मेयर बालेन शाह के समर्थक। दोनों पक्षों में तीखी बहस हुई और मामला झगड़े तक पहुंच गया। रिपोर्टों के अनुसार झगड़ा तब शुरू हुआ जब युवाओं का एक समूह कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री बनाए जाने का विरोध करने लगा। इसके जवाब में उनके समर्थकों ने नारे लगाए। जल्द ही बालेन शाह का समर्थन करने वाले प्रदर्शनकारी और धरान के मेयर हरका संपांग से जुड़े कुछ लोग भी इस विवाद में कूद पड़े। नारेबाजी हाथापाई में बदल गई और यह इलाका अराजकता का केंद्र बन गया। सेना के जवानों को हालात काबू में लाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

**नेपाल में यूपी की...** कूदकर जान बचाने का प्रयास किया। दंपति बचाव दल ने बिछाए गद्दो पर गिरे। इसी दौरान उपद्रवियों ने फिर से हमला बोल दिया। इसमें दंपति बिछड़ गए थे। बुधवार को नेपाल से रामवीर सिंह के बेटे विशाल के पास फोन आया कि उनकी मां राजेश देवी की उपचार के दौरान मौत हो गई। बवाल की चपेट में आए रामवीर सिंह गोला दो दिन बाद घायलावस्था में राहत कैंप में मिले हैं। राजेश गोला का शव शुक्रवार तक गाजियाबाद स्थित मास्टर कॉलोनी उनके निवास पर लाया जाएगा।

**मोदी ने आपदाग्रस्त....** ले. ज. गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ हुई एक हाई लेवल बैठक में उत्तराखंड में बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए समीक्षा की। बैठक में मुख्य सचिव और डीजीपी सहित तमाम आला अफसर मौजूद रहे। गौरतलब है कि उत्तराखंड आपदा प्रबंधन विभाग ने केंद्र सरकार से आपदाओं के कारण हुए नुकसान का आकलन करते हुए 5702 करोड़ रुपये की राहत राशि की मांग की थी।

# वैश्विक आतंक मिटाकर रहेगा देशः सीएम योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**11 सितम्बर की बर्सी पर बोले मुख्यमंत्री**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि 11 सितम्बर 2001 मानवता के इतिहास का वह काला अध्याय, जब निर्दोष जीवन कायरतापूर्ण आतंकी हमले की भेंट चढ़ गए।

योगी ने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हुए आतंकी हमले की बरसी पर कहा कि भारत आतंक के वैश्विक अभिशाप को मिटाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह हमला पूरी मानव सभ्यता की शांति, विश्वास और मानवीय मूल्यों पर निर्मम प्रहार था। योगी ने कहा कि उस भीषण त्रासदी में काल-कवलित सभी दिवंगत आत्माओं को विनम्र श्रद्धांजलि और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि भारत आतंक के इस वैश्विक अभिशाप को जड़ से मिटाकर ऐसा संसार बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां भय नहीं, केवल शांति, भाईचारा और मानवता का प्रकाश हो। 11 सितम्बर 2001 को अमेरिका में न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के नॉर्थ टॉवर और पेंटागन पर हुए आतंकी हमलों ने पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया था।

इस हमले में काफी लोग मारे गए थे। इन हमलों के पीछे ओसामा बिन लादेन और उसका आतंकी संगठन अल-कायदा था। 2011 में जब अमेरिकी कमांडोज ने उसे एबटाबाद में मार गिराया, तो दुनिया ने राहत की सांस ली।

# दुनिया में पहले नंबर पर पहुंचेगा वाहन उद्योग

## घरेलू वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन के वार्षिक अधिवेशन में बोले गडकरी



**नई दिल्ली, वार्ता**

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि भारतीय वाहन उद्योग का देश की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान है और इसमें दुनिया में पहले नंबर पर पहुंचने की क्षमता है।

श्री गडकरी ने यहां घरेलू वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम के वार्षिक अधिवेशन में कहा कि कुछ साल पहले भारतीय वाहन उद्योग दुनिया में सातवें स्थान पर था, आज हम जापान को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि मेरा विश्वास है आप सब लोगों की क्षमता पर। आप सब लोग यदि मिलकर काम करेंगे तो हम वाहन सेक्टर में दुनिया में नंबर एक पर जा सकते हैं। पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का प्रधानमंत्री का जो सपना है उसमें इस उद्योग की भूमिका सबसे अहम है। एक संवाद सत्र में उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण में 40 प्रतिशत वाहनों के कारण होता है। सरकार अब प्रदूषण कम करने के लिए जैव ईंधन को बढ़ावा दे रही है। पेट्रोल में इथेनॉल के मिश्रण के बारे में श्री गडकरी ने कहा कि ई20 (20 प्रतिशत मिश्रण) से आगे कोई कदम उठाते समय वाहन उद्योग से भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि इथेनॉल पेट्रोलियम आयात का विकल्प है, इससे प्रदूषण कम होता है और किसानों की आमदनी बढ़ाने वाला है। उन्होंने वाहन उद्योग से वाहन परीक्षण केंद्र स्थापित करने और स्क्रैलपग को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि वह पुराने वाहन को स्क्रैप करके नये वाहन खरीदने वालों के लिए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में छूट पर भी सरकार के अंदर पैरवी कर रहे हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# भारतेन्द्र व मौसम की लड़ाई खतरनाक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** गंगा में आये उफान से रावली का तटबंध टूटने को लेकर पूर्व सांसद व पूर्व सिंचाई मंत्री राजा भारतेन्द्र सिंह के द्वारा सिंचाई विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगाने के बाद भड़की सदर विधायक सुचि चौधरी व उनके पति मौसम चौधरी ने मोर्चा खोल दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार भाजपा नेताओं को जनपद के विकास एवं जनसमस्याओं के समाधान की कोई चिंता नहीं है। वह आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अपना टिकट बचाने व दूसरे का कटवाने के चक्कर में लग गए है। पूर्व सांसद राजा भारतेन्द्र सिंह ने तटबंध के कटान के बाद सिंचाई विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिंह लगाते हुए परियोजना के पैसे के बारे में पूछ लिया, तो विधायक सुचि चौधरी व उनके पति मौसम चौधरी का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया है। जनपद के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल की मौजूदगी में पत्रकारों से वार्ता करते हुए विधायक सुचि चौधरी ने राजा भारतेन्द्र सिंह का नाम लिए बिना विरोधियों को ललकारते हुए मेंढ़क व कुत्ते जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया। आज इसी क्रम में भाजपा विधायक सुचि चौधरी व उनके पति मौसम चौधरी ने अपने कैम्प कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता की। मौसम चौधरी ने कहा कि पैदा कांड में उन्हें बेवजह फंसाया गया था। वह लम्बे समय तक जेल रहे और उनका पूरा परिवार परेशान रहा। लेकिन भगवान ने साथ दिया और वह बरी हो गए। उन्होंने कहा कि भारतेन्द्र के द्वारा उनके खिलाफ रची गई साजिश को वह कभी नहीं भूल पाएंगे। उन्होंने काफी दर्द सहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद का नाम लिए बिना कहा कि उनके चेले सोशल मीडिया पर उल्टी सीधी बकवास कर रहे है। उनके ऊपर झूठें आरोप लगाए जा रहे है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि भारतेंद्र अपने चेलों को समझा दें, वरना हम उन्हें सुधार देंगे। उन्होंने गुस्से में यहां तक कह दिया कि भारतेन्द्र को भी अपनी सुरक्षा बढ़ा लेनी चाहिए। उन्होंने भारतेन्द्र पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रबल हत्याकांड में उन्हें घेर लिया गया था। उन्हें जूते छोड़ कर भागना पड़ा था।



पूर्व सांसद को अपनी सुरक्षा बढ़ाने की चेतावनी

उन्होंने कहा कि गाय के नाम पर वोट मांगने वाले भारतेन्द्र ने कभी भी गायों की मदद नहीं की। जब गायों में लम्पी रोग फैल रहा था, तो उन्होंने गायों की चिंता नहीं की। जबकि विधायक व उन्होंने जगह-जगह शि. विर लगवाए और उनका इलाज करवाया। उन्होंने पूर्व सांसद भारतेन्द्र पर कई अन्य गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें अपने गिरेवान में झांकना चाहिए। उनके दामन पर दाग ही दाग हैं। उन्होंने कहा कि अगर उन्होंने भारतेन्द्र को लेकर ज्यादा खुलासा कर दिया, तो वह मुंह दिखाने लायक भी नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा कि विधायक सुचि चौधरी अपना पूरा वेतन जरूरतमंदों के ऊपर खर्च करती है। उनके ऊपर जनसुनवाई की जाती है। सैकड़ों लोग अपनी समस्याएं लेकर आते है। उन्होंने रजिस्टर दिखाते हुए कहा कि इसमें पूरा रिकार्ड मौजूद है।

उधर इस संबंध में जब पूर्व सांसद राजा भारतेन्द्र से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की।

## बाढ़ पीड़ितों के लिए उलेमाओं की आवाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नूरपुर।** नगर के सैकड़ों मुसलमानों से खिताब फरमाते हुए जनपद के अमीरे जमात मौलाना शरीफ ने कहा कि पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की मदद दिल खोल कर करें। वह हमारे भाई है। उनकी परेशानी, हमारी अपनी परेशानी है।

उन्होंने कहा कि कयामत के दिन ईमानदार व्यापारी को बिना हिसाब-किताब के जन्नत में दाखिल किया जाएगा। ईमानदार व्यापारी से मतलब ऐसे व्यापारी से है, जो अपने कारोबार में लोगों के साथ धोखा न करता हो। उन्होंने कहा कि मुसलमानों का असली पेशा व्यापार है। उन्होंने बताया है कि व्यापार की गरज से पैगम्बर मौहम्मद साहब और आपके सहाबाओं ने दूर-दराज के सफर किए। जिनका बाकायदा हदीस



की किताबों में जिक्र मौजूद है। इस मौके पर अफजाल अहमद, शहर इमाम मौलाना मौहम्मद अली, नायब शहर इमाम कारी मौहम्मद अख्तर सैफी, मौलाना अबरार अहमद, मौलाना मौहम्मद फुरकान, मुफ्ती मौहम्मद मौलाना अब्दुल कादिर, मुफ्ती मौहम्मद सलमान, मौलाना लतीफुर्रहमान, कारी उबैदुर्रहमान, हकीम असरारूल हक, कारी रईस अहमद, हाफिज मौहम्मद इमरान मिराजी, आफताब अहमद, मौहम्मद जीशान, मौहम्मद फरहम, मौहम्मद मोहसिन, वसीम अहमद आदि मौजूद थे।

मौलाना शरीफ अहमद ने पंजाब के बाढ़ पीड़ितों सहित पुरे मुल्क की सलामती के लिए दुआ कराई।

## राष्ट्रीय विकलांग एसो. का 15 को बिजनौर में प्रदर्शन: एम आर पाशा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के संस्थापक, राष्ट्रीय अध्यक्ष व स्वीप आइकॉन ब्रांड एम्बेसडर सामान्य लोकसभा चुनाव 2024 एम आर पाशा ने कहा कि 15 सितम्बर को जनपद मुख्यालय पर ऐतिहासिक प्रदर्शन किया जाएगा।

प्राप्त समाचार के अनुसार कैंप कार्यालय बुढ़नपुर में संगठन की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बिजनौर में 15 सितंबर को धरना प्रदर्शन ऐतिहासिक होगा। अधिक से अधिक संख्या में सभी दिव्यांगजन, बुजुर्ग, विधवाएं व गरीब वर्ग इसमें शामिल होने के लिए पहुंचे। नुमाइश ग्राउंड के सामने इकट्ठा



ऐतिहासिक होगा यह प्रदर्शन

होकर इंदिरा बाल भवन में बैठक करने के बाद डीएम के ऑफिस का घेराव किया जाएगा। वहीं पर धरना दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होगी, तब तक हम नहीं हटेंगे। चाहे धरना लंबा चले या हमें मैदान में डटना पड़े। उन्होंने कहा कि हम हर तरह से तैयार हैं, जब तक शासन-प्रशासन हमारी मांगे नहीं मान लेता, तब तक हम हटने वाले नहीं है। उन्होंने कहा कि डीएम को ज्ञापन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकलांगों, बुजुर्गों, विधवाओं व गरीबों का शोषण हो रहा है। अधिक. ारी मनमानी कर रहे है। उनके द्वारा समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता है। उन्होंने कहा कि निरंकुश अधिकारियों को सबक सिखाना जरूरी है।

### एक नजर

## खिलाड़ी किए गए सम्मानित



**बिजनौर।** भाकियू के जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान के द्वारा मैडल जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया गया। इस मौके पर बृजेश कुमार, भव्य, वर्जित, प्रशांत वर्मा, अभिषेक चौधरी, अशोक आदि को सम्मानित किया गया। इस मौके पर अनमोल सिंह, वीरेंद्र सिंह, करतार सिंह आदि मौजूद रहे।

## बढ़ापुर में माफिया संदीप फरार

**बिजनौर।** अवैध शराब के निर्माण व बिक्री को रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज बढ़ापुर पुलिस ने ग्राम मदपुरी के जंगल में छापा मार कर भारी मात्रा में कच्ची शराब नष्ट की। मौके से शराब बनाने के उपरकरण बरामद किए गए। शराब माफिया संदीप पुत्र गुरमीत सिंह निवासी ग्राम मदपुरी मौके से फरार हो गया।

## मॉडर्न एरा की छात्राओं का जलवा

### एशियन गेम्स रोलर डर्बी चैंपियनशिप में जीता सिल्वर मेडल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल की तीन होनहार छात्राओं वैष्णवी शर्मा, श्रेया और आकृति ने 20वें एशियन रोलर डर्बी चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए सिल्वर मेडल जीतकर विद्यालय व देश का नाम रोशन किया है।

यह चैंपियनशिप दक्षिण कोरिया में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में लगभग 6 देशों ने प्रतिभाग किया, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान, चीन, साउथ कोरिया और नेपाल शामिल थे। जहां भारत ने जापान को सेमीफाइनल राउंड में मात देकर फाइनल में अपनी जगह बनाई एवं भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हुए फाइनल मैच में भारत ने सिल्वर मेडल हासिल किया।



विद्यालय के गेट पर आकर सभी छात्र-छात्राओं व शिक्षकगणों ने ढोल नगाड़ों के साथ इन छात्राओं के सम्मान में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया। तद्पश्चात उनको विद्यालय प्रांगण में लाया गया। उसके बाद डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सीमा बिस्वास ने तीनों छात्राओं को चांदी की कटोरी में चाँदी की चम्मच से खीर खिलाई।

विद्यालय के डायरेक्टर प्रिंसिपल ने इनकी ढेरों प्रशंसा की। इस अवसर पर छात्रों ने जमकर उत्सव मनाया और अपने साथियों की इस उपलब्धि पर गर्व महसूस किया।

विद्यालय डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सीमा बिस्वास ने कहा कि हमें अपनी छात्राओं की इस उपलब्धि पर गर्व है। वैष्णवी शर्मा, श्रेया और आकृति ने अपनी मेहनत और लगन से अपने देश भारत का एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है। हम उन्हें भविष्य में भी इसी तरह की उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

इन छात्राओं की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है और सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# खो नदी से 15 घंटे बाद दो शव बरामद

## गमगीन माहौल में परिजनों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने का किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर/शेरकोट।** खो नदी में तीन किशोरों के डूबने की दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया है।

आज सुबह 15 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जहां सीनू (11 वर्ष) का शव बरामद हुआ था। वहीं कुछ समय बद गोताखोरों ने छोटू (18 वर्ष) का शव भी नदी से बाहर निकाल लिया। तीसरे किशोर रौनक (13 वर्ष) का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। नदी किनारे अब भी रेस्क्यू अभियान जारी है और परिजन टकटकी लगाए इंतजार कर रहे हैं।

जैसे ही सीनू का शव परिजनों तक पहुंचा, मातम की चीख-पुकार पूरे मौहल्ले में गूंज उठी। परिजनों का कहना था कि वह शव को सीधे घर ले जाना चाहते हैं। पुलिस की ओर से पोस्टमार्टम पर जोर दिए जाने पर विवाद बढ़ गया। गम और आक्रोश से भरे परिजन शव को लेकर घर की ओर भाग गए। पीछे-पीछे पुलिस भागती रही। इस दौरान धक्का-मुक्की भी हुई और हालात बिगड़ने लगे।

### रौनक की तलाश जारी

अब तक सीनू और छोटू के शव बरामद हो चुके हैं, लेकिन रौनक का पता नहीं चल सका है। पीएसी और एनडीआरफ की टीमें गोताखोरों के साथ नदी के हर हिस्से में तलाश कर रही हैं। स्थानीय लोग भी मदद में जुटे हैं। तीनों किशोर घर का चूल्हा जलाने के लिए लकड़ी बीनने गए थे, लेकिन लौटकर कभी नहीं आ पाए। मोहल्ले निकम्माशाह में मातम पसरा है। हर गली, हर घर से सिर्फ आह और आंसुओं की आवाजें सुनाई दे रही हैं। लोगों की आंखें नम हैं और जुबां पर यही अफसोस 'काश ये बच्चे नदी में न उतरते, तो आज हंसते-खेलते घर लौट आते।' स्थानीय लोग प्रशासन से सवाल कर रहे हैं कि आखिर नदी किनारे सुरक्षा इंतजाम क्यों नहीं हैं? हादसे के बाद भले ही रेस्क्यू तेज हुआ, अगर पहले से चौकसी रहती तो शायद मासूमों की जान बचाई जा सकती थी।









### सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन के समझाने से टला विवाद

स्थिति तनावपूर्ण होती देख नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के प्रतिनिधि विवेक सेन ने मोर्चा संभाला। विवेक सेन देर शाम से ही शेरकोट में मौजूद हैं। उन्होंने गमजदा परिजनों को सांत्वना दी और समझा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने पर सहमति बनवाई। बाद में छोटू का शव मिलने पर भी उन्होंने मोर्चा संभाला और शांति के साथ पुलिस को कार्रवाई पूरी करने दी।

### एक नजर

## नगीना में रक्तदान शिविर



**नगीना।** रेलवे लाइन पार स्थित आजाद कॉलोनी में भाजपा के मण्डल मंत्री जितेंद्र राठी (सिट्टू), अभिषेक व क्षेत्र वासियों के सहयोग से हिन्द चैरिटेबल बल्ड बैंक द्वारा आयोजित रक्त दान शिविर का भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि ने फीता काटकर उद्घाटन किया। क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि ने डॉ. अतुल कुमार यादव द्वारा किए जा रहे इस कार्य के लिए उनकी प्रशंसा कर प्रोत्साहित किया। सभी रक्तदाताओं को हैल्मेट गिफ्ट किए गए। इस मौके पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष नीरज विश्नोई, मण्डल उपाध्यक्ष सोहन सैनी, मण्डल मंत्री अतुल भारती, दयानन्द सैनी आदि मौजूद थे।

## मास्टर इरफान का स्वच्छता पर जोर



**झालू।** विवेकानंद पब्लिक स्कूल में स्वच्छता अभियान पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रबंधक इरफान अहमद ने एक कदम स्वच्छता की ओर अभियान के अंतर्गत साफ-सफाई के बारे में सभी विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्हें स्वच्छता के लाभ तथा गंदगी से होने वाली हानियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जब हम स्वच्छ होंगे, तभी स्वस्थ होंगे। नगर पंचायत के माध्यम से सूखा कचरा और गीले कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन दिलाई गई थी, जिनका प्रयोग हमें सूखे और गीले कचरे के लिए अलग-अलग करना चाहिए। नगर पंचायत की गाड़ी आने पर अपने कचरे को केवल उसी में डालना चाहिए। कभी भी अपने घर का कचरा हमें घर के बाहर सड़क या सार्वजनिक स्थानों पर नहीं डालना चाहिए। विद्यार्थियों को अपने घर, मौहल्ले व स्कूल के अंदर साफ सफाई रखने को लेकर शपथ भी दिलाई।

## फ्यूचर चिल्ड्रेंस एकेडमी में कार्यशाला




**शिवाला कलां।** फ्यूचर चिल्ड्रन एकेडमी में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन आज किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य विषय क्लास रूम मैनेजमेंट रहा। जिसमें विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में श्रीमती अनीता सिवाच (प्रधानाचार्य वालिया ग्लोबल एकेडमी नजीबाबाद) एवं संजीव कुमार राठी (प्रधानाचार्य हिमालयन एकेडमी चांदपुर ) ने शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया। समापन अवसर पर विद्यालय प्रबंधक संघर्ष चौहान एवं चेयरपर्सन श्रीमती कल्याणी चौहान ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागी शिक्षकों का सम्मानित किया। प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार शर्मा ने कार्यशाला की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन शिक्षकों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं।

## अश्लील डांस की वीडियो वायरल

**बिजनौर।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें परंपरागत रामलीला मंचन के दौरान रासलीला का मंचन होते हुए दिखाई दे रहा है। वायरल वीडियो में 10 सितम्बर 2025, बुधवार, रात्रि 11 बजकर 13 मिनट का समय अंकित है। वीडियो को देखकर दर्शक इसे ग्राम मुकरन्दपुर की रामलीला का बता रहे हैं। हालांकि शाह टाइम्स इसकी पुष्टि नहीं करता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार का मंचन धार्मिक परंपराओं के साथ खिलवाड़ है और इससे श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंची है। कई लोगों ने नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। हल्दौर थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जानकारी उन्हें मिली है। वीडियो की सत्यता की जांच कराई जा रही है और पुष्टि होने पर आयोजकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद यह मामला लोगों के बीच चर्चा का प्रमुख विषय बन गया है।

**10-10 सीटो पर निःशुल्क प्रवेश**

विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी धर्म व जातियों के आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी छात्र / छात्राओं के लिए निम्नलिखित पाठयक्रमो में 10-10 सीटो पर नि:शुल्क प्रवेश किया जाना निश्चित किया है। अपने सभी दस्तावेज सहित विश्वविद्यालय परिसर में सम्पर्क करें।

आवेदन हेतू अंतिम तिथि 23 अगस्त 2025 है।

| | |
|---|---|
| B.Tech (CS) | MBA |
| BCA | MCA |
| BBA | LLB |
| B.Com | LLM |
| BA LLB | M.TECH. |
| B.Sc Microbiology | MSW |
| B.Sc. Computer Sc. | M.Sc. Home Sc. |
| B.Sc Home Sc. | MA Education |
| B.Sc Physics I Chemistry I Maths Botany I Zoology | |

www.vivekuniversity.ac.in

VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR

Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246725

CALL NOW: 9837324210, 9927026893

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

'शाह टाइम्स'

की शत-प्रतिशत गारंटी

खबरें छुपाता नहीं ,छापता है

मोबाइल नम्बर:- 9927777377

samiullah.bijnor@gmail.com

# किशोरी से रेप में सलीम को उम्र कैद

## पचास हजार रुपए का अर्थदण्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय स्पेशल पॉक्सो एक्ट ने किशोरी से रेप के आरोपी सलीम को आजीवन कारावास व 50 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार वादिनी ने छह अप्रैल, 2024 को थाना नजीबाबाद में तहरीर दी थी कि अभियुक्त सलीम पुत्र रफीक निवासी जाब्तागंज ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ बलात्कार किया। तहरीर के आधार पर थाना नजीबाबाद में मुक. दमा अपराध संख्या 172/24 धारा 376 (एबी) आईपीसी, धारा 5 एम/6 पॉक्सो एक्ट व धारा 3 (2) (वी) एससी/एसटी एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया था। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था।

अभियुक्त को सजा दिलाने के लिए पुलिस ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की थी। परिणाम स्वरूप न्यायालय स्पेशल पॉक्सो एक्ट ने आज धारा 6 पॉक्सो एक्ट के आरोपी सलीम को आजीवन कारावास व 50 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

# खुशहाली के लिए अखिलेश का सीएम बनना जरूरी



## बीके कश्यप ने भाजपा सरकार को बताया नाकाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बीके कश्यप ने भाजपा सरकार को सभी मोर्चों पर नाकाम बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के सीएम बनने से प्रदेश में खुशहाली आएगी।

प्राप्त समाचार के अनुसार सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव सुरेश चंद्र के आवास पर पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष बीके कश्यप एवं जिला मीडिया प्रभारी अखलाक पप्पू का स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रेस वार्ता करते हुए कश्यप संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बीके कश्यप एड. ने कहां कि आज भाजपा की सरकार में सभी परेशान है। आने वाले 2027 के चुनाव में डॉ. राजपाल कश्यप के नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग समाजवादी पीडीए की सरकार पूर्ण बहुमत से बनाने का कार्य करेगा, क्योंकि देश के अंदर सिर्फ अखिलेश यादव पिछड़ों और पीड़ितों की लड़ाई को लड़ रहे है। प्रदेश में खुशहालीं के लिए अखिलेश यादव का मुख्यमंत्री बनना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज किसान व युवा वर्ग सबसे ज्यादा परेशान है। सरकार की नीतियां जनविरोधी है।

# शास्त्रीय संगीत में सोहम रहे प्रथम

## आरजेपी में किया गया सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज के छात्र सोहम कुमार ने मंडल स्तरीय कला उत्सव के शास्त्रीय संगीत (एकल गायन) में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल ने बताया कि आर्य कन्या इंटर कॉलेज मुरादाबाद में आयोजित कला उत्सव में मुरादाबाद मंडल के पांचों जनपदों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। जिसमें उनके कॉलेज के छात्र सोहम कुमार ने शास्त्रीय संगीत एकल गायन में प्रथम स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन करने का कार्य किया है। प्रबंधक उदयन वीरा एवं प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल ने संगीत अध्यापक अमन कुमार यादव व कला उत्सव प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र सोहम कुमार को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य द्वारा छात्र को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य गयूर आसिफ, जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स, डीओसी स्काउट चंद्रहास सिंह, मनोज कुमार यादव, एसपी गंगवार, सुभाष बाबू राजपूत, अतुल कुमार रस्तौगी, विनोद कुमार यादव, करन वीर सिंह, प्रदीप सिंह, भूपेंद्र पाल सिंह, तेजपाल सिंह, मौहम्मद अनस, नरेश कुमार, जयप्रकाश पटेल आदि मौजूद रहे।

# दरोगा की संदिग्ध मौत

## महिला थाने में थी पोस्टिंग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** महिला थाने में तैनात दरोगा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिससे हड़कम्प मच गया। मौत की वजह का पता नहीं चल पाया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार बदायूं के निवासी 58 वर्षीय दरोगा चन्द्रपाल सिंह यहां महिला थाने में फरवरी 2025 से तैनात थे। वह महिला थाना परिसर में ही रहते थे। आज सुबह दरवाजा खटखटाने पर भी वह नहीं उठे और न ही अंदर से कोई आवाज आई। जिससे पुलिसकर्मियों को अनहोनी की आशंका महसूस हुई। अधिकारियों को सूचना देकर जब दरवाजा खोलकर देखा गया, तो दरा. ˋगा चन्द्रपाल सिंह की लाश पड़ी थी। उनकी मौत कैसे हुई। फिलहाल पता नहीं चल सका है। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने जांच करते हुए वहां मौजूद पुलिसकर्मियों से जानकारी ली। एसपी अभिषेक ने बताया कि जनवरी में उनकी पत्नी की भी मौत हो गई थी। पत्नी की मृत्यु के बाद से दरोगा चन्द्रपाल सिंह उदास रहने लगे थे। चन्द्रपाल सिंह के दो विवाहित पुत्रियां और एक पुत्र है। पुलिस ने उनके परिवार को घटना की सूचना दे दी है।

## एक नजर

### खाटू श्याम मंदिर में भंडारा



**हल्दौर।** नगर के खाटूश्याम मंदिर पर शनिदेव व हनुमान जी की चतुर्थ मूर्ति स्थापना की वर्षगांठ पर विधिविधानपूर्वक पूजा-अर्चना हुई। मुख्य यजमान आशीष रस्तोगी व उनकी पत्नी मोहिता रस्तोगी, आदेश गुप्ता व पत्नी मंजू गुप्ता ने पूजन किया। इसके उपरांत श्रद्धालुओं ने विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में पंडित दिनेश शर्मा, जानू रस्तोगी, नवीन गहलोत, विपिन रस्तोगी, रिमझिम रस्तोगी सहित अनेक भक्त मौजूद रहे।

### कुत्ते के हमले में बालक घायल



**अफजलगढ़।** मौहल्ला बेगम सराय निवासी कार्तिक (आठ वर्ष) पुत्र राहुल सुबह स्कूल जा रहा था। इसी दौरान मौहल्ले में खड़े एक ई-रिक्शा चालक की लापरवाही के चलते आवारा कुत्ते ने अचानक बच्चे को काट लिया। कुत्ते के हमले से छात्र लहूलुहान हो गया।

### रोजगार मेला 15 को

**बिजनौर।** राजकीय आईटीआई के नोडल प्रधानाचार्य मंजुल मयंक ने बताया कि 15 सितंबर को प्रात: दस बजे से राजकीय आईटीआई में अप्रेंटिसशिप मेले व रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जनपद की किसी भी आईटीआई में किसी भी ट्रेड से आईटीआई कर चुके छात्र अपने समस्त प्रमाण पत्रों के साथ राजकीय आईटीआई बिजनौर में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### चार को अग्रसेन जयंती कार्यक्रम

**नूरपुर।** मुरादाबाद मार्ग पर आयोजित अग्रवाल सभा की बैठक में चार अक्टूबर को अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। मुकेश गुप्ता के प्रतिष्ठान पर संगठन के नगरध्यक्ष डॉ. पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित अग्रवाल समाज की बैठक में सर्वसम्मति से चार अक्टूबर को आरआर पब्लिक स्कूल में अग्रसेन जयंती कार्यक्रम का आयोजन करना तय किया गया। बैठक में सभी से एकजुट हो कर समाज हित में कार्य करने का आह्वान किया गया। बैठक में डॉ. मनुजेंद्र गुप्ता, डॉ. पवन अग्रवाल, मनोज बंसल, राजीव गुप्ता, सिद्धार्थ गुप्ता, गौरव मित्तल, दिनेश गुप्ता, राजीव अग्रवाल, आयुष बंसल, सुबोध रस्तौगी एवं सौरव रस्तौगी ने हिस्सा लिया।

# बाइक सवार घायल



**अफजलगढ़।** थाना रेहड़ क्षेत्र के गांव हसनपुर में दो बाइकों आमने-सामने भिड़ंत में नसीम अहमद पुत्र रशीद निवासी मौहल्ला पहाड़ी दरवाजा, धामपुर घायल हो गया। देर शाम राष्ट्रीय राजमार्ग पर अर्जुन पाल पुत्र कावेन्द्र सिंह निवासी फुलसन्दा, थाना नहटौर निवासी अपनी ससुराल नियादरीपुर उर्फ नारायणवाला आया था। देर शाम वह अफजलगढ़ जा रहा था कि बाइक अनियंत्रित होकर फिसल जाने के कारण सड़क पर गिरकर घायल हो गया। 108 एम्बुलेंस सेवा की मदद से सीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# वर्धमान कॉलेज में हिंदी पखवाड़ा




## विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वर्धमान कॉलेज के हिंदी विभाग द्वारा हिन्दी पखवाड़े के विभिन्न कार्यक्रमों के क्रम में आज गीत, दोहा, चौपाई गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में कॉलेज स्तर पर लगभग 32 प्रतिभागियों ने मंत्र मुग्ध कर देने वाले मधुर गीतों से समा बांध दिया। छात्रों द्वारा सुनाए गए रामायण और कबीर दास जी के दोहे, चौपाई और मधुर भजनों से सारा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयुष बघेल द्वारा दोहा, चौपाई व गीतों की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। इसी क्रम में शिक्षा शास्त्र विभाग की प्रोफेसर डॉ. रेशु शर्मा ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। आफरीन, दिव्या रानी, चांदनी, करुणा, विनीता, आशी, उज्जवल, तरुण सैनी, पायल आदि ने प्रतिभाग किया। प्रो. शशि प्रभा ने कहा कि महाविद्यालय स्तर पर होने वाली सभी प्रतियोगियों में बढ़-चढ़ कर भाग लेकर अपने व्यक्तिव को निखारना चाहिए । इस अवसर पर डॉ. पूजा सिंह, डॉ. रेनू चौहान, डॉ. करन आदि उपस्थित रहे। निर्णायक की भूमिका में डॉ. रेशु शर्मा और डॉ. रीना प्रताप सिंह ने अपना योगदान दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. ओपी सिंह ने किया।

# सहकारी गन्ना समिति की सामान्य निकाय बैठक



## किसानों की समस्याओं पर मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** ब्लॉक कार्यालय के सभागार कक्ष में सहकारी गन्ना विकास समिति की सामान्य निकाय बैठक बड़े ही गंभीर एवं सार्थक वातावरण में संपन्न हुई।

बैठक में किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई तथा उनके समाधान के लिए महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में सर्वसम्मति से गांव नांगलजट में नया खाद गोदाम निर्माण कराने, बिलाई चीनी मिल से कूकड़ा इस्लामपुर की ओर जाने वाली जर्जर नहर पटरी का निर्माण शीघ्र कराए जाने तथा कीटनाशक दवाइयों पर किसानों को अनुदान उपलब्ध कराने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके अतिरिक्त, बिलाई चीनी मिल द्वारा किसानों के पिछले सत्र का बकाया गन्ना भुगतान तत्काल कराने और गन्ना विकास अंशदान शीघ्र प्राप्त कराने संबंधी प्रस्ताव भी सदन द्वारा पारित किए गए। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष नरेश कुमार ने की, जबकि संचालन गन्ना ज्येष्ठ निरीक्षक अमित कुमार पांडेय ने किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख विजेंद्र सिंह, गन्ना सचिव मुकेश राठी, उपाध्यक्ष पुष्कर चौधरी, संचालक परवेंद्र कुमार, कौशल सिंह, चंद्रो देवी, परमा सिंह कामेश देवी, ब्रजव. ˋर सिंह, कल्याण सिंह, हिमांशु, अंकुल सिंह समेत समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में बिलाई चीनी मिल, धामपुर, स्योहारा, बिजनौर तथा चांदीपुर चीनी मिलों के प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल हुए। उन्होंने किसानों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और त्वरित समाधान का आश्वासन दिया।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश का विरोध

## शिक्षकों ने जताया आक्रोश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सर्वोच्च न्यायालय का एक सितम्बर को शिक्षक पात्रता परीक्षा से संबंधित दिया गया आदेश अब शिक्षकों के गले की फांस बनता जा रहा है। आदेश में कहा गया है कि सेवा में कार्यरत शिक्षक भी पुन: परीक्षा देंगे। इस निर्णय ने प्रदेश के लाखों शिक्षकों और उनके परिवारों के सामने असुरक्षा की स्थिति पैदा कर दी है।

आज इसी को लेकर उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने एक बड़ा प्रदर्शन किया और उप जिलाधिकारी राम प्यारे जायसवाल को प्रधानमंत्री एवं मानव संसाधन विकास मंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में जनपद भर से सैकड़ों शिक्षक शामिल हुए। जिला अध्यक्ष सुधीर यादव ने कहा कि यह आदेश पूरी तरह से अन्यायपूर्ण है। वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों को पुन: परीक्षा में बैठाना, न केवल उनके आत्मसम्मान पर चोट है, बल्कि परिवारों की स्थिरता को भी हिला देने वाला कदम है। उन्होंने कहा कि यह आदेश व्यावहारिक नहीं है और सरकार को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए। जिला मंत्री राहुल राठी ने कहा कि अगर सरकार ने जल्द ही अध्यादेश लाकर इस आदेश में संशोधन नहीं किया, तो आंदोलन की लपटें ओर तेज हो जाएगी। यह लड़ाई सिर्फ रोजगार की नहीं, बल्कि अधिकार और अस्तित्व की है। ज्ञापन में संगठन ने साफ लिखा है कि 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को इसमें से स्थायी रूप से छूट दी जाए। शिक्षा अधिकार अधिनियम में आवश्यक संशोधन किया जाए। सेवा में लगे शिक्षकों पर दोबारा परीक्षा थोपना तत्काल रोका जाए। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री हरेंद्र यादव, प्रांतीय संयुक्त मंत्री विश्वपाल सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह, जिला कोषाध्यक्ष भूपेंद्र, अंगजीत चौधरी, जिला उपाध्यक्ष नजमा खातून, जिला संयुक्त मंत्री अल्फिया जावेद, कमलनी अग्रवाल, तरुण गुप्ता, उमेश यादव, प्रमेंद्र रायसन, सचिन राजपूत, कुलदीप सिंह, हितेश कुमार, सत्यवीर, मुनीश कुमार, इशरत जहां, जीनत निजामी, ज्योति, मुजाहिदा खानम, कामिनी दिवाकर, वसीम बानो, कौशल गौतम, फहीमा, संगीता जैन, कविता, शहजादी, रुचि, उर्फी, शहनाज, शाहीन, फौजिया सहित सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

# तीसरे दंगल में पहलवानों ने दिखाया दम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** कस्बे में चल रहे मेला गुलाल के अवसर पर रविवार को आयोजित तीसरे दंगल ने लोगों को खूब रोमांचित किया। अखाड़े में उतरे नामी-गिरामी पहलवानों ने अपने दमखम और दांव-पेच से दर्शकों का दिल जीत लिया। दंगल देखने के लिए कस्बे ही नहीं बल्कि आसपास के गांवों से भी हजारों की भीड़ दंगल देखने के लिए उमड़ी।सबसे आकर्षक मुकाबले में हरियाणा के विक्की पहलवान और कैराना के नसीम पहलवान आमने-सामने हुए। जबरदस्त मुक. ाबले के बाद नसीम ने जीत दर्ज कर घ2100 का इनाम जीता।दूसरे बड़े मुकाबले में बदरखा के सत्यम पहलवान और गंगोह के जावेद पहलवान ने शानदार प्रदर्शन किया। यह कुश्ती बराबरी पर समाप्त हुई और दोनों को घ2100 का इनाम दिया गया।इसी तरह बदरखा के रौनक पहलवान और गंगोह के बाबर पहलवान के बीच हुए मुकाबले में बाबर ने जीत हासिल कर रु. 1500 का इनाम पाया।वहीं, लुहारी के अजहर पहलवान और बदरखा के आकाश पहलवान का मुकाबला बराबरी पर छूटा और दोनों को रु. 1100 का इनाम मिला।इसके अलावा जलालाबाद के जाकिर पहलवान ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए छापरोल्ली के पिंटू पहलवान को मात दी और घ2100 का इनाम अपने नाम किया।अंतिम कुश्ती गंगोह के अंसार पहलवान और दिल्ली के काला पहलवान के बीच हुई, जो बराबरी पर रही। दोनों को घ1100 का इनाम दिया गया।दंगल शुरू होते ही अखाड़े के चारो ओर उत्साह और जोश चरम पर पहुंच गया। दर्शकों ने हर दांव पर तालियों से पहलवानों का हौसला बढ़ाया। आयोजकों ने विजेता और बराबरी पर रही कुश्तियों में भाग लेने वाले पहलवानों को नकद इनाम देकर सम्मानित किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि मेला गुलाल में लगने वाला यह दंगल वर्षों पुरानी परंपरा है जो निरंतर चलती रहेगी। इस अवसर पर अनीस कुरैशी,सऊद राणा,सगीर राणा, नावेद राणा, रिजवान राव, इसराइल राणा, साजिद मलक, सहित हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

# अब आजमगढ़ में खेलेंगे कॉलेज के छात्र



**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज के तीन छात्रों का चयन राज्य स्तर पर होने से कॉलेज में खुशी का माहौल है। लाला लाजपत राय इंटर कॉलेज थानाभवन में आयोजित माध्यमिक विद्यालयों की वॉलबॉल खेल प्रतियोगिता में मण्डल स्तर पर रोमांचकारी खेल का प्रदर्शन करते हुए कॉलेज के छात्र विजेता बन कर उभरे। अध्यक्ष सुशील कुमार गर्ग, प्रबंधक राजीव संगल, प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कॉलेज पहुंचने पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित छात्रों वंश, राजा एवं देव राणा को फूल माला एवं मेडल पहना कर सम्मानित किया। आगामी प्रतियोगिता में विजेता होने की शुभकामनाऐ देते हुए कहा कि कॉलेज के छात्र राज्य स्तर पर खेलने के लिए जा रहे हैं। यह गर्व का विषय है और हमें पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में हमारे कॉलेज के छात्र छात्राएं राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार भी प्राप्त कर कॉलेज को गौरवान्वित करेंगे। इस अवसर पर फूल कुमार, सतीश आत्रेय, घनश्याम सारस्वत, अनिल कुमार कश्यप, रामनाथ, शिवकुमार, मनोज शर्मा, अश्विनी, साकेत निर्वाल, प्रसून भार्गव, छवि शर्मा, लक्ष्मी गर्ग, ज्योति तायल, नीतू अग्रवाल, अंजलि जैन, जौली गर्ग, कीर्ति गर्ग, श्रेणी वर्मा आदि मौजूद रहे।

# एआरटीओ के छापे से स्कूलों में हड़कम्प




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** क्षेत्र के स्कूलों में बच्चों के लिए चलाए जा रहे खस्ताहाल वाहनों के विरूद्ध एआरटीओ के द्वारा की गई छापामारी से स्कूल संचालकों व वाहन चालकों में हड़कम्प मच गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार एआरटीओ प्रवर्तन गौरी शंकर ठाकुर ने नगर के धामपुर मार्ग स्थित सेंट मैरी स्कूल पहुंच कर बच्चों को लाने व ले जाने में लगे वाहनों की चैकिंग शुरू कर दी। जिस पर वाहन चालकों में भगदड़ मच गई। एआरटीओ ने बताया की तीन वाहनों की फिटनेस आदि मानक पूरे न होने के कारण कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने स्कूल प्रबंधन को वाहनों की व्यवस्था दुरुस्त करने का आदेश दिए।

गौरतलब है कि क्षेत्र में स्कूली बच्चों को लाने व ले जाने में लगे अधिकतर वाहन खस्ताहाल व खटारा है। बीते माह कालागढ़ मार्ग पर एक बड़ी दुर्घटना में करीब दर्जन भर बच्चे व स्कूल स्टाफ भी घायल हो गया था। आईजीआरएस पर नागरिकों द्वारा की जा रही निरंतर शिकायत के बाद एआरटीओ ने क्षेत्र में वाहन चैकिंग अभियान चलाया। चैकिंग अभियान से पूर्व ही स्कूल वाहन स्वामी अपने वाहनों को लेकर फरार हो गये। जिस कारण बच्चे स्कूल के बाहर भटकते रहे। तब कहीं जाकर स्कूल प्रबंधन ने अभिभावकों को बच्चों को घर ले जाने की सूचना दी।

आखिरकार अबोध बच्चों के जीवन से हो रहे खिलवाड़ का दोषी कौन है। नागरिकों का मानना है कि क्षेत्र के सभी स्कूलों में लगे वाहनों की चैकिंग होने की आवश्यकता है।

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद ( बिजनौर )**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री इमरान पुत्र श्री शाहिद मौहल्ला सेवाराम तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर संबंधी अभिलेखों/ अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में श्री मौ. असलम पुत्र श्री अब्दुल रऊफ नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये, अपना नाम अंकित किए जाने हेतु बजरिये बैनामे व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीन दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं. 213/1 सेवाराम नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, बिजनौर**

प्रकीर्ण वाद सं. 166/2025

अवधेश कुमार उम्र 53 वर्ष पुत्र ब्रह्मानंद निवासी रहमुल्ला उर्फ राजा कॉलोनी, बिजनौर रोड कोतवाली, पोस्ट व थाना कोतवाली देहात, जिला बिजनौर, पिन-246764 मो. नं. 7088743665 हाल निवासी पाल क्षत्रिय नगर कस्बा बिजनौर, थाना कोतवाली शहर जिला बिजनौर। पिन 246701 आधार नं. 783541681540

**बनाम**

(1) आलोक कुमार उम्र 34 वर्ष मो. नं. 8279796452 (2) सूरज कुमार उम्र 31 वर्ष पुत्रगण अवधेश कुमार मो.नं. 9012242545 निवासीगण रहमुल्ला कॉलोनी, पोस्ट व थाना कोतवाली देहात, जिला बिजनौर पिन 246764

धारा-144 बी.एन.एस.

थाना- कोतवाली देहात

चूंकि उपरिनामांकित से यह आवेदन किया है कि आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 15.09.2025 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

नियत दिनांक:- 15.09.2025

**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बिजनौर।**

# धामपुर में आवारा सांड का कहर

## कपड़े सुखाकर घर लौट रही बुजुर्ग महिला पर हमला, गंभीर हालत में हायर सेंटर रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** फूल बाग कॉलोनी में उस समय अफरा-तफरी मच गई। जब एक आवारा सांड ने अचानक एक बुजुर्ग महिला पर हमला कर दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। गनीमत रही कि आसपास खेल रहे बच्चे और कुछ स्थानीय लोग मौके पर दौड़े और कड़ी मशक्कत के बाद महिला की जान बचाई। हादसे के बाद कॉलोनीवासियों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।





गंगा देवी (55 वर्ष) घर के बाहर कपड़े सुखाकर जैसे ही अंदर लौट रही थीं, तभी अचानक पीछे से एक आवारा सांड दौड़ता हुआ आया और उन पर टूट पड़ा। सांड ने उन्हें जोर से पटक दिया, जिससे गंगा देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। महिला चीखने-चिल्लाने लगीं। उनकी चीख सुनकर कॉलोनी के बच्चे और आसपास के लोग दौड़े। शोर मचाने और डंडे से सांड को खदेड़ने के बाद किसी तरह महिला को बचाया गया। घायल गंगा देवी को स्थानीय लोगों ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर बताते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की खबर मिलते ही परिजनों और आसपास के लोगों की भीड़ अस्पताल में जुट गई। हर किसी की जुबान पर यही था कि अगर कुछ देर और हो जाती तो हादसा बड़ा हो सकता था। घटना के बाद कॉलोनीवासियों में गुस्सा फैल गया। उन्होंने कहा कि धामपुर और आसपास के क्षेत्रों में आवारा पशु खुलेआम घूमते हैं और आए दिन लोगों पर हमला कर रहे हैं। कई बार शिकायत की गई, लेकिन प्रशासन ने कभी गंभीरता नहीं दिखाई। अगर पहले ही कार्रवाई होती तो आज गंगा देवी को यह दिन नहीं देखना पड़ता। स्थानीय निवासी नितिन अग्रवाल ने कहा कि लोगों ने चेतावनी दी कि यदि आवारा पशुओं को जल्द काबू में नहीं किया गया तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

फूल बाग कॉलोनी की इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और भय का माहौल है। लोगों का कहना है कि नगर में दर्जनों सांड और अन्य आवारा पशु दिनभर गलियों में घूमते रहते हैं। बच्चे खेलते हुए भी डरते हैं और बुजुर्ग घर से निकलने में सहम जाते हैं। प्रशासन को तुरंत इन आवारा जानवरों को पकड़कर गौशालाओं में भेजना चाहिए। इस घटना ने प्रशासन और नगर पालिका की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि हर साल नगर पालिका बजट में लाखों रुपये आवारा पशु पकड़ने और गौशाला संचालन के लिए खर्च करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात जस के तस बने रहते हैं।

### हरकत में आया प्रशासन

हादसे की जानकारी मिलते ही खंड विकास अधिकारी त्रिलोकचंद ने ग्राम पंचायत विकास अधिकारी को टीम के साथ मौके पर भेजा। टीम ने मौके पर मौजूद सांड को पकड़कर मुस्तफापुर तैयब गौशाला में भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी। गौशाला प्रशासन को भी इसकी सूचना दे दी गई। अधिकारियों का कहना है कि नगर में आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जाएगा और भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों, इसके लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

# मजदूरों को चंद दर्जन केले बांट कर विधायक बनने का ख्वाब देख रहे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** गंगा बैराज के समीप तटबंध क्षतिग्रस्त हो जाने के बावजूद एक सफेदपोश नेता ने अपनी ठण्डी राजनीति को चमकाने के लिए नया हथकंड़ा अपना लिया है।



चुनाव के बाद मैदान से गायब हो चुके नेता जी ने जनता से मुंह मोड़ लिया था। नेता जी को अब फिर चुनाव दिखाई दे रहा है। उन्हें अपनी राजनीति चमकाने के लिए मौका नहीं मिल रहा था। लेकिन अब उन्हें लगा कि रावली तटबंध टूटने के बाद वह चंद दर्जन केले बांट कर गरीबों के हमदर्द बन सकते है। वह अपने गुर्गों को लेकर चंद दर्जन केलों के साथ मजदूरों के बीच में पहुंच गए। उन्होंने इस तरह से केले बांटे की कैमरे की नजर में ऐसा लगे कि लाखों रुपए के केले उन्होंने भूखों को दे दिए है। उनके करीबियों ने अपने मोबाइलों से केले बांटने के फोटो खिंच कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। जगह-जगह कहा गया कि अकेले नेता जी को ही क्षेत्र की जनता का दर्द महसूस हुआ है। लेकिन नेता जी व उनके करीबी यह भूल गए कि इस तरह से आंखों में धूल झौंक कर राजनीति नहीं चमकाई जाती है। सभी को पता है कि उनकी अपने समाज में क्या हैसियत है। दूसरे समाज के वोटों पर राजनीति चमकाने वाले नेता जी मजदूरों के सहारे अब हीरो नहीं बन पाएंगे। क्योंकि जनता की नजर में उनकी छवि जीरो हो चुकी है।

### राजनीति चमकाने के लिए अपना रहे कई हथकंडे

## ट्रैक्टर-ट्राली की कार से टक्कर



**नांगल सोती।** आज सुबह 7 बजे एक ओवरलोड ट्रैक्टर रेत से भरा हुआ नहर मार्ग से नांगल मंडावली मार्ग पर चढ़ रहा था, तभी नांगल की ओर से जालपुर जा रही स्कॉर्पियो गाड़ी से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर की ट्राली मौके पर ही पलट गई। पूरे मार्ग पर रेत बिखर गया, जिससे मार्ग का यातायात बाधित हो गया। वहीं इस हादसे में शहजादपुर निवासी कार चालक रिहान गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने घायल को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए भेजा। ट्रैक्टर का चालक अपने ट्रैक्टर को मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। ट्रैक्टर चालक मंडावली थाना क्षेत्र के गांव श्यामीवाला का निवासी बताया जा रहा है। थाने के समीप इतना बड़ा हादसा होने पर भी किसी पुलिसकर्मी ने मौके पर जाना गवारा नहीं समझा। स्कूल आने वाले छात्र-छात्राओं और राहगीरों को मुश्किल का सामना करना पड़ा।

# बिजलीघर पर भाकियू का धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** बिजली कटौती के विरोध में भाकियू लोकशक्ति ने सौफतपुर बिजली घर पर धरना दिया। किसानों ने विद्युत निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

नांगल क्षेत्र के सौफतपुर बिजली घर से हरचंदपुर, सोफतपुर, लालपुर मान, महमसापुर, मायापुरी, चमरौला, ढोलापुरी, नांगल, खानपुर शहजादपुर, जीतपुर आदि गांव को बिजली आपूर्ति की जाती है। पिछले एक सप्ताह से बिना किसी शेड्यूल के क्षेत्र में अंधाधुंध बिजली कटौती की जा रही है, जिससे भीषण गर्मी में लोगों का जीना मुहाल हो रहा है। जिसके विरोध में आज भाकियू लोकशक्ति के कार्यकर्ता बिजलीघर पर पहुंचे और धरना शुरू किया।



### लगातार कई घंटे कटौती से त्रस्त है जनता

जिलाध्यक्ष चौधरी वीर सिंह सहरावत ने कहा कि पिछले कई माह से बिजली घर की ओसीबी खराब है। दूसरे फीडर की ओसीबी से जोड़कर बिजली आपूर्ति की जा रही है। एक फीडर में फाल्ट होने पर पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। जबकि शासन के आदेश 18 घंटे बिजली आपूर्ति के हैं। लेकिन मात्र 10-12 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने खराब ओसीबी सही कराने व बिजली से जुड़ी किसानों की अन्य समस्याओं के समाधान की मांग की।

धरना स्थल पर एसडीओ राहुल यादव व जेई नूतन प्रकाश पहुंचे तो किसानों में विद्युत निगम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। एसडीओ में जल्द ही समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। लेकिन किसान शांत नहीं हुए, अभी धरना जारी है।

धरना स्थल पर अरुण कुमार, पीतम सिंह, नरेश, देवेंद्र सिंह, रॉबिन, विनीत, अभिनव, हिमांशु, हनी राणा, शहाबुद्दीन, जग्गन अली, नितिन, पवन आदि किसान मौजूद रहे।

## एक नजर

### रामलीला मंचन का शुभारंभ



**शेरकोट।** प्राचीन गढ़ी मंदिर परिसर मे ग्यारह दिवसीय रामलीला मंचन का शुभारंभ बड़े उत्साह और धार्मिक अनुष्ठान के साथ किया गया। देर शाम नगर के गढ़ी मन्दिर में पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हिन्दू युवा वाहिनी मुरादाबाद मंडल प्रभारी डॉ. एन.पी. सिंह ने फीता काटकर रामलीला मंचन का औपचारिक उद्घाटन किया। डॉ. सिंह ने कहा कि रामलीला का आयोजन न केवल हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का माध्यम है, बल्कि समाज को मर्यादा, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी देता है। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद बाहर से आए कुशल कलाकारों ने मंच पर आकर्षक व भावपूर्ण प्रस्तुतियां दीं। रामलीला के प्रथम दिवस का मंचन दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गया। दर्शक दीर्घा में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक भारी भीड़ उमड़ी और मंचन के दौरान जय श्रीराम के जयघोष गूंजते रहे। आयोजन के दौरान समिति अध्यक्ष भीष्म सिंह, उपप्रधान प्रशांत गहलौत, अध्यक्ष महेन्द्र सिंह, बलबीर, महेश कुमार, रामसिंह, निशांत राजपूत सहित अन्य सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए समिति द्वारा सुरक्षा एवं व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किए गये थे।

### वितरण में धांधली का आरोप



**धामपुर।** सरकारी गल्ले की दुकान को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। राशन वितरण में गड़बड़ियों की शिकायत करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि कई बार विभागीय अधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। अब उन्होंने एसडीएम से हस्तक्षेप की मांग की है। बबली देवी पत्नी विद्यासागर और नरेश कुमार पुत्र छोटे सिंह जाटव ने बताया कि 1 सितंबर को दर्जनों महिलाओं ने प्रार्थना पत्र दिया था। ग्रामीणों का आरोप है कि खाद्य विभाग के इंस्पेक्टर ने जांच का भरोसा दिया था, मगर वह मौके पर नहीं पहुंचे। ग्रामीणों का कहना है कि जब वे इंस्पेक्टर से मिले तो उन्होंने मीटिंग का बहाना बना दिया। इसी बीच गांव के डीलर नीरज कुमार भी खाद्य विभाग कार्यालय पहुंचा और देर तक वहीं बैठा रहा। ग्रामीणों ने कहा कि गांव के राशन कार्ड धारक कई दिनों से पारदर्शी व्यवस्था का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने एसडीएम से निष्पक्ष जांच कराकर जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम स्मृति मिश्रा ने जांच के बाद कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

### उद्योग व्यापार मंडल की बैठक



**कोतवाली देहात।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक कोतवाली देहात में युवा नगर अध्यक्ष शाहरुख मलिक के प्रतिष्ठान पर संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी सत्यकाम विश्नोई जी ने कहा कि वर्तमान समय में व्यापारियों के समक्ष अनेक को समस्या खड़ी है। इन समस्याओं के निराकरण के लिए 14 सितंबर को बिजनौर में प्रदेशीय महासम्मेलन होगा। सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया गया। इस दौरान नगर अध्यक्ष अरविंद विश्नोई, नसीम शमसी, अनिल विश्नोई, शहजाद मंसूरी, अकरम मंसूरी, रियासत मंसूरी, आफताब अंसारी, युसूफ इदरीसी, शुभम जैन, शमीम अल्वी आदि उपस्थित रहे।

### गुरु रविदास आश्रम के अध्यक्ष बने पंकज

**नजीबाबाद।** ग्राम चौगांवा के राष्ट्रीय अनुसूचित जाति, जन जाति, जन जागृति महासंघ अराजनैतिक बिजनौर के द्वारा पूर्व समिति को निरस्त कर सर्वसमिति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें संरक्षक भूषण जेवरिया, सचिन कुलदीप सिंह, कोषाध्यक्ष विजय सिंह, उपकोषाध्यक्ष नरेश कुमार मीडिया प्रभारी अवनीश कुमार का सर्वसम्मति से चयन किया गया। जिसकी अध्यक्षता गुरुराम सिंह दास एवं संचालन प्रदीप कुमार ने किया। बैठक में एससीएसटी महासंघ बिजनौर के अध्यक्ष योगेंद्र कुमार, डीएमआर फार्मेसी कॉलेज के प्रबंधक राजेश कुमार सागर, हेमराज सिंह, बागेश्वर, सुंदर सिंह, चंद्र मोहन, मिंटू सिंह, हरि सिंह, भोपाल, तिलक राम, गंगवीर, रणधीर प्रताप, तेजपाल, उदयवीर, चंद्रभान, धर्मपाल दास, अशोक कुमार, दिलीप, सूरज सिंह, रामगोपाल, कपिल, ललित आदि उपस्थित रहे।

# डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण अभियान शुरू

## नगर पालिका ने बनाई 5 टीमें, वार्डवार चलाया जाएगा अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर पालिका ने स्वच्छता को नई दिशा देने के उद्देश्य से डोर-टू-डोर कूड़ा अलग-अलग संग्रहण करने का अभियान शुरू कर दिया है। यह अभियान नगर क्षेत्र के सभी 25 वार्डों में प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 9 बजे तक संचालित किया जाएगा।



इस अभियान के लिए पालिका प्रशासन ने पांच टीमें गठित की हैं। नोडल अधिकारी के रूप में सफाई निरीक्षक विकास कुमार, हेमेंद्र सिंह, राजेंद्र कुमार (राजस्व निरीक्षक), विपिन कुमार (जल विभाग) और मौहम्मद यूनुस (राजस्व निरीक्षक) की जिम्मेदारी तय की गई है। अभियान में सहयोग हेतु गठित टीमों में पुष्पेंद्र सक्सेना, अमित गुप्ता, नितिन अग्रवाल, विकास गुप्ता, विशाल अग्रवाल, किरण चौधरी, विशाखा सहित चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी भी शामिल किए गए हैं।

पालिका द्वारा आज वार्ड नंबर 1 (पहाड़ी दरवाजा बाल्मीकि बस्ती), वार्ड नंबर 6 (नई सराय नई बस्ती), वार्ड नंबर 11, वार्ड नंबर 16 और वार्ड नंबर 21 में अभियान चलाया गया। इस दौरान घर-घर जाकर लोगों को कूड़ा अलग-अलग देने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों से अपील की कि वे गीला और सूखा कचरा अलग-अलग करके पालिका कर्मियों को दें। इससे न केवल शहर की सफाई व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि गंदगी और बीमारियों से भी निजात मिलेगी। नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि यह अभियान तभी सफल होगा जब नागरिक सक्रिय सहयोग करेंगे। स्वच्छता ही स्वास्थ्य और विकास की पहली सीढ़ी है।

## थाना प्रभारी संजय कुमार ने किया श्रीरामलीला मंचन का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर के मंडी मौलगंज में थाना प्रभारी संजय कुमार ने फीता काटकर श्रीराम लीला मंचन का उद्घाटन किया। उद्घाटन के दौरान उन्होंने भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में उतारने का आह्वान किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार श्री लोकेश्वर नाथ जी मंदिर एवं रामलीला कमेटी के तत्वाधान में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी रामलीला आयोजित हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी संजय कुमार ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्शो ओर संस्कारों पर चलने का आह्वान किया है।

उत्पल कुमार राजपूत के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में रामलीला कमेटी अध्यक्ष विमल कुमार के अलावा नवीन कुमार, आदित्य गर्ग, अमित गुप्ता, राजीव अग्रवाल उर्फ राजू, आलोक चौधरी, देवेंद्र कुमार, अतुल मित्तल, प्रदीप मल्होत्रा, राजीव अग्रवाल, विवेक राजवंशी, राजन अग्रवाल, लक्ष्मण सैनी, लकी शर्मा, आनंद भारद्वाज, अनूप तायल, जितेंद्र शर्मा, सचिन शर्मा, रिटायर्ड दरोगा जयपाल सिंह वाल्मीकि, मनोज गुप्ता, शुभम गुप्ता, सुधीर कुमार, अभय चौधरी, प्रखर जैन, कय्यूम राइन आदि ने मुख्य अतिथि थाना प्रभारी संजय कुमार का फूल मालाओं से स्वागत किया।

इस दौरान उन्होंने रामलीला मंचन में पुलिस व्यवस्था देने की अपील की। जिसे पूरा करने के लिए थाना प्रभारी संजय कुमार ने आश्वासन दिया।

## बिजनौर बैराज से लापता युवक का शव मिला

**शेरकोट।** ग्राम नंगला कोपा निवासी वाजिद अली पुत्र फुरकान अली मुम्बई से अपने दोस्त खलील के साथ घर लौट रहा था। 8 सितम्बर की शाम दोनों दोस्त बिजनौर बैराज पहुंचे, लेकिन इसी दौरान वाजिद अचानक लापता हो गया। वाजिद के लापता होने की सूचना मिलते ही परिजनों ने कोतवाली शहर में तहरीर देकर पुत्र की बरामदगी की गुहार लगाई थी। आज वाजिद का शव मीरापुर में मिलने की सूचना मिली, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि वाजिद की लगभग 9 वर्ष पहले शादी हुई थी और उसके दो पुत्र है। युवक की मौत से परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन वाजिद का शव लेने मीरापुर चले गए है।

# पेट्रोल पम्प स्वामी और कर्मचारियों ने ग्राहक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** पेट्रोल पंप स्वामी और उसके कर्मचारियों ने एक ग्राहक के साथ जमकर डंडे से मारपीट की, जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर अभी उर्फ अभिपुरा निवासी शिवम् पुत्र सोपाल सिंह ने नांगल पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि वह शेरपुर अभी पेट्रोल पंप पर अपनी बाइक में पेट्रोल डलवाने गया था। लेकिन हेलमेंट नहीं होने का हवाला देकर पेट्रोल पंप पर मौजूद कर्मचारियों ने उसकी बाइक में पेट्रोल नहीं डाला। जब वह अगले दिन पंप पर पेट्रोल डलवाने गया तो कर्मचारी बिना हेलमेट वालों को भी पेट्रोल डाल रहे थे। जब उसने इसका विरोध किया और पूछा कि कल तो आपने मुझे बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं दिया था। इसी बात पर पेट्रोल पंप के कर्मचारी आग बबूला हो गए। पेट्रोल पंप स्वामी पंकज, उसके बड़े लड़के और पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने उसके साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट की जिससे उसके गंभीर चोटे लगी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पीड़ित ने पुलिस से की कार्रवाई की मांग

## पुलिस ने नगर में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का दिया भरोसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था और कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से मुख्य मार्गों व अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त किया गया।

थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह स्वयं पुलिस टीम के साथ नगर के प्रमुख मार्गों, बाजारों, चौराहों और संवे. दनशील स्थानों से होकर गुजरे। इस दौरान पुलिस ने लोगों से संवाद भी किया और उन्हें आश्वस्त किया कि क्षेत्र में हर हाल में अमन-चैन कायम रखा जाएगा। पैदल गश्त के दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों पर भी नजर रखी। साथ ही भीड़-भाड़ वाली जगहों पर सतर्कता बरती गई, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना की संभावना न रहे। थाना प्रभारी ने व्यापारियों, राहगीरों और आम नागरिकों से बातचीत कर उन्हें भरोसा दिलाया कि पुलिस हर समय उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर है। थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा लगातार गश्त और चैकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य अपराधियों में डर और आमजन में सुरक्षा का भाव पैदा करना है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# पालिका ने चलाया स्वच्छता अभियान

### ईओ ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर पालिका द्वारा चलाए जा रहे डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण एवं सेग्रीगेशन जागरूकता अभियान को लेकर नगरवासी बेहद उत्साहित हैं। अधिशासी अधिकारी विजेन्द्र सिंह पाल के नेतृत्व में नगर की सफाई व्यवस्था लगातार बेहतर होती जा रही है।



शासन से प्राप्त निर्देशों का पालन करते हुए नगर पालिका ने यह अभियान 4 सितम्बर से आरम्भ किया है। जिसके अन्तर्गत अब तक वार्ड संख्या 10, 19 और 20 को कवर किया जा चुका है। आज वार्ड संख्या 07 मौहल्ला कस्बा में अभियान चलाया गय। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी ने स्वयं पहुंचकर वार्डवासियों को जागरूक किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि घरों से निकलने वाले कूड़े को गीला और सूखा अलग-अलग करके निकाय के वाहनों को सौंपें। साथ ही उन्होंने होम कम्पोस्टिंग और गार्डनिंग टेरिस गार्डनिंग के महत्व को समझाते हुए बताया कि घरों में निकलने वाला गीला कचरा खाद में बदलकर पर्यावरण को सुरक्षित रखने में मदद कर सकता है। अभियान के दौरान विजेंदर सिंह पाल ने सफाई व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने वार्डवासियों की समस्याएं सुनीं और पेयजल आपूर्ति, नालियों की सफाई तथा अन्य कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश संबंधित कर्मचारियों को दिए। उनकी सक्रियता और तत्परता से लोगों में संतोष और विश्वास का भाव देखने को मिला। अभियान में वरिष्ठ लिपिक देवेन्द्र सिंह, लिपिक चाँदनी रईस, मौहम्मद शान, अमित कुमार पम्प चालक, ओमप्रकाश सिंह सफाई प्रभारी, मौहम्मद अकरम, कम्प्यूटर ऑपरेटर रामगोपाल सिंह तथा सफाई नायक पप्पू अरुण कुमार, दीपक सहित नगर पालिका के तमाम कर्मचारी शामिल रहे। सभी ने मिलकर वार्डवासियों को जागरूक किया और सफाई का महत्व समझाया। नगरवासी भी इस पहल से खुश नजर आए और उन्होंने अधिशासी अधिकारी विजेन्द्र सिंह पाल तथा नगर पालिका टीम की मेहनत की सराहना की। लोगों ने कहा कि पिछले कुछ समय से नगर की सफाई व्यवस्था में बड़ा सुधार हुआ है। नगर पालिका परिषद ने स्पष्ट किया है कि आने वाले दिनों में पूरे नगर को इस अभियान के दायरे में लाया जाएगा। इसके माध्यम से हर घर तक सफाई का संदेश पहुंचेगा और नगर को साफ-सुथरा बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

# सांसद विधायक खेल स्पर्धा के लिए सबसे बड़े विकास खंड का प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**०विधानसभा वार खिलाड़ियों का पंजीकरण युवा साथी पोर्टल पर दिए विकल्प के अनुसार होगा**

**सम्भल।** शासन के आदेश पर खेल विभाग एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न आयु वर्ग में (सब जुनियर, जूनियर एवं सीनियर) में जनपद स्तर पर सांसद खेल स्पर्धा तथा विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले विकास खण्डों में से यथा सम्भव सबसे बड़े विकास खण्ड को प्रतियोगिता के आयोजन के लिए चयनित किया जायेगा।

युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल के पत्रांक अनुसार विधायक खेल स्पर्धा 08 विधाओं यथा एथलेटिक्स, कबडडी, कुश्ती, वालीबाल, फुटबाल, भारोत्तलन, जूडो एवं बैडमिन्टन में विधानसभा क्षेत्र में खिलाड़ियों की उपलब्धता के अनुसार सब जुनियर, जूनियर एवं सीनियर आयु वर्ग में महिला /बालिका एवं पुरुष/बालक श्रेणी में आयोजित कराया जायेगा। जिसके लिए विधान सभा वार खिलाडियों का पंजीकरण युवा साथी पोर्टल पर दिये गये विकल्पों के अनुसार कराया जायेगा। विधायक खेल स्पर्धा मे प्रतिभाग करने के लिए खिलाड़ी अपना पंजीकरण ऑनलाइन युवा साथी पोर्टल पर विधायक खेल स्पर्धा पंजीयन टैब पर अपना विवरण अंकित करते हुए जन्मतिथि से सम्बन्धित प्रमाण एवं आधार अपलोड करते हुये पंजीकरण कर सकते है।



सम्भल- शूटिंग रेंज में विजयी प्रतिभागी बच्चों से वार्ता कर प्रोत्साहित करते डीएम डा. राजेन्द्र पैंसिया।

# शूटिंग रेंज राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में बनाई जगह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जयपुर में आयोजित 48जी उत्तर प्रदेश स्टेट शूटिंग चैम्पियनशिप 2025 में जिले के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतिभागी प्रशिक्षुओं में 11 ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह बनायी। में 30 अगस्त से 7 सितम्बर तक इंडोर शूटिंग रेंज का जयपुर में आयोजन किया गया था। प्रतिभागी प्रशिक्षुओं ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन कर 11 ने प्री-नेशनल व नॉर्थ जोन जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए क्वालीफाई किया। प्रतिभागियों में अभिमन्यु सिंह (एयर राइफल यूथ वर्ग), मृत्युंजय सिंह, आरव चिकारा, त्रेहान, अविराज आजाद (एयर पिस्टल सब-यूथ वर्ग), नैतिक तिवारी, आराध्य यादव, युवराज, (एयर राइफल सब युथ वर्ग), आराध्या (एयर पिस्टल महिला वर्ग) और नीरज कुमार, सुरेंद्र सिंह (एयर राइफल पुरुष वर्ग), सुनील कुमार सहित अन्य खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। वापस आने पर जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए निर्देशित किया और कहा कि सम्भल के युवा निशानेबाजों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। आने वाले समय में ये खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर उप क्रीड़ा अधिकारी प्रमिला भारती, शूटिंग कोच मयंक कुमार, वीरपाल सिंह, आदि गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

## बबराला में 20 सितम्बर से होगा रामलीला मंचन

**बबराला।** नगर पंचायत बबराला के कार्यालय के सामने मैदान पर रामलीला का आयोजन 20 सितम्बर से किया जाएगा। नगर बबराला में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामलीला का आयोजन 20 सितम्बर 2025 से आरंभ होगा। इसमें कलाकार रामलीला का पाठ करेंगे।

# पंचायत स्तर की बैठक में सदस्यों की होनी चाहिये सहभागिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**०बाल कल्याण संरक्षण समिति की बैठक में दिए गए निर्देश**

**बबराल।** विकास खण्ड गुन्नौर में मिशन वात्सल्य के अन्तर्गत ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में बाल विवाह, परिवार की देखरेख, हिंसा व दुर्व्यवहार से बचने और संरक्षण पर चर्चा की गई।

जिलाधिकारी के निर्देश पर विकास खंड गुन्नौर के सभागार में आयोजित बैठक में बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रभारी लक्ष्मीना देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। समिति की बैठक में बालकों को बाल संरक्षण एवं सशक्त सरक्षणात्मक परिवेश पालन पोषण करने, बाल श्रम, बाल तस्करी बाल विवाह, परिवार की देख-रेख पाने, हिंसा व दुर्व्यवहार से बचने और संरक्षण जैसे विषय पर चर्चा की गयी। किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 एवं बाल संरक्षण एवं कल्याण से जुड़ी योजनाओं को विस्तृत रूप से बताते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियमित समीक्षा हेतु कहा। बैठक में संरक्षण अधिकारी तेजपाल यादव ने सरकार द्वारा बालकों के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल विवाह, बाल श्रम आदि के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुये इन योजनाओ के अन्तर्गत पात्र बालको को नियमानुसार लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। जबकि हेल्पलाइन नंबर के बारे में विस्तृत रूप मे बताते हुये इन सभी को प्रयोग पर ज़ोर दिया गया। सहायक विकास अधिकारी उमेश कुमार ने बैठक के माध्यम से सभी सचिवों को निर्देश दिये कि ग्राम पंचायत स्तर की बैठक में समस्त सदस्यों की सक्रिय सहभागिता होनी चाहिए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। बैठक में स्वास्थ्य विभाग से डॉ आशीष कुमार गुप्ता, शिक्षा विभाग से अंकित कुमार, अददनान हुसैन, आर. एस. जाफरी आदि उपस्थित रहे।

# योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना के लाभ को नौ नवम्बर को कराई जाएगी परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा का आयोजन 09 नवम्बर को प्रदेश के सभी जनपदों में निर्धरित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित किया जाना है। इस परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन से प्रारम्भ है। ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 24 सितम्बर निधरित की गयी है। ऑनलाइन आवेदन के अलावा डाक द्वारा या अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार्य नहीं किये जायेंगे। उक्त परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन करने तथा परीक्षा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी वेबसाईट से ली जा सकती है। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में वे छात्र-छात्राएं शामिल हो सकते हैं। जिन्होंने शैक्षिक सत्र 2024-25 में कक्षा 7 की परीक्षा न्यूनतम 55 प्रतिशत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 5 प्रतिशत की छूट है अंको के साथ उत्तीर्ण की हो। ऐसे छात्र-छात्राएं जो सत्र 2025-26 में राजकीय/ अशासकीय सहायता प्राप्त स्थानीय निकाय परिषदीय के विद्यालय में कक्षा 8 में अध्ययनरत् हो।

# गुरुवंदन छात्र अभिनंदन उत्साह के साथ हुआ सम्पन्न

**०20 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** भारत विकास परिषद् के तत्वावधान गुरुवन्दन एवं छात्र अभिनन्दन में शहर के बीस विद्यालयों में उत्साह के साथ सम्पन्न किया गया।

इस अवसर पर परिषद् की अध्यक्षा प्राची गुप्ता एवं उनकी पूरी टीम ने एवं भारत विकास परिषद के सदस्यों ने विद्यालयों में पहुँचकर शिक्षकों को सम्मानित किया तथा प्रतिभा में अग्रणी छात्रों का अभिनन्दन किया। सभी शिक्षकों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 40 शिक्षकों और 150 विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी विद्यालयों में प्रधानाचार्य एवं स्टाफ ने सहयोग देकर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। अध्यक्षा प्राची गुप्ता ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। परिषद् समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताएँ और सामाजिक कार्यक्रम जैसे बेटी बचाओ/बेटी पढ़ाओ अभियान, हीमोग्लोबिन टेस्ट इत्यादि विद्यालयों में आयोजित करती रहती है। प्रतिवर्ष शहर के विभिन्न विद्यालयों में इस प्रकार के आयोजन कर शिक्षकों और छात्रों का सम्मान किया जाता है। भारत विकास परिषद् का यह प्रयास शिक्षा, संस्कार और समाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने में अत्यंत सराहनीय कदम है। कार्यक्रम में सहयोग करने वालों में विशेष रूप से नीरा गर्ग अजय रस्तोगी अजय गुप्तासचिन रस्तोगी मुकेश रस्तोगी आलोक गुप्ता राजुल रस्तोगी डा. नितिन दालभ शरद गुप्ता राकेश अग्रवाल विकास अग्रवाल मुदिता गुप्ता मंजू रस्तोगी पारुल रस्तोगी बिंदु रस्तोगी सुनील रस्तोगी संजय देओल विपुल अग्रवाल आदि का सहयोग रहा । समस्त कार्यक्रम का संचालन अमित गुप्ता एवं शशि भूषण शास्त्री द्वारा किया गया।अध्यक्षा प्राची गुप्ता ने सभी सदस्यों का सहयोग के लिए आभार जताया।



सम्भल- गुरूवंदन कार्यक्रम सफल बनाने को प्रधानाचार्य नरेन्द्र वर्तवाल को सम्मानित करते।

## पूर्व चेयरमैन ने की प्रधानाचार्य की प्रशंसा

**सम्भल।** ग्रीन वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल में प्रधानाचार्य छवि रस्तोगी के शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों की प्रशंसा की। जबकि पूर्व चैयरमेन व उर्दू अकामदी की पूर्व अध्यक्षा तरन्नुम अकील मौजूद रहीं। उन्होने प्रधानाचार्य की जमकर प्रशंसा की।

# शासन की योजनाओं में लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**०बैंकों की समीक्षा बैठक में धीमी प्रगति पर समन्वयकों को दिए सख्त निर्देश**

**सम्भल।** बैंकों की समीक्षा बैठक में उद्योग विभाग के अंतर्गत सीएम युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत आये आवेदन पर जानकारी ली। जबकि प्रगति धीमी होने पर नाराजगी जतायी और योजना बनाते हुए कार्य करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि इसमें प्रगति धीमी है, योजना बनाते हुए कार्य करना सुनिश्चित करें। बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत बैंक में सीसीएल की लंबित पत्रावली की बैंक वार जानकारी ली। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट ने सभी बैंकों के जिला समन्वयकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शासन की योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, शासन की योजनाओं को प्राथमिकता पर रखना सुनिश्चित करें। उद्यान विभाग की योजना पीएमएफएमई को लेकर भी बैंक वार जानकारी प्राप्त की गयी। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर निर्देशित करते हुए कहा कि इसके अंतर्गत अधिक से अधिक लोन करें यह शासन की प्रमुख फ्लैगशिप योजनाओं में से एक है। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट द्वारा माटी कला योजना के अन्तर्गत आवेदन, लंबित आवेदनों आदि के विषय में बैंक वार जानकारी लेकर सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग शैलेंद्र सिंह, एलडीएम ललित कुमार राय एवं बैंकों के जिला समन्वयक एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बूथों पर मजबूती को कांग्रेस ने बीएलए नियुक्त कर सौंपी जिम्मेदारियां



सम्भल- कांग्रेस की बैठक में बूथों को नियुक्त कर सममानित किए गए बीएलए।

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त रूप से बूथों पर पार्टी की मजबूती के लिए काम करना शुरू कर दिया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने जनपद को चार भागो मे विभाजित कर बीएलए की नियुक्ति की और नवनियुक्त बीएलए को जिम्मेदारियां सौंपी।

चौधरी सराय स्थित तरीन कैम्पस में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष आरिफ तुर्की ने बूथ अध्यक्ष एवं बी. एल. ए. को लेकर जिले को चार भागों में बांटकर अलग-अलग विधानसभा की जिम्मेदारियां सौंपी। बैठक में सम्भल विधानसभा से मुशीर खान तारीन, असमोली विधानसभा से हाजी मरगूब आलम, चंदोसी विधानसभा से डी के वाल्मीकि और गुन्नौर विधानसभा से सुनील यादव को, जिम्मेदारी दी गई। जबकि हर बूथ पर बूथ अध्यक्ष एवं प्रत्येक बूथ पर बी.एल. ए. की नियुक्ति उपरोक्त चारो व्यक्तियों 30 सितम्बर तक कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारीयो का मुशीर खान तरीन ने स्वागत किया। तत्पश्चात गुन्नौर ब्लॉक अध्यक्ष प्रेमपाल शर्मा के निधन पर उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किर श्रृद्धांजलि दी। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष शिव किशोर गौतम, प्रदेश उपाध्यक्ष रिजवान कुरैशी जी,कॉर्डिनेटर परवेज आरिफ टीटू,कॉर्डिनेटर विनीत त्यागी,सलमान तुर्की, सुनील यादव, आरिफ तनवीर खान, इरफान खान, अमित उठवाल एडवोकेट, रईस मसूदी, दाऊद पाशा, इशरत जहां, रानी परवीन, आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

# साइबर अपराध के खिलाफ किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**०ऑन लाइन ठगी से बचाव के बताए उपाय**

**सम्भल।** बाबा रतन गिरि आदर्श इंटर कॉलेज में गुरुवार को कैला देवी थाना प्रभारी सौरभ त्यागी ने कालेज पहुंचकर छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधसे संबंधित जानकारी देते हुए जागरूक किया तथा किसी भी तरह के अपराध से दूर रहने और केवल पढ़ाई पर फोकस करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही विद्यार्थियों को हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी की गई।

कैला देवी थाना प्रभारी सौरभ त्यागी गुरुवार को बाबा रतन गिरि आदर्श इंटर कालेज में पहूंचे। जहां उन्होंने विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी, साइबर अपराध जैसे अपराधों से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि छात्र किसी भी प्रकार के ऑनलाइन सटटेबाजी, ऑनलाइन गेमिंग के चक्कर में न पड़ें। किसी भी प्रकार का लालच देकर आपके साथ धोखाधड़ी की जा सकती है। उन्होंने साइबर अपराध से बचाव हेतु सभी छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। इसके अलावा हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। थाना प्रभारी ने कहा कि आप केवल अपनी पढ़ाई पर फोकस करें। आपके माता-पिता आपको पढ़ने भेज रहे हैं तो केवल उसी पर ध्यान दें। उन्होंने छात्राओं के लिए भी हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी तथा किसी प्रकार की समस्या होने पर थाने में शिकायत दर्ज करने तथा हेल्पलाइन नंबरों का प्रयोग करने के बारे में अवगत कराया। इस दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य अशोक कुमार, मोहरपाल सिंह, ब्रजेश कुमार, गिरवर सिंह, सुधीर कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सभी को सरकार की योजनाओं का मिल रहा है लाभ

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर पंचायत गुन्नौर के सभागार में भारतीय जनता पार्टी गुन्नौर मण्डल की सेवा पखवाड़ा की मंडल कार्यशाला सम्पन्न हुई।जिसमें आगामी पार्टी गतिविधियों एवं संगठनात्मक कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा हुई।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह उर्फ आप सभी के सहयोग एवं समर्पण से ही संगठन मजबूत बनता है और सेवा का मार्ग प्रशस्त होता है।भाजपा की कार्यकर्ता रीढ़ हैं। वह भाजपा की नीतियों व योजनाओं का प्रसार कर लोगों को इससे अवगत कराएं। पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की योजनाओं से सभी को लाभ मिल रहा है। देश व प्रदेश की सरकार सबका साथ सबका विकास कर रही है। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय,धर्मेन्द्र प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# भगतानगला में श्राद्धों में ब्राह्मणों की नो एंट्री

**०गांव में अनोखी प्रथा, 65 वर्ष से लागू है बंदिश**

**अनिरूद्ध शर्मा**

**बबराला।** श्राद्ध में ब्राह्मणों को जिमाने भोज कराकर अपने पितरों की क्षुदा शांत करने की प्रथा चली आ रही है लेकिन एक गांव ऐसा भी है जहां श्राद्धों में ब्राह्मणों की नो एंट्री है। श्रृद्धा के पन्द्रह दिनों में हिन्दुओं में ब्राह्मणों की डिमांड बढ़ जाती है। हिन्दू धर्मावलंबी ब्राह्मणों को भोजन कराते हैं और अपने पितरों की क्षुदा शांत करते हैं। फिर दान दक्षिणा दे मान सम्मान से विदा करते हैं। लेकिन गुन्नौर तहसील क्षेत्र के भगतानगला ग्राम में श्राद्ध के दिनों में ब्राह्मणों की नो एंट्री है। यह अविश्वसनीय है पर सच है। एक ब्राह्मणी के वरदान मिश्रित शाप से अभिशप्त भगतानगला गांव में करीब 65 वर्ष से बंदिश लागू है। भगतानगला के ग्रामीणों को इसका कोई गिला भी नहीं है। वे मानते हैं कि ब्राह्मणी के आदेश का पालन करके वे और उनके पशु हर बीमारी से बचते हैं। इस नियम के पीछे एक किवदंती है। बात करीब 65 वर्ष पूर्व की है। गांव शाहजहांनाबाद में एक ब्राह्मण रामस्वरूप रहते थे। बताया जाता है कि यादव बहुल गांव भगतानगला के कुछ लोग श्राद्ध के दिनों में पंडित जी को बुलाने शाहजहानाबाद पहुंचे। उस समय घर पर पंडित जी नहीं थे। इसलिए लोगों के आग्रह पर उनकी पत्नी भगतानगला चली आईं। इन लोगों ने ब्राह्मणी को दो चार दिन गांव में रोककर खूब सत्कार किया। उसके बाद ससम्मान शाहजहानाबाद छोड़ आए। इधर पत्नी के बिना बताए दो चार दिन घर से बाहर रहने से पंडित जी नाराज हुए। उन्होंने पत्नी पर चरित्रहीनता का आरोप लगाकर घर से निकाल दिया। बेबस पंडिताइन वापस भगतानगला आईं। यहां उन्होंने सभी ग्रामीणों को इकठ्ठा कर बोलीं यह सब तुम लोगों की वजह से हुआ है। उन पर जो बीती सो बीती पर वे लोग यह प्रन करें कि श्राद्ध के दिनों में किसी ब्राह्मण को भोजन नहीं कराएंगे। यदि ऐसा किया तो उन पर भारी विपदा आयेगी। यदि उनकी बात मानी तो वे और उनके जानवर हमेशा निरोग रहेंगे। यह कहने के बाद ब्राह्मणी वहां से चली गईं। तब से आज तक ग्रामीण पंडिताइन के आदेश का पूर्णरूप से पालन कर रहे हैं। वे श्राद्ध के दिनों में ब्राह्मणों को गांव में प्रवेश ही नहीं करने देते। यदि कोई ब्राह्मण भूलवश गांव में आ जाता है तो हाथ जोड़कर उसे गांव से जाने को कहते हैं। हाँ अन्य दिनों में यह लोग ब्राह्मणों को पूरा सम्मान देते हैं। ग्रामीण कोमिल यादव व प्रदीप ने बताया कि उनके इस कृत्य से पितरों और ब्राह्मणों की भावनाओं को ठेस पहुँचती है तो उनका दोष नहीं।वे तो ब्राह्मणी और बुजुर्गों का आदेश मान रहे हैं।

## एक नज़र इधर भी

### बदायूं सांसद 15 को आएंगे बबराला

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** समाजवादी पार्टी के बदायूँ लोकसभा क्षेत्र से सांसद आदित्य यादव 15 सितम्बर 2025 को प्रात: 9 बजे से लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन बबराला में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं व आम जनता से मुलाकात करेगें। तत्पश्चात् विधानसभा क्षेत्र गुन्नौर में आयोजित विभिन्न राजनैतिक व निजी कार्यक्रमों में सम्मिलित होगे। रात्रि विश्राम बदायूॅ स्थित अपने निज निवास डी.एम0 रोड सि.ला, बदायूॅ में करेगें। यह जानकारी उनके निजी सचिव अनिल गोस्वामी ने दी।



बबराला-गुन्नौर कोतवाली से स्थानांतरित उपनिरीक्षकों का सम्मान करते।

### स्थानांतरित उपनिरीक्षकों को दी विदाई

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** कोतवाली गुन्नौर से उपनिरीक्षक विजय सिंह व उप निरीक्षक चेतराम सिंह का आगरा रेंज में स्थानान्तरण होने पर कोतवाली गुन्नौर में समाजिक कार्यकर्ता अकील खान गुडडा, खालिद पीरजादा, बबलू, यादव, आदिल पीरजादा, हफीज खा, लईक कुरेशी आदि द्वारा शॉल उढ़ाकर व माला पहनाकर विदाई समारोह किया। उनको मिठाई खिलाई। दोनों उपनिरीक्षक ने कहा कि गुन्नौर में उनकी सर्विस अच्छी रही। यहां के लोगों ने पुलिस का सहयोग किया। जिससे वह अपने कार्य को करने में सफल रहे।आप सभी की हमें हमेशा याद आएगी।

### हर्षोल्लास से मनेगा भवान वाल्मीकि प्रकटोत्सव

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** वाल्मीकि युवा मंच की बैठक में भगवान वाल्मीकि के प्रकट उत्सव हर्षोल्लास मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सम्भल में निकलने वाली शोभायात्रा की सार्थक बनाने पर चर्चा करते हुए तैयारियां शुरू करने की को कहा गया। जबकि नगर पालिका सम्भल के अधिशासी अधिकारी से जल्द शोभायात्रा मार्ग को सही कराने व लाइट, स्वच्छता, नगर पालिका सम्भल सफाई कर्मचारियों के एक दिवसीय अवकाश आदि मुद्दों को लेकर मिलने का निर्णय लिया। बैठक की शुरुआत जय भीम - जय वाल्मीकि जी के नारों से की गई, संचालन अजय कुमार वाल्मीकि व अध्यक्षता एडवोकेट अमरजीत सिंह ने की। संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, व शहर के सभी सम्मानित साथी, बढ़े बुजुर्ग आदि मौजूद रहे।

# स्वच्छता के प्रति किया जागरूक



बबराला-लोहिया कालोनी में गीला और सूखा कचरे को जागरूक करते।

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर पंचायत बबराला में नगर विकास विभाग एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वाधान में नगर पंचायत बबराला अधिशासी अधिकारी के निर्देशानुसार गुरुवार को नगर पंचायत बबराला के वार्ड 03 लोहिया कालोनी में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन मोहल्ला निगरानी समिति के अधयक्ष व कार्यालय सहायक और सफाई मित्रों के सहयोग से डोर टू डोर गीला -सूखा कचरा अलग-अलग देने के लिए वार्ड वासियों को जागरूक किया गया और बैनर,पम्पलेट व कचरा अलग-अलग करके डैमो किया गया। आईटीसी मिशन सुनहरा कल के कॉर्डिनेटर करन सिंह ने इस अभियान के दौरान मोहल्ले के लोगों को घर-घर कूड़ा सेग्रीगेशन (गीला-सूखा अलग करना) होम कम्पोस्टिंग की प्रैक्रिया, स्वच्छ वातावरण से होने वाले स्वास्थ्य लाभ सामुदायिक भागीदारी की अहमियतता प्रतिबंधित पॉलीथिन की जगह जूट या कपड़े के थैले इस्तेमाल करने। जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

# फसल बुवाई से पूर्व उर्वरकों का कराया जाए वितरण



सम्भल- उर्वरक वितरण की मांग को ज्ञापन देते भाकियू असली कार्यकर्ता।

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** धान की फसल की कटाई के साथ आलू की फसल बुवाई के लिए फोस्फेटिक उर्वरकों की बिक्री प्रारम्भ नहीं करने पर भाकियू असली कार्यकर्ताओं ने रोष जताया और खुलेआम काला बाजारी करने के साथ इसका वितरण प्रारम्भ कराने के निर्देश दिए।

गुरूवार को भाकियू असली कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि धान की कटाई का कार्य प्रारम्भ हो चुका है जबकि इसी के साथ सरसों और आल की महत्वपर्ण फसलारें की बुवाई का कार्य भी प्रारम्भ हो चुका है। जिसके लिए किसानों को फास्फेटिक उर्वरकों की अति आवश्यकता है,क्योंकि इनके बिनाआगामी फसलों की बिजाई असम्भव है जबकि सहकारी समितियां इन उर्वरकों की बिक्री नहीं कर रही है। किसानों ने आरोप लगाते हुए कहा कि कृषि विभाग के संरक्षण में बाजार में खुलेआम काला बाजारी हो रही है। यही हाल रहा तो आामी समय में जिले का किसान इन उर्वरकों के लिए सड़कों पर और उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर लाइन में खड़े होंगे। किसानों ने उर्वरक का वितरण आगामी समस्या के मददेनजर तत्काल प्रारम्भ कराने की मांग की। जबकि राजस्व अभिलेखो में किसासनों के अंशों को गलत दर्ज कर ने और अंश दुरूस्ती के लिए किसानों द्वारा लम्बे समय से मांग उठायी जा रही है।

# सांसद की अध्यक्षता में सर्किट हाउस में संपन्न हुई जिला विकास समन्वय निगरानी समिति की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सर्किट हाउस के सभागार में सांसद कुंव. रानी रुचि वीरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, आईसीडीएस, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पशुपालन, डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, मध्याह्न भोजन योजना, समग्र शिक्षा, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, सुगम्य भारत अभियान, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, खेलो इंडिया, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, ई-श्रम पोर्टल, मनरेगा, तीर्थ यात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान सहित केंद्र सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं के बारे में विस्तृत समीक्षा की। स्वयं सहायता समूहों के गठन के बारे में डीसी एनआरएलएम ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत इस वर्ष 3826 का लक्ष्य शासन द्वारा निर्धारित है। 1564 समूहों का गठन हो चुका है और शेष लक्ष्य मार्च 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। समूहों को सक्रिय करके उन्हें रोजगार के अवसरों के सृजन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। सांसद ने कहा कि समूहों द्वारा तैयार उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने और बिक्री कराने के लिए भी प्रभावी कदम उठाए जाएं। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि दिवाली एवं अन्य महत्वपूर्ण त्योहारों के अवसर पर स्थानीय स्तर पर तैयार उत्पादों की बिक्री के लिए मेले आयोजित हों। सांसद ने कहा कि उत्पादों की बिक्री के लिए मौका और मार्केट मुहैया कराना बहुत जरूरी हैं।



धरातल पर योजनाओं का पूरी पारदर्शिता के साथ क्रियान्वयन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अधिकतर लोग स्थाई रूप से सेवायोजित नहीं हो पा रहे हैं, इसलिए उन्हें प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण को और अधिक बेहतर बनाया जाए। उन्होंने जिला चिकित्सालय सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों की कमी हो पूरा करने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में पूंछा, जिस पर सीएमओ ने बताया कि डॉक्टरों के चयन के लिए 15 सितंबर को इंटरव्यू किया जाएगा। बैठक में विधान परिषद सदस्य श्री जयपाल सिंह व्यस्त ने जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना का मुद्दा उठाया, जिसपर सांसद ने कहा कि जिलाधिकारी और सीएमओ सभी मानकों की पूर्ति कराते हुए प्रस्ताव भेजें। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रहें ताकि प्राथमिक उपचार प्रदान करने में कोई दिक्कत न रहे। सांसद ने कहा कि भारी टोल वसूली के बावजूद भी नेशनल हाइवे पर कोई सुविधा नहीं है। उन्होंने जगह जगह जलभराव और अनाधिकृत कट होने की वजह से हो रही दिक्कतों पर नाराजगी जताई और कहा कि इसके लिए जिम्मेदार कार्यदाई संस्था ब्लैकलिस्ट होनी चाहिए। जलभराव की समस्या के समाधान को लेकर एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि पंपिंग सेट के माध्यम से पानी निकलवा दिया जाता है, जिस पर सांसद ने नाराजगी जताई और कहा कि यह मानकों के विपरीत है और वे इस लाप. रवाही को लेकर मा. केंद्रीय मंत्री को भी जानकारी दी जाएगी। सांसद ने क्रीड़ा अधिकारी को निर्देश दिए कि वे जिले में शूटिंग रेंज की स्थापना के लिए प्रस्ताव तैयार करके शासन को भेजें। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी द्वारा बारिश और बाद के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों के प्रस्ताव सभी जनप्रतिनिधियों से ले लिए जाएं। पाइपला. इन के माध्यम से गैस आपूर्ति के लिए बिछाई जा रही लाइन के लिए मानकों का सत्यापन करा लिया जाए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शैफाली सिंह, विधान परिषद सदस्य जयपाल सिंह व्यस्त, विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान, जिलाधिकारी अनुज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, एडीएम प्रशासन गुलाब चंद्र, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी गण मौजूद रहे।

## एक अक्टूबर से धान क्रय केन्द्रों का होगा संचालन

■ खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा सामान्य धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित।

**मुरादाबाद।** जिला खाद्य विपणन अधिकारी विनीता मिश्रा ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा सामान्य धान के लिए रुपये 2369 प्रति क्विंटल एवं ग्रेड-ए धान के लिए रुपये 2389 प्रति क्विंटल का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) घोषित किया गया है। इसके अन्तर्गत जनपद में दिनांक 01 अक्टूबर 2025 से धान क्रय केन्द्रों का संचालन प्रारम्भ किया जायेगा और 47 धान क्रय केन्द्र खोले गये है। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा जनपद में स्थित क्रय केन्द्रों पर कृषकों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान क्रय की व्यापक व्यवस्था की जा रही है। किसानों को योजना से जोड़ने तथा लाभप्रद मूल्य दिलाने के उद्देश्य से विभाग द्वारा प्रचार-प्रसार एवं जागरुकता अभियान प्रारम्भ किया जा रहा है। किसान राजकीय क्रय केन्द्रों पर धान विक्रय हेतु पंजीकरण खाद्य विभाग की वेबसाइट ेजजचे://बि.नच.हवअ. पद पर सकते हैं। यह पंजीयन कृषकगण किसी जनसुविधा केन्द्र, धान क्रय केन्द्र, किसान मित्र ऐप व स्वयं खाद्य विभाग के पोर्टल पर आधार कार्ड व खतौनी के माध्यम से कर सकते है। पंजीयन किए जाने के उपरान्त इस पंजीयन का सत्यापन संबंधित तहसील स्तर से किया जायेगा। सत्यापन उपरान्त कृषक अपना धान सुविधानुसार किसी भी सरकारी क्रय केन्द्र पर विक्रय कर सकते है।

बिना पंजीकरण के विक्रय की अनुमति नहीं होगी। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने समस्त कृषकों से अपील की है इस व्यवस्था का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाना, बिचौलियों की भूमिका समाप्त करना तथा राज्य सरकार की न्यायसंगत एवं पारदर्शी क्रय नीति को सफलतापूर्वक लागू करना है। कृषगण अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला खाद्य विपणन अधिकारी तथा मो0 नम्बर 84003 34138, 7899917890, 775500 2812, 9335896163 व 80571 60712 पर संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

## भारत विकास परिषद ने गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम के अंतर्गत डीएसएम इंटर कॉलेज के बच्चों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** भारत विकास परिषद के तत्वाधान में आज गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम डी एस एम इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया। मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित किए गए विद्यार्थियों में निशांत कुमार पुत्र कमल कुमार, गणेश कुमार पुत्र प्रेम सिंह, हिमांशु कुमार पुत्र निर्मल सिंह कक्षा, आफिया नूर पुत्री नूर मोहम्मद कक्षा , तपिश कुमार पुत्र जितेंद्र पाल, कंचन पुत्री महेश कुमार, दीपांशु पुत्र राम सिंह शामिल रहे। कॉलेज के शिक्षक वीर सिंह को मेडल पहनाकर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट दीपक बिश्नोई तथा अध्यक्षता भारत विकास परिषद के अध्यक्ष महेश चंद्र गुप्ता ने की। महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज के प्रबंधक मुकेश माहेश्वरी ने अपने संबोधन में कहा कि संस्कार सेवा समर्पण के साथ भारत विकास परिषद समाज की सेवा कर रहा है उन्होंने बच्चों को माता-पिता एवं गुरुजनों के बताएं रास्ते पर अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिससे गरीबी को मिटाया जा सकता



है इसलिए लक्ष्य का निर्धारण करके पढ़ाई एवं तैयारी करें तो निश्चित ही सफलता प्राप्त होगीस प्रधानाचार्य डॉ कुमार देव अवस्थी ने कहा कि हमारे स्कूल में आयोग के द्वारा आए सभी योग्य अध्यापक है और छात्र-छात्राएं अनुशासन में रहकर के एक साथ पढ़ाई करते हैं स्कूल में रख रखाव एवं शिक्षा पर पूरा ध्यान आकर्षित है स्पोर्ट्स में भी स्कूल के बच्चे जिले में नगर का नाम रोशन कर रहे हैंस इस अवसर पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष महेश चंद गुप्ता, सचिव गौरव बिश्नोई, प्रद्युम्न बिश्नोई,सुरेश चौहान, सतपाल सिंह गुर्जर, सचिन चौहान, राजेश कुमार शर्मा,दीपक चौहान, पंकज भदौरिया,पुनीत चौहान, धन सिंह आदि उपस्थित रहे। 13 सितंबर को बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम सुबह 7:30 बजे किए जाने की जानकारी दी गई।

# गणेश मेले में हुआ कवि सम्मेलन का आयोजन

### कविता, गीत और हास्य से देर रात तक गूंजता रहा भूपाल रंगमंच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** गणेश मेला के भूपाल रंगमंच पर बीत रात अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी डा0 राजेन्द्र पैंसिया, पूर्व एमएलसी परमेश्वरलाल सैनी व उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी, एएसपी/सीओ चन्दौसी अनुज चौधरी द्वारा संयुक्त रुप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन कवि डा0 सौरभकांत शर्मा व कवयित्री डा0 दुर्गा टंडन ने किया। कवि डॉ. सौरभकांत शर्मा ने 'समय तराजू तोल रहा है...' कविता प्रस्तुत की।

कवयित्री डा0 दुर्गा टंडन ने संभल के तीर्थ स्थलों का वर्णन करते हुए काव्य पाठ किया। कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध कवि डॉ. हरिओम पंवार ने अपनी ओजस्वी कविता से श्रोताओं को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। कवयित्री शिखा, दीप्ति दीक्षित, मीनाक्षी व कवि दिनेश ने काव्य पाठ से समां बांधा। वहीं हरदोई से आए हास्य कवि अजीत शुक्ल ने अपनी रचनाओं से दर्शकों को ठहाकों पर लोटपोट कर दिया। भूपाल रंगमंच पर मेरठ से आए डॉ. हरिओम पंवार ने 'मैं पायल रोली कंगन के गीत नहीं गाने वाला' जैसी प्रस्तुति से माहौल गूंजा दिया। गाजियाबाद की कवयित्री शिक्षा दीक्षित ने 'रूह को तार-तार मत करना, बेवजह ऐतबार मत करना...जो



बना सके थे तुम्हें दुल्हन उस पर ऐतबार न करना...' सुनाकर वाहवाही पाई। दिल्ली की श्रंगार रस कवयित्री मीनाक्षी दिनेश ने 'सब कहते मुझको दूजे घर जाना है...' से भावविभोर कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि 'हम सिंदूर मिटाने वालों को रहने नहीं देंगे, मेरे देशवासियों को सताया कभी तो तुम्हें जीने नहीं देंगे। विख्यात कवि सुधीर भोला ने कहा 'कविता पाठ करुंगा, सीना तान के करुंगा......' उन्होंने कहा कि 'जहां-जहां खुदा है वहां-वहां भगवान मिला है....जो भी झूठ है क्यों अंदर है और झूठ के हाथ में क्यों पत्थर है.....'

कार्यक्रम में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया, एएसपी/सीओ अनुज चौधरी, मेले के मुख्य सचिव हरिगोपाल वार्ष्णेय, ललित किशोर गुप्ता, सुधीर गुप्ता, रविन्द्र कुमार रुपी, मनोज गुप्ता, डॉ. राजीव गुप्ता, विनय सर्राफ, लोकेन्द्र शर्मा, प्रजीत कुमार लालू, शशिकांत गुप्ता व राहुल चौधरी सहित अनेक गणमान्य मौजूद रहे।

## टिमिट में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत शपथ ग्रहण का आयोजन




**मुरादाबाद।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आज टिमिट, तीर्थंकर महाव. ीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद में स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षकों और छात्रों ने एक स्वर में शपथ ली कि वे अपने घर, विद्यालय, कार्यस्थल और सार्वजनिक स्थलों पर सदैव स्वच्छता बनाए रखेंगे तथा समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएँगे।शपथ ग्रहण समारोह में टिमिट के डीन प्रोफेसर विपिन जैन ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि "स्वच्छ भारत का सपना तभी साकार हो सकता है जब प्रत्येक नागरिक व्यक्तिगत स्तर पर स्वच्छता का संकल्प लेकर उसे जीवन में आत्मसात करे।" उन्होंने आगे कहा कि स्वच्छता केवल एक सरकारी अभियान नहीं बल्कि नागरिक जिम्मेदारी है, जिसे हमें दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए।इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान देने का संकल्प दोहराया।

# वैदिक परंपरा में कामधेनु, ऋषि और धरतीपुत्र पवित्र त्रिमूर्ति की मानिंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के भारतीय ज्ञान परम्परा केंद्र- आईकेएस सेंटर की ओर से स्वदेशी ज्ञान और आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए कृषि का समग्र दृष्टिकोण पर वर्चुअली 7वें राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में भारतीय परंपरागत कृषि ज्ञान जैसे- ऋषि परंपरा में वर्णित कृषि सिद्धांत, प्राकृतिक खेती, पंचगव्य और मौसम आधारित खेती को आधुनिक तकनीकों जैसे- कृत्रिम बुद्धिमत्ता-एआई, उपग्रह आधारित निगरानी, सेंसर आधारित सिंचाई प्रणाली और डेटा एनालिटिक्स के साथ एकीकृत कर किसानों की उत्पादकता, आर्थिक स्थायित्व, और पर्यावरणीय संरक्षण को सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। यूसीओएसटी- मानसखण्ड साइंस सेंटर के एमेरिटस वैज्ञानिक एवम् एचएफआरआई, अल्मोड़ा के पूर्व निद. ेशक डॉ. शेर सिंह सामंत ने हिमालय की अद्‌भुत जैव विविधता और उसमें कृषि की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने ठंडे रेगिस्तान क्षेत्रों में पारंपरिक कृषि का महत्व बताते हुए कहा, कठोर जलवायु में स्थानीय किसानों ने स्वदेशी ज्ञान के आधार पर खेती के अनुकूल तकनीकें




विकसित की हैं। डॉ. सामंत ने बताया कि फसलों की विविधता कम होने से न केवल खाद्य सुरक्षा पर असर पड़ता है, बल्कि पारिस्थितिकी तंत्र भी असंतुलित होता है। इससे पूर्व आईक्यूएसी डायरेक्टर प्रो. निशीथ मिश्रा ने यूनिवर्सिटी की आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. अलका अग्रवाल ने वोट ऑफ थैंक्स दिया। संचालन डॉ. माधव शर्मा ने किया। आई स्मार्ट लाइफ फाउंडेशन आईकेएस इंटीग्रेटर के संस्थापक डॉ. महेश लोहार ने वैदिक कृषि और कामधेनु की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए वन फैमिली-वन देशी गाय के राष्ट्रव्यापी मिशन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने वैदिक कृषि प्रणाली में गाय और ऋषि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, वैदिक परंपरा में कामधेनु, ऋषि और धरतीपुत्र को एक पवित्र त्रिमूर्ति माना गया है। कामधेनु न केवल कृषि कार्यों में सहायक है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

डॉ. लोहार ने वैदिक काल के कृषि ग्रंथ, जैसे नक्षत्र शास्त्र और पराशर ऋषि के कृषि ग्रंथ में चंद्र आधारित कृषि की विशेष महत्ता बताई। चंद्र कैलेंडर के अनुसार खेतों में बीज बोने, कटाई करने और अन्य कृषि कार्यों का समय निर्धारित किया जाता था, जिससे फसल की गुणवत्ता और उत्पादन में वृद्धि होती थी। जैन दर्शन में भी गाय के प्रति गहरी अहिंसा का संदेश है।

दून विश्वविद्यालय, देहरादून के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के डीन डॉ. एचसी पुरोहित ने जैन धर्म की आर्थिक समानता और कृषि के महत्व बोलते हुए कहा, जैन धर्म में आर्थिक समानता और समाज की समृद्धि का आधार कृषि है, जो राष्ट्र की जीडीपी में अहम योगदान देती है। कृषि न केवल आर्थिक विकास का स्तंभ है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक स्थिरता में भी इसका महत्वपूर्ण स्थान है। प्राचीन शास्त्रों में कृषि का विशेष वर्णन मिलता है। डॉ. पुरोहित ने कहा, 1947 के बाद भारत ने कृषि क्षेत्र में कई क्रांतियाँ पीली क्रांति- धान, सफेद क्रांति-दूध, नीली क्रांति- मछली पालन, भूरी क्रांति-चाय, और गोल्डन क्रांति- फल और सब्जियों इन क्रांतियों ने देश को आत्मनिर्भर बनाने में बड़ा योगदान दिया है। उन्होंने होलिस्टिक अप्रोच के महत्व पर बल देते हुए कहा कि स्वदेशी ज्ञान के साथ आधुनिक कृषि तकनीकों का समन्वय करके हम पर्यावरण के अनुकूल और आर्थिक रूप से टिकाऊ कृषि प्रणाली विकसित कर सकते हैं। उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी, हल्द्वानी के वनस्पति विज्ञान विभाग के एचओडी डॉ. सरस्वती नंदन ओझा ने पारंपरिक ज्ञान और स्वदेशी ज्ञान प्रणाली को लोगों की दैनिक गतिविधियों में केंद्रीय भूमिका देते हुए बताया कि यह ज्ञान हमारे भूमि, जल, और मिट्टी के प्रबंधन में महत्वपूर्ण योगदान देता है। जल संकट और भूमि क्षरण जैसी समस्याओं से निपटने के लिए स्थानीय समुदायों ने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए कई उपाय विकसित किए हैं, जो आज भी प्रभावी साबित हो रहे हैं। स्वदेशी ज्ञान न केवल कृषि विकास के लिए उपयोगी है, बल्कि यह भूमि, जल और मिट्टी के संरक्षण में भी एक समग्र और टिकाऊ दृष्टिकोण प्रदान करता है।

## एक नजर

### सांस के साथ ही टूट गई आस, चार बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गया तस्लीम



**कांठ।** सांस टूटते ही परिवार के लोगों की आस भी टूट गई तस्लीम चार बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गया सुबह उसे सुपुर्दे खाक किया गया। मृतक के जनाजे में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मुख्तियारपुर नवादा निवासी तस्लीम पुत्र कदीर बुधवार को दोपहर बाद बिजली के करंट की चपेट में आ गया जिसे सरकारी अस्पताल ले जाया गया लेकिन वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया मगर परिजनों का मन नहीं माना और वह उसे मुरादाबाद के अस्पताल में ले गए वहां भी चिकित्सकों ने हाथ खड़े कर दिए परिजन मृतक को लेकर घर आ गए लेकिन कुछ देर बाद उन्हें उसमें सांस चलने की आहट महसूस हुई तो परिजन दोबारा लेकर मुरादाबाद के निजी अस्पताल पहुंच गए लेकिन वहां भी तस्लीम को मृतक घोषित कर दिया गया। तीन-तीन बार मृतक घोषित करने के बाद परिजनों की आस भी टूट गई और रात करीब 10 बजे परिजन मृतक को अपने घर ले आए सुबह को स्थानीय कब्रिस्तान में उसे सुपुर्दे खाक कर दिया गया। मृतक के जनाजे में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए मृतक अपने पीछे छोटे छोटे चार बच्चे छोड़ गया है। इस हिर्दय विदायक घटना से गांव में शोक का माहौल है।

### एसडीएम ने किए सफाई कर्मी सम्मानित



**बिलारी।** पर्यूषण पर्व के दौरान श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर के आसपास नियमित सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने पर जैन समाज की ओर से नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। तहसील कार्यालय में उप जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह एवं तहसीलदार धीरेश कुमार के हाथों सफाई नायक अखिलेश कुमार, के साथ सफाई कर्मी हरिशंकर और अंकुश को प्रशस्ति पत्र दिलवाया गया। इस दौरान तहसीलदार राकेश जैन, कौशल जैन, नगर मेला कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन, दुष्यंत आदि भी मौजूद रहे। इन्होंने नगर में अच्छी सफाई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया।

### पशुधन विभाग के विशेष सचिव ने गो पूजा कर किया गोशाला का निरीक्षण



**कांठ।** पशुधन विभाग के विशेष सचिव देवेंद्र कुमार पांडे आज मानपुर मुजफ्फरपुर गौशाला पहुंचे और गायों को हरा चारा गुण खिलाकर उनका पूजन किया इसके बाद उन्होंने गौशाला की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने भूसा हरा चारा पशु आहार पीने का पानी नमक चूना आदि व्यवस्थाओं को देखा। इसके बाद गौशाला में पौधा रोपण करते हुए गौशाला के पास बनी अमरुद वाटिका का निरीक्षण किया। हालांकि निरीक्षण करके उन्होंने गौशाला की व्यवस्थाओं पर संतोष जाहिर किया। फिर भी उन्होंने गो संरक्षण में किसी प्रकार की कोताही न बरते जाने के लिए सचेत भी किया। बतादें की गौशालाओ के संचालन की जिम्मेदारी 10 ग्राम पंचायत को जोड़ कर दी गई है और ग्राम पंचायत के माध्यम से केयरटेकर और हरा चारा उपलब्ध कराया जाता है इस मौके पर अपर निदेशक पशुपालन मुरादाबाद मंडल मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी पशु चिकित्सा अधिकारी छजलैट विकास शर्मा जिला संयोजक पशु चिकित्सा अधिकारी मुंडा पांडे पशुधन प्रसार अधिकारी संजीव शर्मा ग्राम प्रधान अहमद अली ग्राम विकास अधिकारी दिगंबर राठी आदि मौजूद रहे।

### भागवत कथा स्थलों पर चेन स्नेचर सक्रिय

**चन्दौसी।** श्राद्ध पक्ष के अवसर पर शहर में जगह-जगह भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, लेकिन इन आयोजनों में चौन स्नैचर सक्रिय हो गए हैं। कथा सुनने आई महिलाओं की सोने की चौन मौका पाकर गायब की जा रही है। बुधवार को अन्नपूर्णा मंडप में चल रही कथा के दौरान एक महिला की सोने की चौन चोरी हो गई।

घटना के बाद श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस को सूचना दी गई है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र मोहम्मद शहजाद को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में मोहम्मद शहजाद के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/ लेन-देन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **मोहम्मद साजिद पुत्र साबिर शाह व श्रीमती नाज़मीन पत्नी मोहम्मद साजिद** निवासीगण मौहल्ला बरवालान, कोका शाह वाली मस्जिद, तहसील व जिला मुरादाबाद।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैंने अपनी पत्नी पूनम पुत्री वीर सिंह निवासी ग्राम लालपुर बस्तौर थाना मैनाठेर, मुरादाबाद को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में पूनम के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों, लेन-देन, कौल फैल आदि की वह स्वंय जिम्मेदार होगी। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार वालों का पूनम से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **संजीव कुमार पुत्र प्यारे लाल निवासी ग्राम रामपुर मेगन, उर्फ ईधनपुर नगला, पोस्ट फरहेदी, थाना कुंदरकी, तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र शमशाद व पुत्रवधू श्रीमती हुस्न बानो को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में शमशाद के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/ लेन-देन व मुकदमे बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। निजामुद्दीन पुत्र मौ0 गफूर निवासी जाहिदनगर इमामबाड़ा के पीछे थाना कटघर तहसील व जिला मुरादाबाद।

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र निजामुद्दीन व पोता हुसैन को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/ लेन-देन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे अन्य पुत्र/पुत्री से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **श्रीमती सुल्ताना पत्नी रियाजुद्दीन व रियाजुद्दीन पुत्र नबाबुद्दीन** निवासीगण मोहल्ला रहमत नगर गली नंबर-4, थाना कटघर, मुरादाबाद।

# मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने अवैध प्लाटिंग का किया ध्वस्तीकरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नगर क्षेत्र एवं अधिसूचित क्षेत्रों में अवैध प्लाटिंग एवं अनधिकृत निर्माण के विरुद्ध मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा लगातार प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। उपाध्यक्ष अनुभव सिंह के निर्देशानुसार प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने पुलिस बल की उपस्थिति में पाल रोड क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध कार्यवाही की। प्रवर्तन कार्यवाही का विवरण क्रम वाद संख्या वपक्षी स्थान क्षेत्रफल कार्यवाही 2472/2024 देशवीर सिंह पाल रोड गभग 20 बीघा अवैध प्लाटिंग ध्वस्त किया। विपक्षी द्वारा पाल रोड पर लगभग 20 बीघा भूमि में अवैध प्लाटिंग की गई थी। कार्यवाही प्रवर्तन दस्ते ने पुलिस बल की उपस्थिति में नियमानुसार उक्त अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया।



मुरादाबाद विकास प्राधिकरण पुनः स्पष्ट करता है कि कोई भी व्यक्ति बिना विधिवत स्वीकृति के भूमि उपविभाजन, प्लाटिंग अथवा निर्माण कार्य न करें। अन्यथा ध्वस्तीकरण, सीलिंग एवं विधिक कार्यवाही तत्काल प्रभाव से की जाएगी। उत्तर प्रदेश के विकास प्राधिकरणों हेतु अधिसूचित श्मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा मॉडल जो. निंग रेगुलेशन 2025श के अंतर्गत ही निर्माण कार्य कराया जाए। अन्यथा ऐसा कोई भी निर्माण अवैध माना जाएगा एवं उसके विरुद्ध विधिसंगत ध्वस्तीकरण, सीलिंग व अन्य कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण का प्रवर्तन अभियान भविष्य में भी सख्ती, पारदर्शिता एवं गंभीरता के साथ जारी रहेगा।

# गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्याल में शुरू होगी अत्याधुनिक रोजगारोन्मुखी शैक्षणिक कार्यक्रमों की श्रृंखला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सितंबर अंत से प्रारंभ होंगी अत्याधुनिक रोजगारोन्मुखी शैक्षणिक कार्यक्रमों की श्रृंखला गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के माननीय कुलपति प्रो. सचिन महेश्वरी के कैंप कार्यालय में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें श्री औंजनेय कुमार सिंह (आयुक्त, मुरादाबाद), श्री अनुज सिंह (जिलाधिकारी, मुरादाबाद), वरिष्ठ एमएचएससी अधिकारी तथा सीबीएफएफसी के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में इस शैक्षणिक सत्र से ही विश्वविद्यालय के प्रथम चरण के कुछ अत्याधुनिक कार्यक्रमों के संचालन की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। यद्यपि स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के आरंभ में कुछ विलंब है, फिर भी कुलपति महोदय ने यह स्पष्ट किया कि 11 चयनित रोजगारोन्मुखी कार्यक्रमों को सितंबर अंत से प्रारंभ किया जा सकता है। इन कार्यक्रमों का संचालन स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत विकसित एमएचएससी एवं सीबीएफएफसी (सिटी बेस्ड फर्नेस एंड फैब्रिकेशन सेंटर) में किया जाएगा। इन परिसरों की सुविधाएं तीन स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए पर्याप्त पाई गईं। श्री अंजनेय कुमार सिंह ने सुझाव दिया कि वर्तमान में सीबीएफएफसी को एमएचएससी के साथ मिलाकर उपयोग किया जा सकता है। वहीं अनुज सिंह जो एमएचएससी के उपाध्यक्ष भी हैं, ने संसाधनों के संयुक्त उपयोग हेतु एक औपचारिक समझौते की व्यवस्था का प्रस्ताव रखा। बैठक में कृषि संकाय हेतु भूमि आवंटन की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि पॉलीटेक्निक परिसर को एक इंजीनियरिंग कॉलेज में परिवर्तित करने की प्रक्रिया को शीघ्रता से आगे बढ़ाया जाएगा, बिना वर्तमान पॉलीटेक्निक की क्षमता को प्रभावित किए। अनुज सिंह ने युवाओं के कौशल विकास हेतु पॉलीटेक्निक के माध्यम से व्यावसायिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने में विशेष रुचि दिखाई।

प्रो. महेश्वरी ने इस दिशा में पूर्ण उत्साह के साथ योगदान देने की इच्छा व्यक्त की। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों ने प्रस्तावित कार्यक्रमों की विषयवस्तु की सराहना की और यह विश्वास व्यक्त किया कि ये सभी कार्यक्रम युवाओं को रोजगार दिलाने में सक्षम होंगे तथा गुरु जम्भेश्वर विश्व. विद्यालय परिसर शीघ्र ही शैक्षणिक गतिविधियों से सराबोर हो उठेगा। कुल. पति महोदय ने दोनों वरिष्ठ अधिकारियों एवं संस्थागत प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग और दूरदर्शी सुझावों से विश्वविद्यालय का शैक्षणिक परिदृश्य समाजोपयोगी और रोजगारपरक दिशा में अग्रसर हो रहा है।

## एक नजर

### चालक की पत्नी ने ट्रक मालिक के खिलाफ कराया केस दर्ज

**भोजपुर।** इलाके के गांव हमीरपुर निवासी ट्रक चालक लड्डू न की पत्नी मुसर्रत ने ट्रक मालिक नासिर के खिलाफ गाली गलौज मारपीट एवं कपड़े फाड़ कर बेइज्जती करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुक. दमा दर्ज कराया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल को दिये शिकायती पत्र में महिला ने कहा है कि पति गांव के ट्रक पर ड्राईवर थे। पिछले महीने ट्रक का एक्सिडेंट होने पर पति घायल हो गए थे। वाहन मालिक नासिर ने उपचार का खर्च वहन करने की बात कही थी। अब उपचार में हुआ खर्चा देने से इंकार कर रहा है। तकाजा करने पर घर में घुसकर मारपीट कर कपड़े फाड़ कर बेइज्जती की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट के आरोपियों को हिरासत में लेकर किया चालान

**भोजपुर।** गुरुवार को उप निरीक्षक पंकज कुमार ने गांव अवक्करपुर निवासी चंद्र पाल,बंटी और कलुआ को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद चालान कर दिया। आरोपियों के खिलाफ गांव के चंद्र किरन पुत्र बलदेव ने जान से मारने की नीयत से सिर में लोहे की रॉड से हमला कर गंभीर रूप से घायल करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था।

### आचार्य विनोबा भावे की जयंती मनाई




**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में भारत रत्न आचार्य विनोबा भावे की जयंती धूमधाम से मनाई गई। यह आयोजन मौहल्ला घटलेश्वर गेट स्थित विनोबा भावे जूनियर हाईस्कूल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अध्यक्षता प्रधानाचार्य राशिद खान ने की तथा संचालन शिक्षिका सीमा कुमारी ने किया। आयोजन में पंडित सुरेश चंद्र शर्मा मुख्य संयोजक रहे। इस दौरान सुरेश प्रेमी श्रीवास्तव, रामकिशोर अग्रवाल, देवेंद्र प्रसाद शर्मा, गेंदन लाल, हेमंत कुमार गुप्ता, डॉ. जितेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे। मुख्य वक्ता कवि माधव मिश्र ने कहा कि आचार्य विनोबा भावे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाज सुधारक, आध्यात्मिक गुरु तथा सर्वोदय व भूदान आंदोलन के प्रणेता थे। 1951 में शुरू किए गए भूदान आंदोलन के माध्यम से उन्होंने देशभर में पदयात्रा कर लाखों भूमिहीनों को भूमि दान दिलवाया। इसके लिए उन्हें 1958 में प्रथम रमन मैग्सेसे पुरस्कार और मरणोपरांत 1983 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत व कविताएं प्रस्तुत कर वातावरण को भावविभोर कर दिया। अंत में सभी वक्ताओं ने आचार्य विनोबा भावे के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया।

### जूडो टूर्नामेंट में रजत पदक हासिल कर किया शहर का नाम रोशन



**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सीबीएसई छात्रों के बीच हुए जूडो टूर्नामेंट में मुरादाबाद के छात्र ने रजत पदक जीत कर अपने शहर मुरादाबाद का ही नहीं बल्कि प्रदेश का भी नाम रोशन किया है। छात्र की जीत पर परिवार के लोग और उनके शिक्षकगण गर्व महसूस कर रहे हैं। बता दें कि मुरादाबाद जनपद के दिल्ली रोड मिलन विहार निवासी शुभ गुप्ता पुत्र मीतू गुप्ता, जोकि शहर के ग्रीन मीडोज स्कूल सिविल लाइंस के छात्र हैं।उन्होंने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सीबीएसई छात्रों के बीच हुए जूडो टूर्नामेंट में रजत पदक सिल्वर मेडल जीतकर अपने शहर मुरादाबाद और परिवार का नाम रोशन किया है । इस जीत के साथ ही अब उनका चयन सीबीएसई जूडो नेशनल्स 2025 राजस्थान के लिए हुआ हैं।जूडो टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर अपनी जीत दर्ज कराने वाले छात्र शुभ गुप्ता ने अपने परिवार के साथ साथ पूरे मुरादाबाद का नाम रोशन किया हैं।

### मारपीट में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**भोजपुर।** पुलिस ने गांव खानपुर निवासी राजु पुत्र धर्म पाल सिंह की तहरीर पर गांव के ही विनोद, राजपाल,संजय और मनोज के खिलाफ जान से मारने की नीयत से सिर पर लोहे की रॉड से हमला करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। विवाद की वजह खेलने के दौरान बच्चों में कहासुनी होना बताया जा रहा है।

## अलीगंज बिजली घर पर ग्रामीणों का हंगामा



**भगतपुर।** थाना क्षेत्र के गांव बुढ़ानपुर अलीगंज में स्थित बिजली घर पर सैकड़ों व्यक्ति पहुंच कर हंगामा करने लगे। लेकिन समय रहते थानाध्यक्ष भगतपुर रविन्द्र प्रताप सिंह व क्षेत्रीय नेता पूर्व ब्लॉक प्रमुख इकबाल हुसैन ने पहुंच कर लोगों को शांत कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुजफ्फर पुत्र कलुआ निवासी फत्तेपुर बहेड़ी विद्युत विभाग में संविदा कर्मी के पद पर तैनात है बुधवार की दोपहर अलीगंज में विद्युत लाइन सही करते समय सट डाउन लेने के बाद भी अचानक करंट आने से खंभे पर झुलस कर पोल से नीचे गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसको लेकर घायल के परिजनों ने सैंकड़ों ग्रामीणों के साथ अलीगंज फीडर पहुंचकर उस समय ड्यूटी पर तैनात एस एस ओ के की विरुद्ध कार्यवाही की मांग करते हुये हंगामा करने लगे लेकिन मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष भगतपुर रविन्द्र प्रताप सिंह ने उच्च अधिकारियों से वार्ता करा कर एवं दोषी कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाही करने एवं घायल कर्मचारी की हर संभव सहायता का आश्वासन देकर मामले को शांत कराया।

## आईएफटीएम में हुआ 'अभिभावक-शिक्षक बैठक' का आयोजन



**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में मेंटरिंग एवं काउंसलिंग सेल और स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस के संयुक्त तत्वावधान में सत्र 2025-26 के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के अभिभावकों और शिक्षकों के बीच "अभिभावक-शिक्षक बैठक" का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, कॅरियर निर्माण तथा उनके समग्र विकास की दृष्टि से विद्यार्थियों के अभिभावक तथा शिक्षकों के बीच विस्तार के साथ चर्चा हुई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, नवीन पहल एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु किए जा रहे प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। वहीं कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस के निदेशक डॉ. राहुल कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों की प्रगति, कॅरियर संभावनाओं और विश्वविद्यालय की ओर से दिए जा रहे प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन की जानकारी साझा की। मेंटरिंग एवं काउंसलिंग सेल के संयोजक श्री संजय सिंह ने विद्यार्थियों को व्यक्तिगत और शैक्षणिक मार्गदर्शन से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव दिए। अभिभावकों ने विश्व. विद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की बैठकें विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण और समग्र विकास की दिशा में अत्यंत सहायक सिद्ध होंगी। बैठक के सफल आयोजन में स्कूल के फैकल्टी मैम्बर्स डॉ. अभिषेक मिश्रा, डॉ. मनीष रंजन पांडेय, डॉ. ललित जौहरी, डॉ. राजदीप सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अमित भटनागर, डॉ. शैली भारद्वाज, श्रीमती ऋतु नगीला, श्रीमती मेघा गुप्ता, श्रीमती सुगंध अहलावत एवं सुश्री नेहा जोशी का विशेष सहयोग रहा। इस बैठक में 128 छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे। अंत में मेंटरिंग एवं काउंसलिंग सेल के संयोजक श्री संजय सिंह ने सभी उपष्थितों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# करोड़ों की ग्राम समाज की भूमि कराई कब्जा मुक्त, दो दुकान सील

## भूमि को कब्जा मुक्त कराने के दौरान जानकारी देने से बचते नजर आए अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** ठाकुरद्वारा स्योहारा हाईवे मार्ग पर पुराने चल चित्र ठाल के निकट ग्राम समाज की करोड़ों रुपए कीमत की भूमि को स्थानीय प्रशासन ने नगर पालिका की टीम व पुलिस बल् की मौजूदगी में भूमि को अपने कब्जे में ले लिया । ग्राम समाज की भूमि पर खड़े टीन के खोखे को जेबीसी मशीन से ध्वस्त कर दिया । व दो दुकानो को सील भी किया गया । इस दौरान सभासद व नगर पालिका कर्मचारियों वअधिकारियों से काफी देर तक तिखी नोक झोंक भी हुई । गुरुवार को उच्च अधिकारियों के निर्देश पर नायब तहस. ीलदार आदित्य कुमार व अधिशासी अधिकारी अंजलि नगर पालिका की टीम व भारी पुलिस बल लेकर नगर के पुराने चलचित्र हॉल के निकट ग्राम समाज की करोड़ों रुपए की भूमि को कब्जा मुक्त कराकर अपने कब्जे में ले लिया एवं दुकानदार द्वारा दुकान बंद कर ने पर दुकानों को सील कर दिया । नगर पालिका एवं राजस्व प्रशासन की इस कार्रवाई को कारोबारी ने गैरकानूनी बताया। नगर के मौहल्ला ढाल पर अवैध दुकानों व फड़ों पर एक बार फिर राजस्व प्रशासन व नगर पालिका की बड़ी कार्यवाही देखने को मिली है। यहां ग्राम समाज की भूमि पर बनी अवैध दूकानों को नायब तहसीलदार आदित्य कुमार व अधिशासी अधिकारी अंजलि के नेतृत्व मे दो दुकानों को सील कराया गया,जबकि रेत बजरी के एक फड़ को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया।बताया जा रहा है कि उक्त दुकानों को लेकर नगर पालिका व दुकान स्वामी मुमताज आलम के बीच न्यायालय मे वाद चल रहा है ,जिसमें नगर पालिका के पक्ष मे फैंसला सुनाए जाने के बाद दुकानों को सील करने की कार्यवाही की गई है। वहीं मामले को लेकर दुकान स्वामी मुमताज आलम के भाई महबूब आलम सैफी ने नगर पालिका पर हठधर्मी का आरोप लगाते हुए गंभीर आरोप लगाए,महबूब सैफी का आरोप है कि स्थानीय प्रशासन द्वारा मैं तो मौखिक कोई सूचना दी गई और नहीं कोई नोटिस जारी किया ।

बिना कोई सूचना दिए राजस्व प्रशासन व नगर पालिका ने मनमानी करते हुए कार्यवाही का आरोप लगाया।



### सभासद व पालिका कर्मी मे झड़प

**ठाकुरद्वारा।** अतिक्रमण अभियान के दौरान सभासद आसिफ सैफी व नगर पालिका कर्मी के बीच तीखी नौकझोक भी देखने को मिली, दरअसल सभासद आसिफ सैफी राजस्व टीम से दुकानदारों को कुछ समय दिए जाने की बात कर रहे थे जिससे कि दुकानदार खुद ही अपना सामान वहां से हटा लें। इसी बात को लेकर सभासद व पालिका कर्मी के बीच तीखी नौकझोक हो गई।

### सवालों से बचती दिखी राजस्व व पालिका की टीम

**ठाकुरद्वारा।** दुकानों को सील किए जाने व फड़ को ध्वस्त किए जाने के मामले मे अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह व नायब तहसीलदार आदित्य कुमार पत्रकारों द्वारा प्रकरण की जानकारी किए जाने पर एक-दूसरे के ऊपर पल्ला झाड़ते नजर आए,पत्रकारों के बार बार जानकारी करने पर भी मौके पर मौजूद अधिकारी कोई संतोषजनक जबाव नही दे पाए। ठाकुरद्वारा नायब तहसीलदार आदित्य कुमार ने बताया कि नगर के चलचित्र ढाल पर नगर पालिका की गाटा संख्या 18 व 54 पर मुमताज आलममहबूब आलम सैफी आदि द्वारा कब्जा कर उसे पर टीन सेट डालकर दुकान बनाकर कारोबार किया जा रहा था कुछ किराए पर भी दे रखी थी जिसका एक बाद न्यायालय में विचारा धीन था । न्यायालय द्वारा नगर पालिका के पक्ष में निर्णय आने पर उच्च अधिकारियों के निर्देशपर पर कार्य वायी की गई है । कब्जा करने वाले ने दो दिन का समय सामान हटाने के लिए मांगा है । जिन्हें दो दिन का समय दे दिया गया है अगर नहीं हटाया तो उसे समान को अपने कब्जे में ले लिया जाएगा और भूमि को कब्जा मुक्त कर दिया जाएगा । आदित्य कुमार नायब तहसीलदार ठाकुरद्वारा

# सिविल बार एसो. ने सीओ को शिकायती पत्र देकर निष्पक्ष जांच की मांग

**ठाकुरद्वारा।** गौहत्या के मामले में अधिवक्ता जरीफ मलिक पर झूठा मुकदमा दर्ज किए जाने को लेकर सिविल बार एसोसिएशन ठाकुरद्वारा ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र देकर निष्पक्ष जाँच की माँग की है। जरीफ मलिक, जो एक युवा वकील हैं और सिविल बार एसोसिएशन ठाकुरद्वारा के सक्रिय सदस्य हैं, पर थाना ठाकुरद्वारा में अपराध संख्या 310/25, धारा 3/5/8 सी०एस० एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उनके परिवार और सहयोगियों का दावा है कि यह मुक. दमा पूरी तरह से झूठा और राजनीतिक दबाव के कारण दर्ज किया गया है। जरीफ मलिक के अनुसार वह 25.07.2025 को सुबह 9.30 बजे की घटना में शामिल बताया गया है, जबकि उस समय वह सुबह 7.28 बजे से 9.52 बजे तक अपने स्कूल में स्टाफ के साथ मौजूद थे। उन्होंने अपनी उपस्थिति का सबूत स्कूल के रिकॉर्ड और स्टाफ के बयानों के रूप में प्रस्तुत किया है। इसके अलावा, घटना के दौरान मौजूद चश्मदीद गवाहों ने भी शपथपत्र देकर कहा है कि जरीफ मलिक उस घटना में शामिल नहीं थे और न ही मौके पर मौजूद थे। सिविल बार एसोसिएशन ठाकुरद्वारा ने इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए प्रशासन से निष्पक्ष जाँच की माँग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा कुछ राजनीतिक लोग अधिकारियों पर दबाव बना रहे हैं ताकि निर्दोष व्यक्ति को फंसाया जा सके। एसोसिएशन ने चश्मदीद गवाहों के शपथपत्रों को विवेचना में शामिल करने और जरीफ मलिक के पक्ष को सुनने की माँग की है। साथ ही बताया कि जरीफ मलिक के पिता, रहीश अहमद, दो बार ग्राम प्रधान और जरीफ मलिक खुद एक बार जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं।

वर्तमान में वह टेलीफोन एडवाइजर कमेटी, दूर संचार निगम, भारत सरकार के सदस्य हैं। परिवार का कहना है कि उनकी सामाजिक और राजनीतिक पहचान के कारण ही जरीफ मलिक को निशाना बनाया जा रहा है। सिविल बार एसोसिएशन ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि वह इस मामले की त्वरित और निष्पक्ष जाँच करें।

# रसोई गैस सिलेंडर चेक करने के दौरान लगी आग डिलीवरी मैन व युवती गंभीर रूप से झुलसे, हायर सेंटर रेफर

**ठाकुरद्वारा।** नगर में गुरुवार को सिलेंडर चेक करने के दौरान बड़ा हादसा हो गया। माचिस की तिल्ली से गैस लीकेज चेक करना डिलीवरी मैन और घर में मौजूद युवती के लिए जानलेवा साबित हुआ। सिलेंडर में अचानक लगी आग से दोनों बुरी तरह झुलस गए। मौके पर पहुंचकर लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घायलों को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। नगर के मोहल्ला आर्यनगर निवासी सुभाष कश्यप ने भारत गैस एजेंसी से सिलेंडर मंगाया था। गुरुवार सुबह करीब 11 बजे डिलीवरी मैन सुभाष निवासी वार्ड 9 घर पर सिलेंडर लेकर पहुंचा। उस समय घर में सुभाष कश्यप की 22 वर्षीय बेटी नेहा मौजूद थी। सिलेंडर लगाने के दौरान नेहा ने लीकेज की शिकायत की। इस पर सुभाष ने माचिस की तिल्ली जलाकर चेक करने का प्रयास किया, जिससे अचानक आग भड़क उठी और दोनों लपटों की चपेट में आ गए चीख-पुकार सुनकर मोहल्ले के लोग दौड़े और रेत डालकर आग पर काबू पाया। तब तक युवती नेहा व डिलीवरी मैन सुभाष गंभीर रूप से झुलस चुके थे। परिजन और मोहल्ले के लोगों ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। जानक. ारी के अनुसार, नेहा को जिला अस्पताल मुरादाबाद भेजा गया, जबकि सुभाष को उसके परिजन काशीपुर स्थित निजी अस्पताल ले गए हैं। दोनों की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# कलश यात्रा के साथ हुआ भागवत कथा का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** श्रीमद् भागवत कथा का 7 दिवसीय आयोजन बड़ी धूमधाम से आयोजित हुआ, जिसमें दोपहर 1 बजे इलवेन ऑर्चिड दिल्ली रोड से विशाल कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सिर पर कलश यात्रा के साथ 108 महिलायें रही। मुख्य यजमान नगर विधायक रितेश गुप्ता एवं उनकी पत्नी श्रीमति अल्पना रितेश गुप्ता मौजूद रही है। इस अवसर पर भागवत कथा के मुख्य मार्गो पर लोगों ने कलश यात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कलश यात्रा का समापन हुआ, तत्पश्चात दोपहर 3 बजे श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया जिसमें कथा व्यास परम श्रदेय भागवत शिरोमणि राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त आचार्य डा0 जगदीश प्रसाद कोठारी जी के श्री मुख से कथा की अमृत वर्षा की गई। जिसमें आचार्य जी ने गणेश वन्दनाकर मंत्रों का उचारण किया। कथा के मुख्य यजमान नगर विधायक रितेश गुप्ता ने कहा कि मुरादाबाद महानगर की जनता कथा का श्रवण करने एवं धर्म लाभ कमाने को कथा स्थल पर आकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर सनातन धर्म की परक्रमा लगायें। नगर विधायक की पत्नी श्रीमति अल्पना रितेश गुप्ता ने कहा कि सभी लोग कथा का श्रवण कर मातृ शक्ति ने एवं भाई बन्धू कथा का रसपान करें धर्म लाभ कमायें। नगर विधायक रितेश गुप्ता के मीडिया प्रभारी विपिन गुप्ता ने कहा कि आज मुरादाबाद की जनता धन्य है कि हमारे नगर विधायक के द्वारा इतना सुन्दर एवं भव्य कथा का आयोजन हो रहा है। सभी लोगों को धार्मिक आयोजन में अपनी भागदारी सुनिश्चित करनी चाहियें। अन्त में कथा के समापन में व्यासपीठ एवं भागवत कथा की आरती की गई, तत्पश्चात महाप्रसाद का वितरण नगर विधायक रितेश गुप्ता जी की और से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से श्रीमति शैल गुप्ता, बालाजी दरबार की महन्त विमला राघव, श्रीमति अनुश्रुति एवं श्री कुश स्वरुप, अनिरुद्ध, अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, अंशु गुप्ता, अमित गुप्ता, नैन्सी गुप्ता, ध्रुव, कुबेर, काव्या राघव, एम०एल०सी० गोपाल अंजान, भाजपा महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला, धर्मेन्द्र नाथ मिश्रा, संजय शर्मा, दीपक बाबू, अरविन्द अग्रवाल, हेमन्त अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल, अनुज मित्तल, नितिन गुप्ता, अल्पना गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, अनुज अग्रवाल, कविता गुप्ता, दीपा गुप्ता, रामप्रकाश शर्मा, नीतू, सुषमा, सुनीता, राजेश रस्तौगी, विशाल त्यागी, धर्मेश सैनी, रुचि, राजीव गुप्ता, रश्मि अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, अभिनव शर्मा, योगेश कश्यप, शुभम गुप्ता आदि मौजूद रहें।



# आईएफटीएम में एक स्थायी समाधान विषय पर आयोजित हुआ सेमिनार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्व. विद्यालय में आईएफटीएम यूनिवर्सिटी एल्युमिनाई एसोसिएशन (आईयूएए) और स्कूल ऑफ साइंसेज के संयुक्त तत्वावधान में "एसटीपीज के माध्यम से जल का पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण: एक स्थायी समाधान" विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का शुभारंभ कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ साइंस के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एस. डी. शर्मा और मुख्य वक्ता व सुश्री साजिमा सलीम ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए इस प्रकार के आयोजन तथा जीवन में आने वाली चुनौतियों के समाधान के लिए विशेषज्ञों से मार्गदर्शन लेना अत्यंत आवश्यक है। इस सेमिनार में विश्वविद्यालय की एम.एससी. जन्तु विज्ञान पाठ्यक्रम- 2022 बैच की पासआउट पूर्व छात्रा व वर्तमान में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ में कनिष्ठ शोध सहायक के रूप में कार्यरत सुश्री साजिमा सलीम मुख्य वक्ता रहीं। मुख्य वक्ता सुश्री साजिमा सलीम ने अपने वक्तव्य में एसटीपीज के माध्यम से जल के पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण के विभिन्न पहलुओं को बहुत ही सविस्तार प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बढ़ती जनसंख्या और जलवायु परिवर्तन के कारण ताजा पानी के स्रोत लगातार कम हो रहे हैं तथा इस गंभीर जल संकट से निपटने के लिए अपशिष्ट जल का पुनः उपयोग एक व्यावहारिक और टिकाऊ समाधान के रूप में उभरा है। सीवेज उपचार संयंत्र से उपचारित पानी को विभिन्न अनुप्रयोगों के माध्यम से पुनः प्राप्त किया जा सकता है, जिससे मीठे पानी पर दबाव कम होता है और पर्यावरण को संरक्षित किया जा सकता है। उन्होंने जानकारी दी कि हर साल बड़ी मात्रा में अपशिष्ट जल उत्पन्न होता है, लेकिन इसका एक बड़ा हिस्सा उपचारित नहीं होता। सरकार ने अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग को एक महत्वपूर्ण जल सुरक्षा रणनीति के रूप में अपनाया है, जिससे शहरों, उद्योगों और आवासीय परिसरों के लिए उपचारित जल का उपयोग अनिवार्य हो गया है। सेमिनार के सफल आयोजन में जन्तु विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा व कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. स्मिता ज्योति तथा सह संयोजिका मिस संध्या शर्मा, स्कूल के एलुमनाई समन्वयक डॉ. पवन कुमार शुक्ला समेत डॉ. विवेक कुमार, डॉ. सूर्य प्रकाश पांडे, डॉ. अंशुल श्रीवास्तव एवं डॉ. प्रशंसा बछवान आदि स्कूल के फैकल्टी मैम्बर्स का योगदान रहा। अंत में सेमिनार के समन्वयक व रसायन विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर स्कूल के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक और 56 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# रिकॉर्ड: भारत ने 27 गेंद में जीता मैच




● कुलदीप ने एक ओवर में तीन विकेट लिए, भारत ने सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड बनाया

**दुबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम ने एशिया कप में जीत के साथ शुरुआत की। टीम ने अपने पहले मैच में यूएई को सिर्फ 57 रन पर आलआउट कर दिया। जवाब में 4.3 ओवर में सिर्फ एक विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। इस तरह भारत ने किसी टी-20 मैच में गेंदें बाकी रहने के लिहाज से अपनी सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड बनाया। इसके अलावा यूएई का 57 रन का स्कोर भारत के खिलाफ इस फार्मेट में किसी भी टीम का सबसे छोटा टोटल है। इतना ही नहीं यह यूएई का अब तक का लोएस्ट स्कोर भी साबित हुआ। भारत की बाल बाकी रहते हुए सबसे बड़ी टी-20 जीत भारत ने 93 बाल रहते यूएई को हराया, यह टी-20 में भारत की गेंदें बाकी रहने के लिहाज से सबसे बड़ी जीत रही। भारत का पिछला रिकॉर्ड मैच में 81 बाल बाकी रहते जीत हासिल करने का था। टीम ने 2021 में स्काटलैंड के खिलाफ दुबई में ही यह कारनामा किया था। टेस्ट खेलने वाले देशों की टी-20 में यह गेंदें बाकी रहते हुए दूसरी सबसे बड़ी जीत है। 2024 के टी-20 वर्ल्ड कप में एंटीगा के मैदान पर इंग्लैंड ने ओमान को 19 गेंद में ही हरा दिया था। तब मैच में 101 गेंदें बाकी रह गई थीं। इस रिकॉर्ड में तीसरे नंबर पर श्रीलंका है, जिसने 2014 के वर्ल्ड कप में चट्टोग्राम के मैदान पर नीदरलैंड को 90 गेंदें बाकी रहते हरा दिया था। यूएई ने भारत के खिलाफ लोएस्ट टी-20 टोटल बनाया यूएई की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 57 रन पर ही सिमट गई। यह किसी भी टीम का भारत के खिलाफ टी-20 इंटरनेशनल में सबसे छोटा स्कोर रहा। इससे पहले न्यूजीलैंड की टीम 2023 अहमदाबाद में 66 रन पर ही सिमट गई थी। यूएई ने टी-20 में अपना लोएस्ट स्कोर बनाया यूएई ने टी-20 में अपना सबसे कम स्कोर बनाया। टीम सिर्फ 57 रन पर आलआउट हो गई। इससे पहले 14 मार्च 2024 को दुबई में ही स्काटलैंड के खिलाफ टीम 62 रन पर सिमट गई थी। लगातार 15 टॉस हारने के बाद सिक्का भारत के फेवर में गिरा भारतीय टीम ने लगातार 15 इंटरनेशनल मैच के बाद टास जीता है। टीम ने पिछली बार जनवरी 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 मैच में टास जीता था। तब से टीम ने वनडे, टी-20 और टेस्ट मिलाकर 15 मैच में टास गंवाए थे।

## पूजा रानी, जैस्मीन लाम्बोरिया सेमीफाइनल में

● दोनों ने भारत के लिए दो पदक पक्के किए

**लिवरपूल, वार्ता।** दो बार की एशियाई चैंपियन पूजा रानी और जैस्मीन लाम्बोरिया ने विप. रीत जीत दर्ज करते हुए विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इसी के साथ इन दोनों मुक्केबाजों ने भारत के लिए दो और पदक पक्के कर दिये है। पूजा रानी ने महिलाओं के 80 किग्रा क्वार्टर फाइनल में पोलैंड की एमिलिया कोटर्सका को 3-2 से हराया, जबकि विश्व मुक्केबाजी कप अस्ताना स्वर्ण पदक विजेता जैस्मीन ने अंडर-22 एशियाई चैंपियन उज्बेकिस्तान की मामाजोनोवा खुमोरबोनू को 5:0 से हराकर महिलाओं के 57 किग्रा सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व मुक्केबाजी कप अस्ताना की स्वर्ण पदक विजेता नूपुर बुधवार को महिलाओं के 80 किलोग्राम भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर पदक पक्का करने वाली पहली भारतीय बन गईं। दो और भारतीय मुक्केबाज मीनाक्षी (महिला 48 किलोग्राम भारवर्ग) और जदुमणि सिंह मंडेंगबाम (पुरुष 50 किलोग्राम भारवर्ग) में पदक पक्का करने से बस एक जीत दूर हैं। ये दोनों शुक्रवार को अपने क्वार्टर फाइनल खेलेंगे। महिलाओं के 80 किलोग्राम भार वर्ग के एक बेहद रोमांचक मुकाबले में, पूजा रानी ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए अपनी उम्र से छोटी प्रतिद्वंद्वी की गति और ऊर्जा का डटकर सामना किया। पोलिश मुक्केबाज पहले राउंड के बाद मुकाबले में थोड़ी आगे थीं, लेकिन पूजा रानी ने दूसरे राउंड में दबदबा बनाते हुए नियंत्रण हासिल कर लिया।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### गुरु समृद्धि ने टीपीएल में जीएस दिल्ली एसेस का अधिग्रहण किया, लिएंडर पेस एम्बेसडर बने

**दुबई, वार्ता।** सहकारी समितियों, बीमा, पर्यटन और रियल एस्टेट के क्षेत्र में कार्यरत एक विविध और दूरदर्शी उद्यम गुरु समृद्धि हाउस ऑफ इन्वेस्टमेंट्स ने टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) के सातवें संस्करण से पहले जीएस दिल्ली एसेस फैंचाइजी का अधिग्रहण कर लिया है। जीएस दिल्ली एसेस की यह नई शुरुआत बुधवार को दुबई में आयोजित समारोह में हुई। फैंचाइजी ने भारतीय टेनिस के दिग्गज 18 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लिएंडर पेस ब्रांड एम्बेसडर बनाया हैं।

#### सारांश और कुमार कार्तिकेय ने साउथ जोन को सस्ते में समेटा, सेंट्रल जोन के 50 रन

**बेंगलुरु, वार्ता।** सारांश जैन पांच और कुमार कार्तिकेय चार विकेट की शानदार बॉलिंग के दम पर सेंट्रल जोन ने गुरुवार को दलीप ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले के पहले दिन गुरुवार को साउथ जोन की पूरी टीम को पहली पारी में 149 के स्कोर पर समेटने के बाद दिन का खेल समाप्त होने के समय बिना कोई विकेट खोए 50 रन बना लिए है। हालांकि वह अभी भी साउथ जोन के पहली पारी में बनाये गए स्कोर से 99 रन पीछे है। साउथ जोन को 149 के स्कोर पर रोकने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी सेंट्रल जोन ने दानिश व अक्षय वड़कर की सलामी जोड़ी ने की धैर्यपूर्ण पारी की बदौलत स्टंप के समय 19 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 50रन बना लिए है।

● भारत-पाकिस्तान एशिया कप मैच की टिकट बिक्री कम ●

## महामुकाबला 14 सितम्बर को

**सिंगल टिकट फॉर्मेट शुरु करने पर भी नहीं बिक रहे, रोहित-विराट की गैरमौजूदगी बन रही वजह**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप के सबसे बड़े मुकाबले भारत-पाकिस्तान मैच के टिकट, सिंगल टिकट फार्मेट लागू किए जाने के बाद भी, नहीं बिक पा रहे हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच यह हाई-वोल्टेज मैच 14 सितम्बर को खेला जाना है।

मुकाबले में अब सिर्फ तीन दिन शेष हैं, लेकिन ऊपरी और टॉप-टियर स्टैंड्स के टिकट अभी भी उपलब्ध हैं। इससे पहले आयोजक भारत-पाकिस्तान मैच की टिकटें पैकेज के रूप में बेच रहे थे। यानी, इस मैच को देखने के लिए प्रशंसकों को कुल सात मुकाबलों की टिकटें एक साथ खरीदनी पड़ती थीं। हालांकि, टिकटों की कम बिक्री को देखते हुए आयोजकों ने इसमें बदलाव कर सिंगल टिकट फार्मेट शुरू किया ताकि प्रशंसकों को सुविधा हो। लेकिन इसके बावजूद टिकटों की बिक्री में कोई विशेष बढ़ोतरी नहीं हुई है। एमिरेट्स क्रिकेट के एक अधिकारी ने एएनआई को बताया कि,श्हम खुद हैरान हैं कि भारत-पाकिस्तान मैच के लिए टिकट बिक्री इतनी धीमी क्यों है। अभी तक निचले स्टैंड्स की सीटें ही बिकी हैं, जबकि ऊपरी और टॉप टियर स्टैंड्स पर टिकट उपलब्ध हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में इसी मैच के लिए टिकटों की बिक्री इतनी तेज थी कि हमने दो बार (दोपहर 2 बजे और शाम 4 बजे) टिकट खिड़की खोली और 4 मिनट से भी कम समय में सारे टिकट बिक गए थे। लेकिन इस बार जोश काफी फीका है। शायद इसकी वजह रोहित शर्मा और विराट कोहली की गैरमौजूदगी है। स्टार खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी। कई रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली के नहीं होने से मैच का रोमांच कम हो गया है। दोनों खिलाड़ियों ने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद इस फार्मेट से संन्यास ले लिया था। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार पाकिस्तान की ओर से भी बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान जैसे बड़े खिलाड़ी टीम में शामिल नहीं हैं, जिससे दोनों ओर से स्टार आकर्षण घट गया है।

## हमेशा गेंदबाजी को तैयार रहता हूं: शिवम




● कप्तान और कोच ने पहले ही कह दिया था कि मैं एशिया कप में गेंदबाजी करूंगा

**दुबई, वार्ता।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ मैच में तीन विकेट लेने वाले भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे ने कहा है कि ऑलराउंडर के तौर पर मैच हमेशा गेंदबाजी के लिए तैयार रहता हूं। दुबे ने यूएई के खिलाफ मिली जीत के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आज एक अच्छी शुरुआत मिला और यह काफी अहम था। एक ऑलराउंडर के तौर पर मैं हमेशा चार ओवर गेंदबाजी के लिए तैयार रहता हूं। जब भी तीन-चार ओवर डालने का मौका मिलेगा, मैं उसके लिए तैयार हूं। मैं वही करूंगा जिसकी टीम को जरूरत होगी। कप्तान और कोच ने पहले ही कह दिया था कि मैं (एशिया कप में) गेंदबाजी करूंगा। मेरे गेंदबाजी कोच मॉर्ने मॉर्कल ने मुझे बहुत कुछ सिखाया है। मैं लंबे समय से तैयारी कर रहा था कि जब भी मौका मिलेगा, मैं तैयार रहूंगा। आज का नतीजा उसी तैयारी का परिणाम है। दुबे ने माना कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में आईपीएल के दौरान उनकी भूमिका ज्यादातर पावर-हिटर की रही है, लेकिन उन्होंने गेंदबाजी पर भी लगातार काम किया है। दुबे ने इम्पैक्ट प्लेयर नियम पर कहा कि सवाल में ही जवाब है। ऑलराउंडर की भूमिका कम हो गई है। इसलिए आईपीएल में मेरे लिए गेंदबाजी करना जरूरी नहीं रहा। लेकिन मेरी ओर से मैं हमेशा तैयार था। हर मैच में मैं गेंदबाजी के लिए तैयार रहता था। आईपीएल से पहले भी मैंने दो महीने अपनी फिटनेस और गेंदबाजी पर मेहनत की है। दुबे ने अपने एक्शन और एप्रोच को निखारने का श्रेय मॉर्कल को दिया। अभ्यास सत्र में दोनों लगातार बातचीत करते रहे हैं। मॉर्कल ने हाल ही में कहा था कि दुबे जैसे खिलाड़ी को दबाव की स्थिति में गेंदबाजी का आत्मविश्वास दिलाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड सीरीज (जनवरी-फरवरी) में उन्होंने मुझे कुछ बातें बताई थीं। उन्होंने कहा था कि वाइड लाइन से गेंद डालो। कुछ गेंदों को एंगल का प्रयोग करते हुए धीमी गति से डालो। उन्होंने रन-अप पर भी काम करने की सलाह दी थी। इन्हीं 2-3 चीजो से मेरी गेंदबाजी बेहतर हो रही है। मैंने अपनी रफ्तार भी बढ़ाई है। उन्होंने अपनी बल्लेबाजी पर भी उतना ही ध्यान दिया और मेहनत की। आईपीएल 2025 और अब के बीच उन्होंने मुंबई में बहुत अभ्यास किया। उन्होंने तेज बाउंसर और शरीर पर आती गेंदों से निपटने पर काम किया। एशिया कप का पहला मैच आईपीएल के बाद उनका पहला बड़ा मुकाबला था।

## लक्ष्य, सात्विक-चिराग की जोड़ी क्वार्टरफाइनल में

हांगकांग ओपन

● लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल बैडमिंटन रैंकिंग में 34वें स्थान पर काबिज प्रणय को 1 घंटे 8 मिनट में हराया



**हांगकांग, वार्ता।** लक्ष्य सेन ने गुरुवार को पुरुष एकल वर्ग में हमवतन एचएस प्रणय को तथा पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने थाईलैंड के पीराचाई सुकफुन और पक्कापोन तीरात्साकुल को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। यहां खेले गए कोलिजीयम में प्रतिस्पर्धा करते हुए भारत के शीर्ष और दुनिया के 20वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल बैडमिंटन रैंकिंग में 34वें स्थान पर काबिज एचएस प्रणय को एक घंटे आठ मिनट में 15-21, 21-18, 21-10 से हराया। लक्ष्य सेन ने धीमी शुरुआत रही और एचएस प्रणय ने इसका फायदा उठाते हुए पहला गेम अपने नाम कर लिया। पेरिस 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य ने दूसरे गेम की शुरुआत भी धीमी रहीं ब्रेक तक वह 11-9 से पिछड़ रहे थे, लेकिन फिर वापसी करते हुए स्कोर 13-13 कर दिया। हालांकि प्रणय ने फिर से 18-17 से बढ़त बना ली, लेकिन लक्ष्य ने लगातार चार अंक अर्जित कर गेम छीन लिया और निर्णायक गेम के लिए मजबूर कर दिया। निर्णायक गेम में भी लक्ष्य सेन ने सतर्कता से शुरुआत की और फिर लय हासिल करते हुए मध्यांतर तक 11-8 की बढ़त बना ली। इसके बाद उन्होंने केवल दो अंक गंवाए और आसानी से मैच जीत लिया। यह प्रणय के खिलाफ नौ मुकाबलों में उनकी छठी जीत है। पुरुष युगल प्री-क्वार्टर फाइनल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेटी ने भी एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए थाईलैंड के पीराचाई सुकफुन और पक्कापोन तीरात्साकुल को एक घंटे तीन मिनट में 18-21, 21-15, 21-11 से हराया। अंतराल पर 11-7 से पिछड़ने और बाद में 16-10 पर खिसकने के बावजूद, सात्विक और चिराग ने वापसी करते हुए स्कोर 18-18 कर लिया, लेकिन थाई जोड़ी ने लगातार तीन अंक हासिल कर पहला गेम अपने नाम कर लिया।

दूसरे गेम में, सात्विक और चिराग ने थाई जोड़ी पर लगाम कसी रखी और उन्हें एक अंक से अधिक की बढ़त नहीं लेने दी, लेकिन अंतराल पर 11-10 से आगे हो गए। इसके बाद भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने अपनी तीव्रता बढ़ा दी और सात गेम पॉइंट हासिल कर निर्णायक गेम तक पहुंच गए। निर्णायक मैच में भारतीय जोड़ी ने बढ़त बनाकर अपना दबदबा कायम किया और फिर जीत हासिल कर बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली।

## पेरू ने क्वालीफाइंग में नाकामी के बाद प्रबंधक इबानेज को किया बर्खास्त

**लीमा, वार्ता।** पेरू फुटबॉल महासंघ (एफपीएफ) ने विश्व कप क्वालीफाइंग में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद पेरू ने प्रबंधक ऑस्कर इबानेज को बर्खास्त कर दिया है। एफपीएफ ने जारी एक बयान में कहा कि हमारा संस्थान सीनियर राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करने में दिखाई गई जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता के लिए इबानेज और उनके कोॉ. चंग स्टाफ के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता है। एफपीएफ ने अर्जेंटीना में जन्मे पूर्व गोलकीपर इबानेज के प्रतिस्थापन के लिए तुरंत किसी की घोषणा नहीं की। उन्होंने पेरू के लिए 50 मैच जीते। स्थानीय मीडिया के अनुसार, कार्लोस सिल्वेस्ट्री और मैनुअल बैरेटो इस पद के लिए शुरुआती दावेदारों में शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि एफपीएफ ने यह फैसला पेरू के अपने अंतिम क्वालीफायर में पैराग्वे से घरेलू मैदान पर 1-0 से हारने के एक दिन से भी कम समय बाद लिया है। लीमा के एस्टाडियो नैशनल में मंगलवार को मिली हार के बाद ब्लैंकिरोजा 18 मैचों में 12 अंकों के साथ 10 टीमों की दक्षिण अमेरिकी तालि. का में नौवें स्थान पर आ गया। जो कि 1998 के विश्वकप के लिए क्वालीफायर द्वारा होम-एंड-अवे राउंड रॉबिन प्रारूप अपनाने के बाद से टीम का सबसे खराब प्रदर्शन है।

## दृष्टिबाधित महिला टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम घोषित

● इस टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड भारत-नेपाल, पाकिस्तान-श्रीलंका और अमेरिका की टीमें भाग लेंगी

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत ने 11से 25 नवंबर तक चलने वाले दृष्टिबाधित महिला टी-20 विश्व कप क्रिकेट के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। भारत पहली बार दृष्टिबाधित महिला टी-20 विश्वकप क्रिकेट की मेजबानी करेगा। इस टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका और अमेरिका की टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट के मैच नई दिल्ली और बेंगलुरु में खेले जाएंगे।

काठमांडू को मूल रूप से तीसरे मेजबान शहर के रूप में चुना गया था, जहां पाकिस्तान के साथ मैच होने थे। नेपाल के वर्तमान हालात को देखते हुए एक वैकल्पिक स्थल पर विचार किया जा रहा है। विश्व कप में 21 लीग मैच, दो सेमीफाइनल और एक फाइनल होगा। राष्ट्रव्यापी प्रतिभा खोज के 56 खिलाड़ियों के कठोर प्रशिक्षण और शि. विर के बाद 16 सदस्यीय भारतीय महिला दृष्टिबाधित टीम की घोषणा कर दी गई है। भारतीय टीम है:- सिमू दास (दिल्ली), पी-करुणा (आंध्र प्रदेश), अनुकुमारी (बिहार), जमुना रानी टुडू (ओडिशा), काव्या वी (कर्नाटक), अनेखा देवी (दिल्ली), बसंती हंसदाह (ओडिशा), सिमरनजीत कौर (राजस्थान), सुनीता सराठे (मध्य प्रदेश), पारबती मांडी (ओडिशा), दीपिका टीसी (कर्नाटक - कप्तान), फूला सोरेन (ओडिशा), गंगा एस कदम (महाराष्ट्र - उप कप्तान), काव्या एनआर (कर्नाटक), सुषमा पटेल (मध्य प्रदेश) और दुर्गायेवले (मध्य प्रदेश)। समर्थनम ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड की क्रिकेट शाखा, द क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया (सीएबीआई) के अध्यक्ष डॉ. महांतेश जी-किवादासन्नावर ने कहा कि यह विश्व कप सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है—यह साहस, कौशल और समावेशिता का उत्सव है।

भारत में इसका आयोजन गर्व की बात है, और मुझे विश्वास है कि हमारी लड़कियाँ इस अवसर पर खरा उतरेंगी, लाखों लोगों को प्रेरित करेंगी और देश को गौरवान्वित करेंगी। उल्लेखनीय है कि भारतीय महिला दृष्टिबाधित टीम ने 2023 ऑस्ट्रेलिया को हराकर आईबीएसए विश्व खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था।

## ओमान के खिलाफ बड़ी जीत हासिल करना चाहेगा पाक



● सलमान आगा की अगुवाई टीम पिछले छह टी-20 मैचों में केवल एक बार हारी है और उसमे बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में शानदार प्रदर्शन किया है

**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान एशिया कप 2025 में अपने अभियान की शुरुआत शुक्रवार को दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले टूर्नामेंट के चौथे मैच में ओमान के खिलाफ बड़ी जीत हासिल करने उतरेगा। संयुक्त अरब अमीरात टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला 2025 में शानदार प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान शुक्रवार को टूर्नामेंट में प्रबल दावेदार के रूप में उतर रहा है।सलमान आगा की अगुवाई में टीम पिछले छह टी-20 मैचों में केवल एक बार हारी है और उसने बल्लेबाजी और गेंदबा. जी दोनों में शानदार प्रदर्शन किया है। ओमान के साथ मुकाबला पाकिस्तानियों के लिए भारत के साथ होने वाले अहम मुकाबले से पहले आत्मविश्वास बढ़ाने और लय बनाए रखने का एक अच्छा अवसर है। टीम की बल्लेबाजी लाइनअप में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है। सलामी बल्लेबाज सैम अयूब और साहिबजादा फरहान से आक्रामक शुरुआत की उम्मीद है, जबकि मध्यक्रम के दिग्गज फखर जमान और सलमान आगा पारी को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। वहीं निचले क्रम की बात की जाये तो हसन नवाज, मोहम्मद हैरिस, मोहम्मद नवाज और फहीम अशरफ का कौशल टीम को अंतिम ओवरों में तेजी से रन बनाने की सुविधा देता है। पाकिस्तान का गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई शाहीन अफरीदी करेंगे। अफरीदी की तेज गति, अबरार अहमद, फहीम अशरफ, मोहम्मद नवाज और सूफियान मुकीम के सहयोग के साथ पाकिस्तान दुबई की परिस्थितियों का फायदा उठाना चाहेंगा। पिच की अगर बात की जाये तो पारंपरिक रूप से सपाट और तेज आउटफील्ड वाली यह पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार है, हालाकि स्पिनर बीच के ओवरों में अहम भूमिका निभाने सकते है। इस पिच को लक्ष्य का पीछा करने वालों के लिए मददगार माना जाता है। पिछले दस टी-20 मैचों में से आठ में दूसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीत हासिल की है। पहली पारी का स्कोर आमतौर पर लगभग 170 होता है। वहीं अगर ओमान की बात की जाये तो पाकिस्तान उसके सामने कड़ी चुनौती है। कप्तान जतिंदर सिंह अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों, आमिर कलीम और हम्माद मिर्जा से स्थिरता की उम्मीद करेंगे, जबकि आशीष ओडेदरा, विनायक शुक्ला और हसनैन शाह सहित मध्य और निचले क्रम को टीम का समर्थन करने के लिए आगे आना होगा। शकील और इमरान की अगुवाई में ओमान की गेंदबाजी इकाई की कड़ी परीक्षा पाकिस्तान की मजबूत और आत्मविश्वास से भरी लाइनअप के सामने होगी। विश्लेषकों को उम्मीद है कि पाक प्रतियोगिता में अपना दबदबा कायम करेगा और भारत के खिलाफ अपने हाई-प्रोफाइल मैच में महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल करेगा।

पाक संभावित टी: सलमान आगा (कप्तान), साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, फखर जमान, हसन नवाज, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), फहीम अशरफ, शाहीन अफरीदी, सुफियान मुकीम और अबरार अहमद

## द. अफ्रीका ने इंग्लैंड को 14 रनों से हराया



● मार्को यानसन ने दो और बॉस ने दो विकेट लिए, इस जीत के साथ द. अफ्रीका ने सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है

**कार्डिफ, वार्ता।** एडन मारक्रम (28), डॉनोवन फरेरा (नाबाद 26) और डेवाल्ड ब्रेविस (23) के शानदार प्रदर्शन के बाद मार्को यानसन (दो विकेट) और कॉर्बिन बॉश (दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने पहले टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड को 14 रनों से हरा दिया।

इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं। डॉनोवन फरेरा को नाबाद 25 रनों की पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। सोफिया गार्डंस में बुधवार रात खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वर्षा बाधित मुकाबले में दक्षिण अफीका ने एडन मारक्रम ने 14 गेंदों में (28), डॉनोवन फरेरा ने 11 गेंदों में (नाबाद 25) और डेवाल्ड ब्रेविस 10 गेंदों में (23) की आतिशी बल्लेबाजी के दम पर 7-5 ओवर में पांच विकेट पर 97 रनों का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की ओर से ल्यूक वुड ने दो विकेट लिए। जेमी ओवर्टन, आदिल रशीद और सैम करन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। बारिश के कारण इंग्लैंड को डीएलएस के जरिए से पांच ओवर में 69 रन का लक्ष्य मिला। 69 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में फिल सॉल्ट (शून्य) का विकेट गंवा दिया। उन्होंने कगिसो रबाडा ने आउट किया। दूसरे ओवर में जेकब बेथेल (सात) को मार्को यानसन ने आउट किया। कप्तान हैरी ब्रूक (शून्य) और टॉम बैंटन (पांच) को कॉर्बिन बॉश ने आउट किया। चौथे ओवर में मार्को यानसन ने जॉस बटलर को आउटकर इंग्लैंड के मैच जीतने की उम्मीद को बड़ा झटका दिया। बटलर ने 11 गेंदों में तीन छक्के और एक चौका लगाते हुए 25 रन बनाये। इंग्लैंड की टीम निर्धारित पांच ओवरों में पांच विकेट पर 54 रन ही बना सकी और मुकाबला 14 रनों से हार गई।

# नशा करने के लिए चुराते थे मोबाइल जीआरपी ने तीन को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अपने नशे का शौक पूरा करने के लिए ट्रेनों में यात्रियों के मोबाइल, पर्स, बैंग आदि सामान चोरी करने वाले तीन शातिर चोरों को मुरादाबाद जीआरपी थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से लगभग ढाई लाख रुपए कीमत के 21 चोरी के मोबाइल भी जीआरपी थाना पुलिस ने बरामद किए हैं।

बताते चलें कि अपर पुलिस महानिदेशक, रेलवे के आदेशानुसार व पुलिस उपमहानिरीक्षक के निर्देशन में एवं पुलिस अधीक्षक रेलवे मुरादाबाद के निकट पर्यवेक्षण में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक रेलवे अनिल कुमार वर्मा व प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार वशिष्ठ थाना जीआरपी के कुशल नेतृत्व में जीआरपी थाने के उप निरीक्षक मंजीत सिंह तोमर, उप निरीक्षक हेमराज सिंह, हेड कांस्टेबल प्रशान्त शर्मा, राहुल, कांस्टेबल रोहित कुमार व अर्जुन त्यागी ने आरपीएफ टीम व सीआईबी बिंग ने संयुक्त रूप से रेलवे स्टेशन परिसर प्लेटफार्म पर चेकिंग अभियान के दौरान तीन शातिर चोरो रजत रस्तौगी निवासी गोविन्दनगर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद, तरूण निवासी गोबिन्दनगर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद और अभय सागर निवासी खुशहालपुर बसंत बिहार कालोनी थाना मझोला जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 21 चोरी के मोबाइल विभिन्न कम्पनियों के जिनकी कीमत करीब 2,50,000 रूपये है बरामद किए हैं।



पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि हम नशे के आदि है और अपने नशे का शोक पूरा करने के लिये ट्रेनो से मोबाइल व बैग चुकाकर सस्ते दामो में बेच कर अपने नशे का शौक पूरा करते है। यह जो मोबाइल उनके पास से मिले है यह उन्होंने पिछले कई महिनो में अलग अलग ट्रेनो से चुराये थे।पकड़े गए तीनों आरोपी रेलवे स्टेशन क्षेत्र के आस-पास व प्लेटफॉर्म एवं ट्रेनो में चढकर मौका पाकर यात्रियों को टारगेट कर मोबाइल फोन, पर्स, नगदी व अन्य कीमती सामान की चोरी करते है तथा चोरी किये मोबाइलों को बेचकर धनार्जन करते है।

# गागन नदी में नहाते समय युवक डूबा

## ● दोस्त छोड़कर भागे पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम ने किया तलाशने का प्रयास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत फरहेदी गांव निवासी नरेंद्र सिंह (24) पुत्र विनय दोस्तों के साथ जैतीया फिरोजपुर स्थित रेलवे पुल के नीचे गागन नदी में नहा रहा था। इसी दौरान वह अचानक गहराई में चला गया और लापता हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू कर दी गई है। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कहा जा रहा है, युवक अपने साथियों के साथ नदी में नहाने के लिए आया था तभी अचानक वह नदी में डूब गया, युवक के डूबने के बाद उसके दोस्त उसे डूबता छोड़ भाग गए। जिसके बाद युवक को काफी ढूंढने का प्रयास किया लेकिन नहीं ढूंढा तो लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी पुलिस ने मौके पर पहुँच स्थानीय लोगों की मदद से ढूंढने का प्रयास किया और एनडीआरएफ की टीम को भी घटना की जानकारी दी।

## एक नजर

### मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं को दी विभिन्न जानकारी



**बिलारी।** एसएसपी के निर्देशन एसपी देहात के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के अंतर्गत महिला सुरक्षा दल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, डी पॉल स्कूल नई सड़क के बाजार में, रोडवेज बस स्टैंड पर महिलाओं को ऑपरेशन गरुड़, आपरेशन शील्ड, आपरेशन डेस्ट्राय, आप. रेशन बचपन, आपरेशन खोज, आपरेशन मजनू, आपरेशन नशा मुक्ति, आप. रेशन रक्षा, आपरेशन ईगल के सम्बन्ध में बालक बालिकाओं को जागरूक किया और सरकार द्वारा चलाई जा रही।

विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं विधवा पेंशन योजना वृध्दावस्था पेंशन योजना सुकन्या समृद्धि योजना प्रधानमंत्री आवास योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ,कृषि कर भुगतान योजना, कन्या सुमंगला योजना , प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि से अवगत कराते हुए उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- वूमेन पावर लाइन-1090 घरेलू हिंसा हेल्पलाइन-181 पुलिस आपातकालीन सेवा -112 स्वास्थ्य सेवा- 102,108 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर -1076 चाइल्ड लाइन 1098 साइबर क्राइम 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 आदि के बारे में जागरूक किया गया। एंटी रोमियो टीम प्रभारी उप निरीक्षक चंद्रप्रभा गौतम,कांस्टेबल मनीषा कांस्टेबल उपासना शामिल रही।

### रोजगार प्रोत्साहन योजना के लिए तीस सितम्बर तक लाभार्थी कर सकते हैं आवेदन

**मुरादाबाद।** जिला विकास अधिकारी ने बताया कि "बाबा साहब आम्बेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना" के क्रियान्वयन के लिए वर्ष 2025-26 में साक्षात्कार के माध्यम से लाभार्थियों के चयन हेतु इच्छुक लाभार्थी अपना आवेदन पत्र मय दस्तावेजों के अपने-अपने विकास खण्ड में दिनांक 30 सितम्बर 2025 तक जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि लाभार्थी के चयन हेतु न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा अधिकतम 65 वर्ष होनी चाहिए। योजना के अन्तर्गत ग्रामीण अंचल के दृष्टिकोण से व्यक्तिगण ऋण आवेदन पत्र ही स्वीकार किए जाएंगे। योजना के अन्तर्गत उन्हीं लाभार्थियों को ऋण प्रदान किया जायेगा, जिनके परिवार की समस्त स्रोतो से वार्षिक आय 2 लाख से अधिक न हो। प्रार्थना पत्र स्वीकार करने में अनुसूचित जाति/जनजाति तथा परित्यक्ता एवं विधवा महिला को प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदन पत्र हार्डकापी में व्यक्तिगत रुप से तथा पंजीकृत डाक से संबंधित विकास खण्ड कार्यालय में निर्धारित अवधि में जमा किए जाएंगे।

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने अन्नपूर्णा भवन के लिए भूमि की मांग कर लिखा जिलाधिकारी को पत्र

**कांठ।** नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम अंसारी ने नगर पंचायत कांठ में राशन वितरण हेतु पांच अन्नपूर्णा भवनो के निर्माण कराए जाने की मांग करते हुए जिला अधिकारी को पत्र लिखा उन्होंने कहा कि लेखपाल द्वारा ग्राम पंचायत महमूदपुर माफी में नगर की सीमा से 2 किलोमीटर की दूरी पर जगह की उपलब्धता कराई गई है। उक्त जगह नगर की सीमा से दूर है तथा हरिद्वार हाईवे को पार करके जाना पड़ता है इससे वृद्धजन महिलाएं बच्चों को वहां तक आने-जाने में दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

उन्होंने नगर पंचायत की सीमा के अंदर ही जगह का चयन करते हुए अन्नपूर्णा भवन बनवाए जाने की मांग उठाई। कहा कि नगर पंचायत में स्थित सहकारी संघ में खाली भूमि पड़ी हुई है जो पृथ्वी गंज और बिशनपुरा के नजदीक है एवं माननगर प्राइमरी विद्यालय के पास नगर पंचायत की भूमि है जो मोहल्ला फकीरगंज पट्टीवाला फकीरगंज घोसीपुरा के नजदीक है इसके अतिरिक्त भूड़ मंदिर के समीप भी स्थापित जगह मोहल्ला ईदगाह पृथ्वी गंज के समीप है। अगर यहां पर अन्नपूर्णा भवन के निर्माण कराए जाते हैं तो लोगों को आसानी होगी पत्र पर सभासद सोनम कौर चमन सिंह मनोज कुमार पिंकी रानी नसीम अहमद रिहाना परवीन मंजू आदि ने भी हस्ताक्षर किए है।

### मारपीट कर घायल करने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**कांठ।** रंजिशन मारपीट कर घायल करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान किया है घटना 10 सितंबर की है बेगमपुर निवासी विवेक कुमार पुत्र जिले सिंह का कहना था कि वह भक्ति का काम करता है इस कारण आसपास के लोग अपनी समस्याओं को लेकर उसके पास आते हैं और वह उनका निदान करता है लेकिन इस कार्य से उसके पड़ोसी नाराज रहते हैं और उसे नुकसान पहुंचाने की फिराक में रहते हैं घटना के दिन उसके पिताजी घर पर मौजूद थे तभी पड़ोस के सूरज सिंह अनमोल सनी बॉबी आदि घर में घुस आए और गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे सरिया एवं धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे जिले सिंह को काफी चोटे आई पीड़ित थाने पहुंचा और हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने आज सूरज सिंह को गिरफ्तार कर लिया और अदालत के सामने पेश किया।

### तहसील बार एसोसिएशन चन्दौसी के चुनाव में दिलीप कुमार बने सचिव

**चन्दौसी।** तहसील बार एसोसिएशन चन्दौसी के वर्ष 2025-26 के सचिव/महामंत्री पद हेतु चुनाव किया जिसमें दिलीप कुमार एड. को 153, मुकेश पाल सिंह एड. को 88 मत प्राप्त हुए।

साथ ही अध्यक्ष पद के लिए कल्यानसिंह एड., वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए धनवीर सिंह यादव एड., कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए चिरंजीलाल राणा एड., कोषाध्यक्ष पद के लिए सत्यवीर सिंह एड., संयुक्त सचिव पद के लिए विजयपाल सिंह एड., वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए अलीशेर खां एड., जहीर आलम एड., शिव कुमार व मोहम्मद खालिद सैफी एड तथा कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए सौरभ कुमार सिंह एड., दीपक कुमार एड. को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

### करेली रोड पर तार टूटने से बिजली गायब

**चन्दौसी।** करेली रोड स्थित कर्मशाला से कुछ दूरी पर पतरौआ रकवा में कॉलोनी में दर्जनों मकान बने हुए हैं जिसमें पीछे से खुले तार से कनेक्शन किये हुए हैं जहां विद्युत विभाग बिजली की सप्लाई दे रहा है। बुधवार की रात्रि से बिजली गायब हो गई है जिससे कॉलोनीवासियों को विद्युत सप्लाई न मिलने से कॉलोनी वासियों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

# गणेश मेले में उमड़ रही भीड़



**चन्दौसी।** उत्तर भारत के प्रसिद्ध मेले में इस बार लगातार दर्शकों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालु और दर्शक दूर-दराज के गांवों और कस्बों से यहां पहुंच रहे हैं। मेला 25 अगस्त से आरंभ हुआ था और 27 अगस्त को भव्य शोभायात्रा निकाली गई थी। दुकानों पर खरीदारी के साथ-साथ झूले, झांकी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मेले की रौनक बढ़ा दी है। यह मेला 14 सितंबर तक चलेगा और अनुमान है कि अंतिम दिनों में दर्शकों की संख्या और अधिक बढ़ जाएगी। स्थानीय लोग ही नहीं बल्कि अन्य जिलों और राज्यों से आने वाले श्रद्धालु भी इस मेले की शोभा बढ़ा रहे हैं।

# छजलैट ब्लॉक के पंचायत सहायकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न, दिए प्रमाण पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान के द्वारा डिस्ट्रिक्ट पंचायत रिसोर्स सेन्टर अमरोहा में छजलैट ब्लॉक के पंचायत सहायकों का 4 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायत सहायकों को ट्रेंड करने के लिए विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में पंचायती राज व्यवस्था 73 वें संविधान संशोधन , ग्राम पंचायत ओर ग्राम प्रधान के कार्य ओर दायित्व , ग्राम सभा कार्य दायित्व ओर महत्व , ग्राम पंचायत की समितियां ओर कार्य, पंचायत सिटीजन चार्टर , स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण , केंद्रीय वित्त एवं पंचम आयोग , पंचायत कल्याण कोष, मातृभूमि योजना , ग्राम पंचायत की स्वयं की आय के स्रोत ,सतत विकास लक्ष्य, ग्राम पंचायत विकास योजना, पंचायत पुरस्कार आदि विषयों के बारे में चार दिन तक विस्तार से समझाया गया ओर कंप्यूटर के बारे में भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के अंतिम दिन परीक्षा कराकर प्रमाण पत्र वितरित किया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर सतेंद्र कुमार शर्मा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। पंचायत सहायक दिनेश कुमार दिलशाद पुष्पेंद्र कुमार बिलाल अहमद नीलम शर्मा प्रदीप कुमार काजल यादव रिजवान सुखवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।



# शिक्षकों ने कि टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग, किया जोरदार प्रदर्शन




**मुरादाबाद।** टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर भारी संख्या में शिक्षक उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के बैनर तले कलेक्ट्रेट पर पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर जोरदार धरना प्रदर्शन करते हुए एक ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा। कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन के दौरान उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष राज बहादुर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज हम सभी लोग यहां जो एकत्रित हुए हैं, उसका उद्देश्य यह है कि 1 सितंबर को माननीय सुप्रीम कोर्ट के द्वारा एक निर्देश जारी किया गया है, जिसमें सभी शिक्षकों के लिए टीईटी की अधिवार्यता की गई है। जब हम लोग लगे थे, हम लोगों को लगभग 35 साल 40 साल इस सेवा में कार्य करते हुए हो गया। आज लग रहा है कि हम जहां से चले थे वहीं पर खड़े हुए हैं सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुसार। जो टीईटी लागू की गई है उस समय टीईटी की कोई अनिवार्यता नहीं थी और नाही टीईटी को कोई जानता था।उस समय जो योग्यताएं थी उन सभी योग्यताओं को पूरा कर हम नियुक्त हुए हैं और 35 40 साल के अनुभव के बाद हम लोगों में 35- 40 साल पढ़ाया है और उस अनुभव के बाद आज हम फिर वही खड़े हैं जहां से आज हम स्टार्ट हो रहे हैं। तो हम भारत सरकार के माननीय प्रधानमंत्री जी से और उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री योगी जी से हमारा विनम्र निवेदन है कि इन सभी शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए, इनकी नौकरी सुरक्षित रखते हुए, यह टीईटी की अनिवार्यता जो है वह वापस ली जाए और जो पुरानी व्यवस्था चली आ रही है उसी के आधार पर हमें छूट दी जाए। 2011 के बाद से टीईटी लागू हुई है। तो 2011 से पहले जिन शिक्षकों की भर्ती हुई है उन्हें इस टीईटी की अनिवार्यता से छूट मिलनी चाहिए।

# चिकित्सक के स्थानांतरण के बाद भी आवास पर कब्जे की बात आ रही सामने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी से संबंधित प्राप्त सूचना से चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। सूचना में जानकारी दी गई है कि रुस्तम नगर सहसपुर में डॉक्टर एके गुप्ता का वर्ष 2005 में स्थानांतरण हो चुका है। उन्हें आवंटित किए गए चिकित्सक आवास पर अभी तक उनका कब्जा बरकार है। यह भी सूचना मिली है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा अधिकारियों के सात पद रिक्त चल रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी से संबंधित सूचनाएं आरटीआई एक्टिविस्ट,सीनियर पत्रकार तथा बार एसोसिएशन बिलारी के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद आसिफ ष्कमलष एडवोकेट के आवेदन पर दी गई है। पहले बिंदु के अंतर्गत बताया गया है। स्थाई तौर पर नियुक्त डॉक्टर राजपाल- चिकित्सा अधीक्षक, डॉक्टर प्रीतपाल सिंह सलूजा- जनरल सर्जन, डॉक्टर दुर्गेश्वर प्रसाद- चिकित्सा अधिकारी, डॉक्टर रेशमा बजाहत- चिकित्सा अधिकारी, डॉक्टर श्वेतांबरी त्यागी- चिकित्सा अधिकारी हैं ।जबकि डॉक्टर मोहम्मद जीशान, डॉ अब्दुल कादिर, डॉक्टर हसन जमाल, डॉक्टर अनुराग शर्मा व डॉक्टर सहर फातिमा की नियुक्ति संविदा पर है, विशेष योग्यता वाले डॉक्टर प्रीतपाल सिंह सलूजा जनरल सर्जन और डॉक्टर सचिन कुमार डेंटल सर्जन है। दिलचस्प बात यह है कि डॉक्टर सचिन कुमार का नाम स्थाई चिकित्सकों की लिस्ट में भी नहीं है और संविदा पर कार्य करने वालों की सूची में भी डेंटल सर्जन का नाम नहीं है। शायद यह अटैचमेंट में होंगे, जो भी इसकी वजह स्पष्ट नहीं की गई है। सूचना से पता चला है कि रुस्तम नगर सहसपुर में चिकित्सा अधिकारियों के तीन आवास हैं इनमें से एक पर 20 वर्ष से डॉक्टर एके गुप्ता का कब्जा है। दो खाली चिकित्सा अधिकारियों के आवास में कौन निवास कर रहा है इसकी जानकारी नहीं दी गई है बल्कि सूचना में यह भी बताया गया है की डॉक्टर रेशमा वजाहत और डॉक्टर सचिन कुमार मुख्यालय पर निवास नहीं करते हैं। जबकि राजस्थान नगर सहसपुर में चिकित्सा अधिकारियों के दो आवास स्थित है।

# साइबर ठगों ने रिटायर्ड रेल कर्मचारी के खाते से 18.45 लाख उड़ाए

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला वैशाली नगर स्थित गैस गोदाम रोड निवासी सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी अनिल कुमार के खाते से साइबर ठगों ने करीब 18,45,000 रु. की ठगी कर ली। पीडिघ्त ने बताया कि वह 30 जून 2025 को रेलवे से सेवानिवृत्त हुए थे। उनके अनुसार 30 अगस्त की सुबह लगभग 09 बजे एक अज्ञात नंबर से कॉल आई और एक पीडीएफ भेजी गई। कॉल करने वाले ने कहा कि उनकी पेंशन शिकायत पोर्टल पर दर्ज थी, उसे चेक कर लें। पीडीएफ खोलने पर पीपीओ लिस्ट व सैलरी स्लिप सही दिखाई दी और बताया गया कि पेंशन अब सही हो गई है। कॉल के दौरान ही उनके मोबाइल पर अनजानी क्रियाएँ हुईं और कुछ समय बाद उनके खाते से बड़ी रकम निकाल ली गई। अनिल कुमार ने तुरंत बैंक, कोतवाली पुलिस और जनसूचना केंद्र को सूचना दी तथा साइबर शाखा संभल को तहरीर दे दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने और अनजान कॉल/लिंक न खोलने की चेतावनी दी है तथा संदिग्ध गतिविधि देखकर तुरंत बैंक और साइबर शाखा को सूचित करने का आह्वान किया है।

# महंत रमेशदास ने कुंती प्रसंग सुनाया युवाओं को दिया जीवन मार्गदर्शन



**चन्दौसी।** कैथल गेट स्थित एमसीएक्स गोदाम में चल रही भागवत महा. पुराण कथा के तृतीय दिवस पर व्यासपीठ पर विराजमान महंत रमेशदास महाराज ने कथा श्रवण कराया। कथा प्रसंग के अंतर्गत उन्होंने कुंती द्वारा भगवान से की गई प्रार्थना और भगवान द्वारा उनके निश्चल प्रेम को देखकर दिया गया वरदान सुनाया। इसके साथ ही पितामह भीष्म द्वारा भगवान की स्तुति का वर्णन भी किया। महंत रमेशदास महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के परिवेश में युवा पीढ़ी को शुद्धता और सात्विकता के साथ अपने जीवन को सजाना चाहिए।

उन्होंने युवाओं को प्रेरित किया कि वे भक्ति और भजन के माध्यम से अपने गृहस्थ जीवन को सफल बनाएं। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर दिव्य आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। आयोजक मौसम गुप्ता और मधुर गुप्ता ने बताया कि यह कथा प्रतिदिन 16 सितंबर तक दोपहर 03 बजे से शाम 07 बजे तक कैथल गेट (एमसीएक्स ग्राउंड), अजान्ता रोड, चन्दौसी पर आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर तेजेन्द्र पाल चौधरी, डॉ. नरेंद्र कुमार, अमित, रजनीश, राजेश कुमार, गणेश चौधरी, राहुल एआर, मोहित गुप्ता, सूर्यांश, माधव आदि मौजूद रहे।

# विकसित उत्तर प्रदेश-2047 अभियान पर विशेष कार्यक्रम आयोजित







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** रोजगार एवं प्रशिक्षण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के तत्वावधान में 'विकसित उत्तर प्रदेश-2047' अभियान के अंतर्गत अमृत काल के निर्माण को लेकर विशेष कार्यक्रम बहजोई स्थित डी.आर. रिसोर्ट में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास, उद्यमिता और रोजगार सृजन के अवसरों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रेरित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडलायुक्त मुरादाबाद मंडल आंजनेय कुमार सिंह उपस्थित रहे। साथ ही जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई, से0नि0 आईपीएस आनंद कुमार सिंह, से0नि0 प्रोफेसर शिव कुमार तोमर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और समाज के गणमान्य नागरिक भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर वक्ताओं ने उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक विकसित और आत्मनिर्भर राज्य बनाने के लिए रोडमैप प्रस्तुत किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से रोजगार सृजन, कौशल विकास और नवाचार को बढ़ावा देने की जरूरत पर बल दिया।

अधिकारियों ने युवाओं को प्रोत्साहित किया कि वे राज्य और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं और आत्मनिर्भर बनने के लिए उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करें। कार्यक्रम में युवाओं को 'विकसित उत्तर प्रदेश-2047' संकल्प से अवगत कराया गया और उन्हें इस योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में चर्चा के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने विस्तार से योजनाओं के लाभ, आवेदन प्रक्रिया और युवाओं के लिए उपलब्ध प्रशिक्षण अवसरों की जानकारी साझा की। इस आयोजन ने युवाओं को रोजगार, उद्यमिता और कौशल विकास के महत्व के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें भविष्य में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करने का प्रयास किया।

हर्बल इम्यूनिटी बूस्टर
थकान, कमजोरी दूर करें,
अनेक रोगो से बचाए
1980 से प्रसिद्ध
एनर्जिक-31
स्वास्थ्यवर्धक कैप्सूल
amazon पर भी उपलब्ध है
फोन नं0 0591-3554385 E-mail:energic31@gmail.com



# सम्पादकीय

शुक्रवार, 12 सितम्बर 2025

## विस्तार लेता टकराव

यह देखना बेहद डराने वाला है कि साढ़े तीन साल से भी अधिक समय से चल रहा रूस-यूक्रेन युद्ध शांत होने के बजाए और विस्तार लेता दिखाई दे रहा है। ताजा मामले में पोलेंड ने अपने हवाई क्षेत्र में बड़ी संख्या में रूसी ड्रोन घुसने का आरोप लगाया है और साथ ही कहा कि पोलेंड व नाटो सहयोगियों के लड़ाकू जहाजों ने सभी को मार गिराया। पोलेंड के पीएम डोनाल्ड टस्क ने 48 घंटों के भीतर सुरक्षा परिषद की बैठक भी बुलाई है। पोलेंड 19 ड्रोन अपने क्षेत्र में घुसने की बात कर रहा है। जबकि रूस का कहना है कि उसका इरादा पोलेंड को भी किसी भी तरह का नुकसान पहुंचाना नहीं, बल्कि यह एक चूक का मामला है और इसको पोलेंड व नाटो देश बिना वजह तूल दे रहे हैं। जैसाकि हम जानते हैं कि रूस का पड़ोसी देश पोलेंड नाटो का सदस्य है और ऐसा माना जा रहा है कि यूक्रेन की नाटो देश रूस के साथ युद्ध में खुलकर मदद कर रहे हैं। नाटो का एक नियम है कि यदि किसी सदस्य देश पर हमला होता है, तो सब मिलकर उसका साथ देंगे।

बात यहीं खत्म नहीं होती मध्य-पूर्व भी इस समय सुलगता दिखाई दे रहा है। बुधवार को जिस तरह इजरायल ने कतर की राजधानी दोहा में हमास के एक ठिकाने पर हमला किया, उसने स्थिति को बेहद पैचीदा बना दिया है। उस हमले में हमास के नेता तो नहीं मारे गए, लेकिन कई अन्य लोग अपनी जान गवा बैठे। कतर ने जवाबी कार्रवाई करने की धमकी दी है। वहीं इजरायल के पीएम नेतन्याहू कह रहे हैं कि जहां भी इजरायल के दुश्मन नंबर 1 हमास के लोग होंगे, वहीं पर इजरायल उनका पीछा करेगा। फ्रांस, नेपाल में हिंसा भड़की हुई है। वहां भी लोग सड़कों पर हैं। नेपाल में तो तख्ता पलट भी हो गया है। अब सवाल यह है कि सिलसिला कहां जाकर रुकेगा, क्योंकि विश्व स्तर पर अभी तक पुरजोर तरीके से ऐसी कोई आवाज उठती दिखाई नहीं दे रही, जो यह संकेत दे कि लोगों को सकून के साथ जीने की आवश्यकता है और युद्ध से कुछ भी हासिल नहीं होने वाला। युद्ध केवल विनाश लाता है। जिसमें लोगों की जानों के साथ-साथ मौजूदा जो जीवित लोग होते हैं, उनके जीवन को भी मुश्किल बना देता है। यह देखना बेहद दुखद है कि विश्व के तमाम जिम्मेदार मुल्क जिन पर इस पूरी स्थिति को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी है, वह उसमें अपनी सकारात्मक भूमि निभाने के बजाए नकारात्मक भूमिका निभाएं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जब सत्ता में आए थे तो उन्होंने दुनिया में शांति लाने की बात कही थी, वह तो यहां तक दावा करते थे जैसे ही वह राष्ट्रपति बनेंगे कुछ ही दिनों में रूस-यूक्रेन का युद्ध रुकवा देंगे, लेकिन देखने में आ रहा है कि रूस-यूक्रेन का युद्ध अब और भड़क रहा है। पिछले दिनों ट्रम्प व रूसी राष्ट्रपति पुतिन के बीच युद्ध रोकने को लेकर जो अलासका में बात हुई थी, उसका कोई नतीजा निकलने की बात तो छोड़िए, उसके बाद और हालात बिगड़ रहे हैं। जाहिर है जब कहीं से शांति की आवाज उठेगी नहीं तो कोई भी समझ सकता है कि आपसी टकराव कैसे रुकेंगे। उन्हें तो और बढ़ावा ही मिलेगा और यह मिलता भी दिखाई दे रहा है। निश्चित रूप से यह स्थिति पूरी मानव जाति के बेहद भयावह है।

## वोट चोरी करके सरकारें बन रहीं



हम गारंटी करके वोट चोरी के सबूत देने वाले हैं, इतना ही नहीं हम और डायनामिक एक्सप्लोसिव (विस्फोटक) सबूत देंगे, भाजपा के लोग इरिटेट हो रहे हैं, मैं कहना चाहता हूं कि इरिटेट मत होइए, क्योंकि, हाइड्रोजन बम आएगा, तो सब साफ हो जाएगा, पूरे देश में वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा चल रहा है, यह देशभर में आग जैसा फैल रहा है, ये वास्तव में सच्चाई है, वोट चोरी करके सरकारें बन रही हैं, महाराष्ट्र, कर्नाटक और हरियाणा के इलेक्शन में वोट चोरी हुई है, हमने कर्नाटक सेंट्रल का ब्लैक एंड व्हाइट सबूत दिया।

-राहुल गांधी
नेता विपक्ष, लोकसभा

# चुनौतियों से संघर्ष कर निखरती हिन्दी





डा. चंद्रप्रकाश शर्मा

दुर्गम पथ मैंने है पाया। हार नहीं मानी है मैंने, चरैवेति को है अपनाया। भारत माथे की बिन्दी हूं, बिन्दी का महत्व समझाया। विश्व पटल पर मैं छाई हूं, भारत मां का मान बढ़ाया। दुनिया है दीवानी मेरी, विजई पताका को लहराया। भारत मां के दिव्यभाल की मुकुटमणि हूं, मैं हिन्दी हूं। मेरी स्वरचित ये पंक्तियां हिन्दी के संघर्ष, वैशिष्ट्य और विजय गाथा को रेखांकित करती हैं। हिंदी ने अपने विकास, स्वीकार्यता और प्रसार के लिए लगातार अनेक चुनौतियों का सामना किया है। ये चुनौतियां हिंदी की उत्पत्ति से लेकर आधुनिक काल तक सतत् जारी हैं। हिंदी का उद्भव संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश जैसी प्राचीन भाषाओं से हुआ है। इसका विकास मध्यकालीन भारत में खड़ी बोली के रूप में हुआ। विकास की प्रारम्भिक अवस्था में ही हिंदी को संघर्ष का सामना करना पड़ा क्योंकि मध्यकाल में भारत में कई भाषाएं और बोलियां जैसे अवधी, ब्रज और मैथिली प्रचलित थीं। इनके बीच हिंदी को अपनी पहचान स्थापित करने के लिए लंबा संघर्ष करना पड़ा। साथ ही उस समय की प्रभावशाली भाषाआ. े- संस्कृत और फारसी ने हिंदी के विकास को और जटिल बना दिया। लेकिन भक्ति आंदोलन और लोक साहित्य ने हिंदी को आम जनता की भाषा बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

ब्रिटिश औपनिवेशिक काल में हिंदी को सबसे अधिक संघर्ष का सामना करना पड़ा क्योंकि 19 वीं सदी में अंग्रेजी को प्रशासनिक और शैक्षिक भाषा के रूप में प्राथमिकता दी गई, जिससे हिंदी और अन्य भारतीय भाषाएं हाशिए पर धकेल दी गईं। ब्रिटिश शासन में उर्दू को अधिक महत्व दिया गया, यद्यपि उर्दू खड़ी बोली का ही एक रूप थी। इस प्रकार हिंदी को अंग्रेजी और उर्दू से प्रतिस्पर्धा के कारण दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ा किंतु हिंदी अपनी सरलता, सहजता और मधुरता के कारण जन सम्पर्क की भाषा बनी रही। इस समय हिंदी को साहित्यिक और राष्ट्रभाषा के रूप में स्थापित कराने में अनेक विद्वानों और साहित्यकारों के साथ आधुनिक हिंदी साहित्य के जनक भारतेंदु हरिश्चंद्र का विशेष योगदान रहा जिनकी प्रसिद्ध उक्ति थी निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल-यह उक्ति उनके हिंदी के प्रति प्रेम और समर्पण को प्रदर्शित करती है। हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकार कराने के लिए लम्बा संघर्ष करना पड़ा। 19वीं सदी के अंत में नागरी लिपि को बढ़ावा देने के लिए नागरी प्रचारिणी सभा की स्थापना हुई जिसने हिंदी के मानकीकरण और प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इसने हिंदी को एक आधुनिक भाषा की रूप में स्थापित करने में सहायता की। हिंदी ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया क्योंकि यह केवल एक भाषा नहीं थी बल्कि राष्ट्रीय एकता और स्वतंत्रता की भावना का प्रतीक बन गई थी। महात्मा गांधी ने हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में प्रचारित किया क्योंकि यह भारत के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को एकजुट करने में सक्षम थी। गांधी जी का मानना था कि हिंदी अपनी सरलता और व्यापकता के कारण भारत की विविधता को एक सूत्र में पिरोने की सामर्थ्य रखती है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हिंदी साहित्य ने जनता को जागरूक करने और स्वतंत्रता की भावना को प्रज्ज्वलित करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निभाई। सुमित्रानंदन पंत, मैथिलीशरण गुप्त और जयशंकर प्रसाद जैसी कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना को उभारा। खड़ी बोली हिंदी जो पहले मुख्य रूप से गद्य में प्रयोग होती थी, इस काल में काव्य की प्रमुख भाषा बन गई। इन रचनाओं ने जनता में स्वतंत्रता के लिए उत्साह और बलिदान की भावना को प्रेरित किया। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हिंदी कविताएं, नारे और गीत स्वतंत्रता सेनानियों के लिए प्रेरणा के स्रोत बने। भारत छोड़ो, वंदे मातरम जैसे नारे हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में गूंजे जिसने जनता में उत्साह का संचार किया। स्वतंत्रता संग्राम में हिंदी पत्रकारिता की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। भारत मित्र, हिंदुस्तान और आज जैसे समाचार-पत्रों ने जनता को ब्रिटिश शासन के खिलाफ संगठित करने में मदद की। इन समाच. ारपत्रों ने स्वतंत्रता संग्राम की खबरें फैलाने के साथ हिंदी को एक शक्तिशाली संचार माध्यम के रूप में स्थापित किया। फिर भी हिंदी को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। अंग्रेजी और उर्दू के प्रभुत्व के कारण हिंदी को प्रशासन शिक्षा में उचित स्थान प्राप्त नहीं हुआ। इसके अलावा भारत के दक्षिणी और पूर्वी क्षेत्र में जहां की क्षेत्रीय भाषाएं- तमिल, तेलुगू और बंगाली पहले से मजबूत थी और उनकी हिंदी को अपनाने की भी कोई इच्छा नहीं थी।इसके बाद भी हिंदी ने अपने संघर्ष के बल पर राष्ट्रीय भाषा के रूप में अपनी पहचान बनाई। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हिंदी को भारत के संविधान में विशेष स्थान दिया गया और 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एक मत से हिंदी को भारत की राजभाषा स्वीकार किया और 26 जनवरी 1950 को लागू हुई संविधान के अनुच्छेद 343 के तहत हिंदी को संघ की राजभाषा घोषित किया गया। यह हिंदी की विजय का एक महत्वपूर्ण पड़ाव था लेकिन दक्षिणी भारत ,विशेष रूप से तमिलनाडु में हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में लागू करने के खिलाफ तीव्र विरोध हुआ क्योंकि उनको लगता था कि हिंदी का प्रभुत्व उनकी क्षेत्रीय भाषाओं और संस्कृतियों को दबा सकता है। इस विरोध के कारण भारत सरकार ने राजभाषा अधिनियम 1963 लाकर अंग्रेजी को सहायक राजभाषा के रूप में मान्यता दी जिससे हिंदी को एक बड़ा झटका लगाक्योंकि हिंदी को राजभाषा बनाने का उद्देश्य देश की एकता को बढ़ावा देना और प्रशासनिक कार्यों में एक सामान्य भाषा का उपयोग करना था। इसके लिए राजभाषा विभाग की स्थापना की गई जो हिंदी के प्रचार प्रसार और इसके आधिकारिक उपयोग को बढ़ावा देता है। वर्तमान काल में हिंदी ने,न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। विश्व में लगभग 60 करोड लोग हिंदी बोलते हैं जिससे यह विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। हिंदी सिनेमा ने हिंदी को वैश्विक मंच पर पहुंचाया है। हिंदी फिल्मी गीत और संवाद न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी लोकप्रिय हैं। इसके अलावा हिंदी साहित्य का अनुवाद विश्व की कई भाषाओं में हो रहा है जिससे हिंदी की सांस्कृतिक और साहित्यिक समृद्धि विश्व स्तर पर पहुंच रही है डिजिटल मीडिया के माध्यम से भी हिंदी ने वैश्विक मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज की है। इसके बावजूद भी हिंदी अनेक चुनौतियों का सामना कर रही है। वैश्वीकरण के इस युग में अंग्रेजी को वैश्विक अवसरों और शिक्षा की भाषा के रूप में देखा जाता है और हिंदी को दोयम दर्जे की भाषा माना जाता है। इसके साथ ही भारत में 22 अनुसूचित भाषाएं हैं और कई क्षेत्रों में लोग अपनी मातृभाषा को प्राथमिकता देते हैं जो हिंदी के विकास में अवरोध हैं। वर्तमान डिजिटल युग में हिंदी का उपयोग अभी भी सीमित है, यद्यपि गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और अन्य तकनीकी कंपनियों हिंदी में सामग्री और उपकरण उपलब्ध करा रही है लेकिन हिंदी में तकनीकी शब्दावली और सॉफ्टवेयर की कमी एक चुनौती है। हिंदी ने विकास के प्रत्येक चरण में संघर्ष का सामना किया है। संघर्ष ही इसकी ताकत है और आगे भी यह संघर्ष के बल पर शक्तिशाली बनकर उभरेगी क्योंकि इसका लचीलापन, वैज्ञानिकता, समृद्ध साहित्य और जनता से जुड़ाव इसको विजयपथ पर ले जाने में समर्थ है। इसलिए हम गर्व से कह सकते हैं कि हिंदी वास्तव में संघर्ष और विजय की भाषा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मधुमक्खियों का अनोखा भोजन संतुलन

**कुछ फूलों के पराग में सिर्फ 17 प्रतिशत प्रोटीन था, जबकि कुछ में 86 प्रतिशत तक प्रोटीन पाया गया। मौसम का असर भी साफ दिखा वसंत के फूलों में प्रोटीन ज्यादा था, जबकि गर्मी के अंत में मिलने वाले फूलों में वसा और कार्बोहाइड्रेट अधिक थे। यही मौसमी बदलाव तय करता है कि मधुमक्खियां किस समय कौन-सा भोजन चुनेंगी।**



जंगली मधुमक्खियां यूं ही किसी भी फूल पर नहीं जातीं। एक नए अध्ययन से पता चला है कि ये नन्हें परागणकर्ता अलग-अलग फूल चुनकर अपने भोजन में प्रोटीन, वसा और कार्बोहाइड्रेट का संतुलन बनाए रखते हैं। ठीक वैसे ही जैसे इंसान कभी भरपेट खाना पसंद करते हैं तो कभी हल्का-फुल्काय जैसे सलाद।

यह शोध आठ साल तक अमेरिका के कोलोराडो रॉकीज पहाड़ों में किया गया, जहां वैज्ञानिकों ने आठ तरह की मधुमक्खियों पर अध्ययन किया। इन मधुमक्खियों द्वारा इकठा किए गए पराग का विश्लेषण कर उन्होंने एक 'पोषण मानचित्र' बनाया, जिससे पता चला कि मधुमक्खियां कैसे और क्यों अलग-अलग फूल चुनती हैं।

कुछ फूलों के पराग में सिर्फ 17 प्रतिशत प्रोटीन था, जबकि कुछ में 86 प्रतिशत तक प्रोटीन पाया गया। मौसम का असर भी साफ दिखारू वसंत के फूलों में प्रोटीन ज्यादा था, जबकि गर्मी के अंत में मिलने वाले फूलों में वसा और कार्बोहाइड्रेट अधिक थे। यही मौसमी बदलाव तय करता है कि मधुमक्खियां किस समय कौन-सा भोजन चुनेंगी। इस अध्ययन से यह भी पता चला कि मधुमक्खियों की अलग-अलग प्रजातियां अपने शरीर के आकार और जीभ की लंबाई के आधार पर अलग-अलग भोजन रणनीति अपनाती हैं। बड़ी और लंबी जीभ वाली मधुमक्खियां ज्यादा प्रोटीन वाले पराग चुनती हैं, जबकि छोटी मधुमक्खियां कार्बोहाइड्रेट और वसा वाला पराग पसंद करती हैं। इसके अलावा, अलग-अलग मधुमक्खियां अपनी कॉलोनी के विकास की अवस्था के हिसाब से भी भोजन बदलती हैं। इस अध्ययन के मुख्य शोधकर्ता जस्टिन बैन के अनुसार पराग में यह विविधता वैसी ही है जैसी इंसानों के खाने में होती है। यानी मधुमक्खियों को भी इंसानों की तरह संतु. लित आहार चाहिए। हालांकि यह अध्ययन पथरीले पर्वतीय स्थल पर हुआ है, लेकिन यह दुनिया भर में परागणकर्ताओं की पोषण जरूरतों को समझने के लिए उपयोगी है। सबसे अहम बात यह है कि मधुमक्खियों के लिए एक जैसा भोजन काम नहीं करता - उनके लिए फूलों की विविधता जरूरी है ताकि उनकी आबादी स्वस्थ बनी रहे। बागवान और संरक्षणकर्ता इस जानकारी के आधार पर ऐसे बगीचे और प्राकृतवास बना सकते हैं जो साल भर मधुमक्खियों की बदलती पोषण जरूरतों को पूरा करें। आज परागण करने वाले कीट जलवायु परिवर्तन, प्राकृतवास के नष्ट होने और पोषण की कमी जैसी बड़ी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। ऐसे में यह अध्ययन बताता है कि विविधता बनाए रखना कितना जरूरी है।

-स्रोत फीचर्स

# धार्मिकता का ढोंग और मृत संवेदनाएं



निर्मल रानी

हमारा भारत वर्ष कृषि प्रधान होने के साथ साथ श्धर्म प्रधानश देश भी माना जाता है। यहां सुबह चार बजे से ही विभिन्न धर्मों के लोग अपने अपने आराध्य को खुश करने के मिशन में अपने अपने तरीके से जुट जाते हैं। धर्मस्थलों में लगे लाउडस्पीकर ब्रह्म मुहूर्त में ही देशवासियों को अपने अपने आराध्य व अपने देवालयों की ओर आकर्षित करने लगते हैं। इसके अलावा भी देश भर में निकलने वाले विभिन्न धर्मों के धार्मिक जुलूस,शोभा यात्राएं, सत्संग में होने वाले संतों के प्रवचन, धर्म जागरण के नाम पर चलने वाले अनेक अतिवादी मिशन, कांवड़ जैसी यात्राएं महाकुंभ जैसे विश्वस्तरीय आयोजन, तीर्थ स्थलों में इकठी होने वाली भक्तों की अनियंत्रित भीड़ आदि को देख कर तो एक बार यही लगेगा कि हर समय श्रद्धा व भक्ति भाव में डूबे रहने वाले हमारे धर्म प्रधान देश के लोग बेहद धार्मिक, संवेदनशील और मानवता की कद्र करने वाले लोग होंगे। रोजाना जगह-जगह लगने वाले लंगर, देश भर में संचालित हो रही अनेकानेक जनसेवी संस्थाएं भी इसी बात का एहसास दिलाती हैं, परन्तु इसी धर्म प्रधान देश से जहां मानवता की मिसाल पेश करने वाले अनेकानेक किस्से सुनाई देते हैं वहीं कुछ घटनाएं ऐसी भी सामने आती हैं जिन्हें सुनकर ऐसा लगता है गोया इसी भारतीय समाज के ही कुछ लोगों की संवेदनाएं बिल्कुल ही मुर्दा हो चुकी हैं।

ऐसे लोगों में इंसानियत नाम की चीज ही नहीं बची है। दिल दहला देने वाली ऐसी ही एक घटना पिछले दिनों उत्तर प्रदेश राज्य के महराजगंज जिले में स्थित नौतनवा कस्बे में पेश आई। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित नौतनवा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के शहर गोरखपुर से लगभग 87 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इस पूरे पूर्वांचल क्षेत्र में धर्म ध्वजा पूरे वेग से लहराती है। इसी नौतनवा नगर पालिका के अंतर्गत राजेंद्र नगर वॉर्ड से एक बड़ा ही हृदयविदारक दृश्य सामने आया। इस ताजातरीन घटना ने तो इंसा. नियत को झकझोर कर रख दिया। समाचारों के अनुसार रेहड़ी ठेले पर गली गली चूड़ियां बेचकर अपने परिवार का पालन पोषण करने वाले 50 वर्षीय लव कुमार पटवा नामक एक व्यक्ति का लंबी बीमारी के बाद देहांत हो गया। लव कुमार की पत्नी का निधन भी अभी मात्र छह माह पहले ही हुआ था। अब उसके परिवार में उसके दो बेटे 14 वर्षीय राजवीर व 10 वर्षीय देवराज तथा एक छोटी बेटी बचे थे।

अब इन्हीं बच्चों पर अपने मृत पिता के अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी थी। उसका कोई भी रिश्तेदार या पड़ोसी अंतिम संस्कार करने के लिए सामने नहीं आया। बच्चों की दादी आई भी तो रो पीट कर वापस चली गई। बच्चे अंतिम संस्कार करने या उसके लिए सहायता करने की भीख समाज से मांगते रहे। यहां तक कि तीन दिन तक लाश घर में सड़ती रही। जरा सोचिए कि क्या गुजर रही होगी उन मासूम बच्चों पर जब वे अपने बाप की रेहड़ी पर ही अपने बाप की सड़ी हुई लाश रखकर लोगों से अंतिम संस्कार हेतु पैसे मांगते फिर रहे होंगे ? जब यह बच्चे ठेले पर लाश लेकर श्मशान घाट पहुंचे तो बताया गया कि वहां जलाने हेतु लकड़ी नहीं है। और फिर जब यह बेगुनाह मासूम अपने बाप के शव को लेकर कब्रिस्तान पहुंचे तो कब्रिस्तान वालों ने यह कहकर लाश को दफ्न करने से मना कर दिया कि यह शव हिन्दू का है।

आखिरकार बच्चे लाश को ठेले पर रखकर सड़क पर खड़े होकर रोने बिलखने लगे। कोई दुर्गन्ध से अपनी नाक बंद कर गुजर जाता तो कोई उन बदनसीब बच्चों की फोटो खींचता या वीडिओ बनाता परन्तु मदद करने के लिए धर्म जागृत समाज का कोई भी व्यक्ति सामने न आता। हद तो यह है कि ठेले पर शव रखा देखने व मृतक लव कुमार के स्थानीय व्यक्ति होने के बावजूद कुछ लोग यह कहकर आगे बढ़ जाते कि यह भीख मांगने का नया ट्रेंड है। इसी दौरान यह मायूस बच्चे जब अपने बाप की लाश को ठेले पर ढकेलते हुए नदी की ओर रोते बिलखते जा रहे थे तभी राहुल नगर वार्ड के निवासी रशीद कुरैशी की नजर उन बच्चों व उनके साथ दुर्गन्ध मारती लाश पर पड़ी। बच्चों ने रोते बिलखते अपनी सारी पीड़ा रशीद से सांझी की। रशीद ने तुरंत अपने भाई व उसी राहुल नगर वार्ड 17 के पार्षद वारिस कुरैशी को फोन पर पूरी घटने की जानकारी दी। उसके बाद दोनों कुरैशी बंधुओं ने सर्वप्रथम उन रोते बच्चों को ढारस बंधाई और उन्हें संभाला। उसके बाद अंतिम संस्कार हेतु लकड़ी व आवश्यक सामग्री का प्रबंध किया। फिर समाज के कुछ लोगों को साथ लेकर शमशान घाट जाकर हिन्दू रीति रिवाज के साथ मृतक का अंतिम संस्कार कराया। आज उस इलाके के लोग मानवता की रक्षा करने वाले कुरैशी भाइयों की इंसानियत को जहां सलाम कर रहे हैं, वहीं उनके रिश्तेदारों और पड़ोसियों की बेरुखी तथा नगर पालिका की लापरवाही पर भी घोर गुस्सा जता रहे हैं। साथ ही उस इलाके के शहिन्दू जागरण अभियानश में जुटे लोगों को भी कटघरे में खड़ा कर रहे हैं।

पिछले दिनों ऐसा ही एक चित्र जिसे पंजाब की बाढ़ से संबंधित बताया जा रहा है, सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस चित्र में एक मासूम बच्चा बाढ़ के पानी में अपनी मां की तैरती लाश को खींच रहा है। शायद इस उम्मीद से कि उसकी मां मरी नहीं है। इस मार्मिक दृश्य को देखने वाले लोग आगे बढ़कर बच्चे को गोद उठाने व उसकी मां की लाश को पानी से बाहर निकालने में मदद करने के बजाय मोबाईल से इस .श्य का वीडीओ बनाना ज्यादा जरूरी समझ रहे हैं। क्या इस तरह की घटनाएं इस बात का सुबूत नहीं कि हमारे धर्म प्रधान देश में होने वाले इस तरह के हादसों के बाद केवल किसी इंसान की ही मौत नहीं होती बल्कि यह मानवता की मौत भी है। इससे यह भी पता चलता है कि धार्मिकता का ढोंग करने वाले ऐसे लोगों की संवे. दनाएं पूरे तरह मृत हो चुकी हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

ऐसे लोगों में इंसानियत नाम की चीज ही नहीं बची है। दिल दहला देने वाली ऐसी ही एक घटना पिछले दिनों उत्तर प्रदेश राज्य के महराजगंज जिले में स्थित नौतनवा कस्बे में पेश आई। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित नौतनवा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के शहर गोरखपुर से लगभग 87 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इस पूरे पूर्वांचल क्षेत्र में धर्म ध्वजा पूरे वेग से लहराती है। इसी नौतनवा नगर पालिका के अंतर्गत राजेंद्र नगर वॉर्ड से एक बड़ा ही हृदयविदारक दृश्य सामने आया। इस ताजातरीन घटना ने तो इंसानियत को झकझोर कर रख दिया। समाचारों के अनुसार रेहड़ी ठेले पर गली गली चूड़ियां बेचकर अपने परिवार का पालन पोषण करने वाले 50 वर्षीय लव कुमार पटवा नामक एक व्यक्ति का लंबी बीमारी के बाद देहांत हो गया। लव कुमार की पत्नी का निधन भी अभी मात्र छह माह पहले ही हुआ था। अब उसके परिवार में उसके दो बेटे 14 वर्षीय राजवीर व 10 वर्षीय देवराज तथा एक छोटी बेटी बचे थे।

# बर्बरता: इजरायल ने 72 घंटों में 6 मुस्लिम देशों पर किए हमले, 200 की मौत

## 1000 घायल, नेतन्याहू बोले: जो अमेरिका ने किया, वही कर रहे

**यरुशलम।** इजरायल ने पिछले 72 घंटों में 6 देशों पर हमला किए हैं। इसमें गाजा (फलस्तीन) समेत सीरिया, लेबनान, कतर, यमन और ट्यूनीशिया शामिल हैं। इन हमलों में 200 से ज्यादा लोग मारे गए और 1000 से ज्यादा घायल हुए हैं। ये हमले सोमवार से बुधवार के बीच में किए गए। इजरायल का कहना है कि वो इन देशों में आतंकी ठिकानों को निशाना बना रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने इसे लेकर इजरायली पीएम नेतन्याहू से नाराजगी जताई है। हालांकि इजरायली पीएम नेतन्याहू ने कतर की राजधानी दोहा में हमास के अधिकारियों पर किए गए हमले का बचाव किया। उन्होंने इस हमले की तुलना 9/11 के हमलों के बाद अमेरिका की कार्रवाई से की। उन्होंने कहा इजरायल ने भी वही किया जो अमेरिका ने उस वक्त किया था। इजरायली सेना ने मंगलवार को कतर की राजधानी दोहा पर हवाई हमला किया था।

यह हमला हमास के चीफ खलील अल-हय्या को निशाना बनाकर किया गया था। इसमें अल-हय्या का बेटा, आफिस डायरेक्टर, तीन गार्ड और एक कतरी सुरक्षा अधिकारी समेत छह लोग 6 लोगों की मारे गए थे। इस हमले के वक्त हमास नेता अमेरिका के युद्धविराम प्रस्ताव पर आपस में चर्चा कर रहे थे। इस हमले के बाद हमास ने युद्ध विराम से इनकार कर दिया। इजरायल ने सोमवार को पूर्वी लेबनान के बेका और हरमेल जिलों में हवाई हमले किए, जिसमें 5 लोगों की जान गई। इजरायली सेना ने दावा किया कि इस हमले में हिजबुल्लाह के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। हालांकि हिजबुल्लाह ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। मंगलवार को इजरायली ड्रोन ने हिजबुल्लाह के एक सदस्य पर हमला किया था। नवम्बर 2024 में इजरायल और लेबनान में सीजफायर हुआ था। लेकिन इसके बाद भी इजरायल लेबनान के दक्षिणी हिस्से पर हमले करता रहता है। इजरायली फाइटर जेट ने सोमवार को सीरिया के एयरफोर्स बेस और सेना के कैंप पर हमले किए। सीरियन आब्जर्वेटरी फार ह्यूमन राइट्स (एसओएचआर) के मुताबिक इसमें किसी के हताहत की सूचना नहीं मिली है।


इन हमलों को सीरिया के विदेश एवं प्रवासी मंत्रालय ने देश के संप्रभुता का उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा कि इजरायल राष्ट्रीय और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। सीरिया और इजरायल में 1974 में सैन्य वापसी समझौते के तहत एक दूसरे पर हमला न करने पर सहमति बनी थी। लेकिन पिछले साल दिसम्बर में सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद के पतन के बाद से इजरायली सेना लगातार सीरिया के सैन्य ठिकानों और इंफ्रास्ट्रक्टर को निशाना बना रही है। एसओएचआर की रिपोर्ट बताती है कि इस साल इजरायल ने सीरिया पर 86 हवाई और 11 जमीनी हमले किए हैं।



### मुस्लिम देश इजरायल के खिलाफ साथ आएं: ख्वाजा आसिफ

**पाकिस्तानी रक्षा मंत्री बोले: वो हमें कमजोर करना चाहता है**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कतर की राजधानी दोहा पर इजरायली हमलों की निंदा की है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम देशों को अपनी आर्थिक ताकत से इजरायल का मुकाबला करना चाहिए। आसिफ ने कहा: इजरायल मुस्लिम देशों को कमजोर करना चाहता है। यह सोचना गलत है कि इजरायल के सामने झुकने से कोई सुरक्षित रहेगा। ख्वाजा आसिफ ने एक्स पर लिखा कि मुस्लिम देशों को अब इजरायल के खिलाफ एक साथ आना होगा। उनका मकसद मुस्लिम दुनिया की ताकत खत्म करना है। इजरायल के साथ नरमी बरतना गलत है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान ने, जो आर्थिक रूप से कमजोर है, फिर भी अपने से 5 गुना बड़े भारत को को सबक सिखाया। उन्होंने कहा: सुरक्षा कोई बाहर से नहीं देता। दूसरों की मदद मायने रखती है, लेकिन ताकत अपने अंदर से आती है।



मेक्सिको सिटी। एक राजमार्ग ओवरपास के नीचे गैस टैंकर विस्फोट स्थल के पास जलता हुआ वाहन।

## ट्रम्प की व्यापार नीति से अमेरिकी बैंकों की बढ़ रही चिंता

**न्यूयॉर्क/नई दिल्ली।** गोल्डमैन सैक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेविड सोलोमन भी अमेरिका के बैंकिग क्षेत्र के उन दिग्गज नाम की सूची में जुड़ गए हैं जिनका मानना है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की व्यापार नीति से अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ना शुरू हो गया है। इन लोगों की चिंता है कि ट्रम्प की नीतियां मंदी का कारण बन सकती हैं क्योंकि राष्ट्रपति ट्रम्प का व्यापार युद्ध विकास की संभावनाओं को प्रभावित कर रहा है। गोल्डमैन सैक्स ग्रुप के सीईओ ने अमेरिकी समाचार चैनल सीएनबीसी के साथ बातचीत में कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि हमने कुछ रोज़गार आंकड़े देखे हैं जो संकेत देते हैं कि कुछ नरमी आई है। मुझे लगता है कि आपको इस पर बहुत बारीकी से नजर रखनी होगी।

## सुशीला कार्की ने की पीएम मोदी की तारीफ

**कहा: उनके बारे में मेरी धारणा अच्छी**

**काठमांडो।** नेपाल की पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की ने पीएम नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के बारे में मेरी धारणा अच्छी है। मैं भारत के समर्थन की प्रशंसा करती हूं।

नेपाल में भ्रष्टाचार के विरोध में प्रदर्शन कर रहे जेन जी ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री के तौर पर सुशीला कार्की के नाम का समर्थन किया है। एक मीडिया संस्थान को दिए इंटरव्यू में सुशीला कार्की ने कहा कि मैं पीएम मोदी को नमस्कार करती हूं। पीएम मोदी के बारे में मेरी धारणा अच्छी है। नेपाल में हाल ही में हुए आंदोलन का नेतृत्व जेन जी समूह ने किया था और उन्होंने मुझ पर थोड़े समय के लिए सरकार का नेतृत्व करने का भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें सरकार का नेतृत्व करने के लिए चुना जाता है तो मेरी पहली प्राथमिकता आंदोलन के दौरान मारे गए युवाओं को श्रद्धांजलि देना होगी। आंदोलन के युवाओं ने उनके नेतृत्व के पक्ष में मतदान किया। मैंने अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने के उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। कार्की ने कहा कि नेपाल में अतीत से ही समस्याएं रही हैं। अब स्थिति बहुत कठिन है। हम नेपाल के विकास के लिए मिलकर काम करेंगे। हम देश के लिए एक नई शुरुआत करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत के लिए मेरे मन में बहुत सम्मान और प्यार है।

## पाकिस्तानी सेना ने मुठभेड़ों में मार गिराए 19 आतंकी

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के 19 आतंकवादियों को तीन अलग-अलग मुठभेड़ों में मार गिराया है। पाकिस्तानी सेना ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने गुरुवार को बताया कि यह कार्रवाई 10 सितम्बर की देर रात की गई। कार्रवाई खुफिया जानकारी के आधार पर मोहम्मद, उत्तर वजीरिस्तान और बन्नू जिलों में की गई। मोहम्मद जिले में हुए आपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों की आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ हुई। भारी गोलीबारी के बाद 14 आतंकवादियों को मार गिराया गया।

## नेपाल हिंसा में 5 अरब का हिल्टन होटल तबाह

### बीमा कंपनियों का अनुमान: 31 अरब का क्लेम संभव, यह 2015 के भूकंप से तीन गुना जयादा

**काठमांडू।** नेपाल में मंगलवार को हुई हिंसा में प्रदर्शनकारियों ने काठमांडू के सबसे ऊंचे हिल्टन होटल में आग लगा दी थी। यह होटल पिछले साल जुलाई में बनकर तैयार हुआ था।

इसमें 5 अरब भारतीय रुपये खर्च हुए थे। हिल्टन काठमांडू का सबसे ऊंचा 5 स्टार होटल है, जिसे नेपाल के शंकर के ग्रुप ने बनवाया है। इसमें विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए आधुनिक सुविधाएं थीं। इस होटल ने नेपाल को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन के नक्शे पर मजबूत पहचान दी थी। प्रदर्शनकारियों ने सिंह दरबार, सुप्रीम कोर्ट, राष्ट्रपति निवास समेत दर्जनों सरकारी-निजी इमारतों में आग लगा दी। ऐसा अनुमान है कि इससे नेपाल को अरबों की संपत्ति का नुकसान हुआ है। सबसे ज्यादा नुकसान 9 सितम्बर को हुआ, लेकिन सेना के सुरक्षा संभालने के बावजूद 10 सितम्बर को भी कई जगहों से नुकसान की खबरें आती रहीं। नेपाल इंश्योरेंस एसोसिएशन (एनआईए) के मुताबिक बीमा कंपनियों को लगभग 31 अरब भारतीय रुपये से अधिक के क्लेम का सामना करना पड़ सकता है। यह नुकसान 2015 में आए भूकंप से भी तीन गुना ज्यादा है। बीमाकर्ता और बैंकर्स का मानना है कि यह नेपाल के लिए सबसे खराब दौर है। छप और नेपाल राष्ट्र बैंक मिलकर नुकसान की जानकारी जुटा रहे हैं। हिल्टन होटल के अलावा प्रदर्शनकारियों ने भाटभटेनी सुपरमार्केट, एनसेल, सीजी इलेक्ट्रानिक्स, ग्लोबल कालेज, उल्लेंस स्कूल, सुजुकी शोरूम और सेंट्रल बिजनेस पार्क जैसी कार्पोरेट इंडस्ट्री को आग के हवाले कर दिया गया था। विराटनगर और इटहरी में वाहनों, राष्ट्रीय वाणिज्य बैंक, हिमालयन बैंक, स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक और ग्लोबल आईएमई बैंक की शाखाओं में भी तोड़फोड़ की गई थी। नेपाल में वित्त वर्ष 2024/25 में बीमा कंपनियों ने 26 अरब रुपये का प्रीमियम जुटाया था और 11 अरब रुपये के क्लेम चुकाए थे। मौजूदा हालात में बीमा कंपनियों को डर है कि उन्हें और भी बड़ा वित्तीय नुकसान हो सकता है। बीमा कराने वालों को भी भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका है, क्योंकि 'तोड़फोड़ और आतंकवाद' पालिसियों पर मिलने वाला प्रीमियम बहुत कम है, जबकि ये दावे राजनीतिक हिंसा को कवर करते हैं।



**इस होटल ने नेपाल को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन के नक्शे पर मजबूत पहचान दी थी**

## पोलैंड ने हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के बाद रूसी ड्रोन मार गिराए

**वारसॉ।** यूक्रेन को निशाना बनाकर रूस द्वारा रात भर किये गए हमलों के दौरान पोलैंड के हवाई क्षेत्र में पोलिश और अन्य नाटो विमानों ने कम से कम तीन रूसी ड्रोन मार गिराए। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने कहा कि पोलैंड ने 19 ड्रोन घुसपैठ दर्ज की हैं, जिनमें से कुछ इतने नीचे थे कि वारसॉ के मुख्य हवाई अड्डे चोपिन सहित चार हवाई अड्डों को अस्थाई रूप से बंद करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि यह स्थिति हमें द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से खुले संघर्ष के सबसे करीब ले आई है। 2022 में मास्को द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण के बाद से यह पहली बार है जब नाटो क्षेत्र में रूसी ड्रोन मार गिराए गए हैं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि पोलैंड के प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की 'कोई योजना' नहीं थी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कथित तौर पर पोलैंड में घुसे रूसी ड्रोनों की अधिकतम सीमा 700 किमी से अधिक नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि वह पोलिश रक्षा मंत्रालय के साथ परामर्श करने के लिए तैयार है। पोलैंड में रूस के अस्थाई प्रभारी ने कहा कि वारसॉ ने इस बात का कोई सबूत नहीं दिया है कि ड्रोन रूसी मूल के थे। वहीं रूस के एक करीबी सहयोगी, बेलारूस ने दावा किया कि ड्रोन उनके नेविगेशन सिस्टम जाम होने के बाद गलती से पोलिश हवाई क्षेत्र में प्रवेश कर गए। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने चेतावनी दी कि यह 'यूरोप के लिए एक बेहद खतरनाक मिसाल' है। यूक्रेन के रक्षा मंत्री डेनिस श्म्यहाल ने बीबीसी रेडियो 4 के वर्ल्ड टुनाइट कार्यक्रम में कहा: यह एक ऐसा क्षण है जब नाटो के सहयोगी, यूरोपीय सभ्यताएं, यह समझ रही हैं कि दुनिया बदल गई है और यूक्रेनी क्षेत्र पर रूसी आक्रमण केवल रूस और यूक्रेन के बीच नहीं है। यह रूस की वैश्विक रणनीति का हिस्सा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा: रूस ड्रोन के साथ पोलैंड के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन क्यों कर रहा है? पोलिश सांसदों को संबोधित करते हुए, टस्क ने कहा कि रात भर में तीन-या शायद चार-ड्रोन मार गिराए गए। उन्होंने कहा कि पोलिश अधिकारियों के पास ऐसी कोई जानकारी नहीं है जिससे पता चले कि 'रूसी कार्रवाई के परिणामस्वरूप' कोई घायल हुआ हो या उसकी मौत हुई हो।



## ट्रम्प समर्थक चार्ली कर्क की हत्या



**यूनिवर्सिटी प्रोग्राम में गर्दन पर गोली मारी, शोक में अमेरिका झंडा झुकाया**

**यूटा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के समर्थक और राइट विंग एक्टिविस्ट चार्ली कर्क की गुरुवार को एक प्रोग्राम के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना यूटा राज्य की यूटा वैली यूनिवर्सिटी में हुई।

चार्ली यहां 'द अमेरिकन कमबैक टूर' प्रोग्राम में आए थे। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि चार्ली एक टेंट के नीचे माइक पकड़कर बोल रहे हैं। तभी अचानक एक गोली उनके गर्दन के पास आकर लगती है, काफी खून बहता है और वे जमीन पर गिर जाते हैं।

चार्ली की हत्या पर ट्रम्प ने सोशल मीडिया 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा सच्चे महान अमेरिकी देशभक्त चार्ली कर्क के सम्मान में मैं पूरे अमेरिका में सभी झंडों को रविवार शाम 6 बजे तक आधा झुकाने का आदेश दे रहा हूं। पालिटिकल एक्टिविस्ट चार्ली टर्निंग पाइंट यूएसए (टीपीयूएसए) नाम से एक संस्था चलाते थे, इसमें वह स्कूलों-कालेजों में जाकर छात्रों को राजनीति के बारे में बताते थे। चार्ली ट्रम्प के कट्टर समर्थक माने जाते थे। अभी तक यह साफ नहीं हुआ है कि हमलावर कौन था और उसने ऐसा क्यों किया।

### डोनाल्ड ट्रम्प ने एक अन्य नोट लिखा

महान चार्ली कर्क अब इस दुनिया में नहीं रहे। अमेरिका के युवाओं को उनसे बेहतर कोई समझ नहीं पाया और न ही उनके दिल तक कोई पहुंच पाया। सब लोग उन्हें बहुत प्यार और सम्मान करते थे, खासकर मैं। मेलानिया और मैं उनकी पत्नी एरिका और पूरे परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट करते हैं। चार्ली, हम आपसे प्यार करते हैं! प्रोग्राम के दौरान की फोटो। इसमें चार्ली कर्क लोगों को संबोधित कर रहे हैं। हादसे के समय मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने न्यूज वेबसाइट गार्जियन को बताया कि चार्ली को गोली तब मारी गई जब वे सामूहिक गोलीबारी (मास शूटिंग) के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### इंडोनेशिया में बाढ़ से 19 लोगों की मौत, 10 लापता

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के बाली द्वीप और पूर्वी नुसा तेंगारा प्रांत में कई दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण बाढ़ आने से कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य लापता हो गए। राष्ट्रीय खोज एवं बचाव एजेंसी के बाली कार्यालय के प्रवक्ता गुस्ती अयु केतुत विजयंती ने गुरुवार को एक समाचार एजेंसी को बताया कि द्वीप पर अचानक आई बाढ़ में 13 लोगों की मौत हो गई और छह लोग लापता हो गए। कई इलाकों में बाढ़ और 18 स्थानों पर भूस्खलन की भी खबरें हैं।

### गैस टैंकर ट्रक में विस्फोट से 57 लोग घायल

**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको की राजधानी मेक्सिको सिटी में एक गैस टैंकर ट्रक में विस्फोट होने से 57 लोग घायल हो गए, जिनमें से 19 की हालत गंभीर है। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। क्लारा ब्रुगाडा मोलिना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि यह दुर्घटना ज़ारागोज़ा रोड पर कॉनकॉर्डिया पुल के नीचे हुई। उन्होंने बताया कि यह घटना स्थानीय समयानुसार अपराह्न लगभग 2:20 बजे घटित हुई। हादसे के समय 49500 लीटर क्षमता वाला ट्रक पलट गया।

### कतर में इजरायली हमले में लापता लोगों की तलाश जारी

**दोहा।** कतर की राजधानी दोहा में वरिष्ठ हमास नेताओं को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमले में मारे गए पांच लोगों में से तीन के शवों की पहचान कर ली गई है जबकि दो की पहचान करना अभी शेष है। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी ने सीएनएन के साथ एक साक्षात्कार में ये जानकारी दी। उन्होंने हमास के मुख्य वार्ताकार खलील अल-हय्या के बारे में कुछ नहीं बताया। उन्होंने कहा कि इज़रायल की कार्रवाई 'राजकीय आतंक' के समान है और उन्हें उम्मीद है कि कतर के क्षेत्रीय साझेदार 'सामूहिक प्रतिक्रिया' पर सहमत होंगे।

## कतर ने की हमास नेताओं पर इजरायली हमले की निंदा

**कहा: नेतन्याहू ने बंधकों की रिहाई की उम्मीद खत्म कर दी**

**दोहा।** कतर ने हमास नेताओं को निशाना बनाकर दोहा में किए गए इजरायली हमले की निंदा की है। कतर के प्रधानमंत्री ने कहा कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमला करके गाजा पट्टी में बंधक बनाए गए लोगों को रिहा करने की उम्मीद को खत्म कर दिया।

संयुक्त राष्ट्र में पेश होने से पहले प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी और खाड़ी देशों ने इजरायली हमलों को क्रूर कृत्य बताया। शेख मोहम्मद ने कहा कि हमले वाली सुबह मैं एक बंधक के परिवार से मिल रहा था। वे युद्धविराम मध्यस्थता पर भरोसा कर रहे हैं। उन्हें इससे ज्यादा कोई उम्मीद नहीं है। मुझे लगता है कि नेतन्याहू ने जो किया, उससे उन बंधकों की सारी उम्मीदें खत्म हो गईं। कतर और मिस्र गाजा में युद्ध विराम के प्रयासों में मध्यस्थता कर रहे हैं। कतर ने वर्षों से दोहा में हमास के राजनीतिक नेतृत्व की मेजबानी की है। ताकि हमास और इजरायल के बीच बातचीत आगे बढ़ाई जा सके। कतर के प्रधानमंत्री के बयान से पहले इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमलों का बचाव किया और कतर के खिलाफ आगे की कार्रवाई की धमकी दी। नेतन्याहू ने कहा कि मैं कतर और उन सभी देशों से कहता हूं जो आतंकवादियों को पनाह देते हैं या तो उन्हें खदेड़ दें या फिर उन्हें न्याय के कटघरे में लाएं। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे, तो हम करेंगे।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC..
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108